mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

RNI : JHAHIN/2014/54374

बोकारो, सोमवार
29.4.2024
पृष्ठः 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 86

www.rashtriyamukhyadhara.com

अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# बादशाहों, सुल्तान के अत्याचारों पर शहजादे के मुंह पर ताला लग जाता : पीएम मोदी

## देश की तरक्की कांग्रेस को अच्छी नहीं लगाती

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। रविवार को कर्नाटक में पीएम मोदी की चार चुनावी रैलियां है। सबसे पहले बेलगावी में उन्होंने रैली को संबोधित कर कहा कि 'कर्नाटक के सभी वोटर का अभिनंदन कर्नाटक में जहां-जहां गया सिर्फ एक स्वर सुनाई देता है फिर एकबार मोदी सरकार। उन्होंने कहा ईवीएम के बहाने कांग्रेस ने भारतीय लोकतंत्र को बदनाम करने की कोशिश की। 10 साल में भारत और शक्तिशाली हुआ भारत की पहचान लोकतंत्र के मां के रूप में होने लगी है। 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। भारत जब आगे बढ़ता हैं, तब हर भारतवासी को गर्व होता है। कांग्रेस देशहित से इतनी दूर हो गई है, परिवार हित में इतना खो चुकी है कि देश की तरक्की अच्छी नहीं लगती। भारत की हर सफलता पर कांग्रेस को शर्म आने लगी है। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे पाप को आगे बढ़ा रहे हैं, उनका राजपूतों पर जो बयान दिया आप सभी ने सुना होगा। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवराज, चिन्नमा महारानी जैसे महान लोगों का अपमान किया, जिनकी देशभक्ति आज भी हम सभी को प्रेरित करती है। यह सोच समझकर तुष्टीकरण की राजनीति के लिए दिया गया बयान है। राजा महाराज को बुरा कह दिया लेकिन बादशाहों, सुल्तान के अत्याचारों पर शहजादे के मुंह पर ताला लग जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन्होनें हमारे मंदिरों को तोड़ा अपमान किया वे उस औरंगेजब के गुणगान करने वालों के साथ हाथ मिलाते हैं। गौ हत्या, लूटपाट करने वाले नवाब शहजादे को वे याद नहीं आए जिन्होने भारत के विभाजन में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बद से बदतर हो रही है। यहां बेलगावी में एक बहन के साथ जो हुआ और जैन मुनि के साथ जो हुआ शर्मसार करने वाला है। हुगली में हमारी एक बेटी के साथ जो हुआ उस घटना ने पूरे देश में भूचाल ला दिया। बैंगलुरू के कैफे में बम धमका हुआ, तब उस भी गंभीरता से नहीं लिया गया।

## बीजेपी ने दिल्ली में लगाए पोस्टर लिखा- दिल्ली की राबड़ी देवी सुनीता केजरीवाल

**नई दिल्ली**। सतारुढ़ बीजेपी और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच दिल्ली में होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले पोस्टर वॉर शुरु हो गया है। इसी क्रम में दिल्ली बीजेपी ने दिल्ली सीएक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से आप का नया चेहरा बनकर उभरीं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल पर पोस्टर के जरिए हमला बोला है। सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को पूर्वी दिल्ली में आप उम्मीदवार कुलदीप कुमार के समर्थन में रोड शो किया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, सुनीता केजरीवाल जब रोड शो कर रही थीं तब बीजेपी ने पूर्वी दिल्ली में उनका एक पोस्टर चस्पा कर दिया, जिस पर लिखा था, दिल्ली की राबड़ी देवी श्रीमती सुनीता केजरीवाल। इसके अलावा दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सिविल लाइंस स्थित केजरीवाल के आवास के पास एक फ्लैक्स लगाया है । बोर्ड पर लिखा है, शीश महल




- भ्रष्टाचार का अड्डा, मुख्यमंत्री निवास (शीश महल - भ्रष्टाचार का केंद्र, मुख्यमंत्री का निवास) और फ्लैक्स में एक तीर बना है जो अरविंद केजरीवाल के घर की और इशारा करता दिखाया है। बता दें कि, बीजेपी अरविंद केजरीवाल के घर को शीश महल कहती है और पार्टी का आरोप है कि इसके सौंदर्यीकरण पर करीब 45 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। अरविंद केजरीवाल के घर के पास लगे फ्लैक्स बोर्ड के बारे में सचदेवा ने कहा कि हमने वह रास्ता दिखाया है जहां से दिल्ली को लूटने की योजना बनाई गई थी। केजरीवाल के पद न छोड़ने के पीछे यही कारण है।

# रेलवे में हाफ टिकट पर नहीं मिलेगा बीमा का लाभ

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली




रेल यात्रा के दौरान बच्चे का हाफ टिकट लेने पर उसे वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। लेकिन पूरा किराया देकर सीट बुक कराने पर ही बीमा का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा आईआरसीटीसी ने एक अप्रैल से रेल यात्री वैकल्पिक बीमा का प्रति यात्री प्रीमियम बढ़ाकर 45 पैसे कर दिया है। पहले यह 35 पैसे था। मालूम हो कि रेल यात्री की मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये, आंशिक विकलांग होने पर 7.5 लाख और अस्पताल में घायलों का इलाज कराने पर दो लाख रुपये आश्रित को दिए जाते हैं। इसके अलावा, 10 हजार रुपये सड़क परिहवन के लिए भुगतान किया जाता है। आईआरसीटीसी के अनुसार, रेल यात्री वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ सिर्फ ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को मिलेगा। यानी रेलवे के टिकट काउंटर, निजी रेल बुकिंग काउंटर अथवा दलाल से खरीदे गए टिकट पर बीमा योजना लागू नहीं होगी। ट्रेन की सभी श्रेणियों एसी-1,2,3, स्लीपर, बर्थ आदि के कन्फर्म, आरएसी टिकट पर यह सुविधा लागू होगी। प्रतीक्षा सूची के रेल यात्री बीमा योजना के पात्र नहीं होंगे। ऑनलाइन टिकट बुक कराते समय रेल यात्री को बीमा योजना के विकल्प को चुनना होता है। इसके बाद बीमा कंपनी की ओर से रेल यात्री के मोबाइल और ई-मेल आईडी पर मैसेज आता है। किसी कारण से ट्रेन बदले हुए रेलमार्ग पर चलाई जाती है तब भी यात्री को बीमा कवर मिलेगा। वैकल्पिक ट्रेन बुकिंग में भी यात्री को बीमा लाभ मिलेगा। अपरिहार्य कारणों से रेलवे सड़क मार्ग से यात्रियों को गतंव्य तक पहुंचाती है तो, ऐसी स्थिति में भी यात्री बीमा लाभ के पात्र होंगे। बीमा कवर का उत्तराधिकारी नहीं होने पर दावा करने पर अदालत से बीमा का दावा दिया जाएगा। रेलवे की संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट के अनुसार 2018-19 में 34.40 करोड़ रेल यात्रियों ने बीमा कराया और बीमा कंपनियों को इसका प्रीमियम मद में 8.53 करोड़ रुपये मिला। वर्ष 2019-20 में 27.30 करोड़ यात्रियों ने बीमा के एवज में 13.38 करोड़ रुपये बीमा प्रीमियम का भुगतान किया। जबकि बीमा कंपनियों ने 2018-19 में दावा भुगतान 6.12 करोड़ और 2019-20 में 3.73 करोड़ रुपये किया। रेल यात्री वैकल्पिक बीमा योजना की शुरुआत सितंबर 2016 में की गई थी। तब प्रति यात्री बीमा का प्रीमियम 0.92 पैसा था, जो सरकार खुद देती थी। अगस्त 2018 में प्रीमियम घटाकर 0.42 पैसा प्रति यात्री कर दिया गया था और इसका बोझ यात्रियों पर डाल दिया गया।

खा़स ख़बर

## मैं तुरंत रिहाई का हकदारः केजरीवाल

**नई दिल्ली**। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने कथित आबकारी



नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉड्रिंग के एक मामले में बेहद मनमाने तरीके से काम किया। अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में ईडी के हलफनामे के जवाब में केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उन्होंने हमेशा जांच में सहयोग किया है। आम आदमी पार्टी के नेता ने कहा कि ईडी ने शीर्ष अदालत में दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी की एक वजह यह थी कि वह 9 बार तलब किए जाने के बावजूद जांच अधिकारी के सामने उपस्थित नहीं हुए थे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ईडी ने अपने जवाब में कहा है कि ऐसे मामले में जांच अधिकारी का यह राय बनाना उचित था कि हिरासत में पूछताछ से आरोपी से ठोस पूछताछ हो पाएगी। केजरीवाल ने कहा, 'जवाब के आशय, पाठ और सामग्री से कोई संदेह नहीं रह जाता है कि ईडी ने कानून की उचित प्रक्रिया का सरासर अपमान करते हुए बहुत ही मनमाने तरीके से काम किया है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलेगा कि महत्वपूर्ण विवरण और जानकारी मांगने के दौरान उन्हें जारी किए गए प्रत्येक समन का विधिवत जवाब दिया गया था, जिसे किसी भी परिस्थिति में ईडी द्वारा गोपनीय होने का दावा नहीं किया जा सकता है।केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी के जवाब में उसके रुख को समग्र रूप से देखने से उसकी कार्रवाई में साफ झूठ उजागर हो जाएगा।

## गुजरात में 86 किलो ड्रग्स बरामद, 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार



**पोरबंदर**। गुजरात के पोरबंदर के निकट अरब सागर से आई ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की है। सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार की रात अरब सागर में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तान नाव को पकड़ा है। नाव से 86 किलो ड्रग्स बरामद हुआ। सुरक्षाकर्मियों ने नाव पर 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है। इन पाकिस्तानियों को पोरबंदर लाकर पूछताछ की जा रही है। इंडियन कोस्टगार्ड, गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक इनपुट के आधार पर पोरबंदर के निकट अरब सागर में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास संयुक्त ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध एक पाकिस्तानी नाव का पकड़ लिया। इस नाव की तलाशी लेने पर 86 किलो ड्रग्स मिला। सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तानी नाव पर सवार 14 पाकिस्तानी क्रू मेंबर को पकड़ लिया। इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए भारतीय कोस्टगार्ड ने जहाजों और एयरक्राफ्ट तैनात किए थे। इनमें आईसीजी जहाज राजरतन थी शामिल था। जिसमें एनसीबी और एटीएस के अधिकारी थे, जिन्होंने संदिग्ध नाव की पहचान की।

## हमास को इजराइल ने भेजा प्रस्ताव और गाजा पर दांगी मिसाइलें

राष्ट्रीय मुख्यधारा। तेल अवीव

- इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर बातचीत जारी



गाजा पट्टी में हमास और इजरायल के बीच काफी दिनों युद्ध चल रहा है। इस युद्ध में अभी तक न हमास ने घुटने टेक रहा हैं और न ही इजरायल हमले करना बंद कर हैं। हालांकि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर बातचीत जारी है। हमास ने इजरायली बंधकों के नए वीडियो जारी कर इजरायल को फिर भड़का दिया है। इजरायल ने हमास को युद्धविराम का ऑफर देते हुए कहा है कि यह आखिरी मौका है और इजरायल ने हमास को प्रस्ताव भेजा, उधर, मध्य और दक्षिणी गाजा में ताबड़तोड़ हमले भी किए हैं। इजरायली बमबारी में 22 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज्यादातर मासूम बच्चे हैं। पूरी दुनिया में इजराइल की इस बमबारी को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इजरायल के प्रस्ताव पर फिलिस्तीनी चरमपंथी समूह हमास का कहना है कि उसे गाजा में संभावित युद्धविराम के बारे में अपने नए प्रस्ताव पर इजरायल की आधिकारिक प्रतिक्रिया मिल गई है और जवाब देने से पहले वह दस्तावेज का अध्ययन करेगा। गाजा के उप प्रमुख खलील अल-हया ने एक बयान में कहा है कि हमास को 13 अप्रैल को मिस्र और कतरी मध्यस्थों को प्रस्तुत प्रस्ताव पर जायोनी कब्जे की आधिकारिक प्रतिक्रिया मिली है।

# सीडीएस के दौरे से भारत-फ्रांस के लंबे समय से चले आ रहे संबंध और मजबूत हुए

- सीडीएस ने फ्रांसीसी रक्षा उद्योग के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी बातचीत की
- प्रथम विश्व युद्ध में पश्चिमी मोर्चे पर शहीद भारतीय जवानों को दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान चार दिवसीय फ्रांस का दौरा करके भारत लौट आये हैं। उनके इस दौरे ने भारत और फ्रांस के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि की है। साथ ही दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत किया है। जनरल अनिल चौहान ने फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान तथा लैंड फोर्सज कमांड का दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने इकोल मिलिटेयर (मिलिट्री स्कूल) में सेना और संयुक्त स्टाफ कोर्स के सैन्य छात्र अधिकारियों को संबोधित किया। सीडीएस जनरल चौहान ने पेरिस में फ्रांसीसी नौसेना समूह मुख्यालय का दौरा किया, जहां शीर्ष अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और स्कॉर्पीन मॉडल प्रस्तुत किया। सीडीएस की फ्रांसीसी सैन्य कैबिनेट के निदेशक पैट्रिक पैलौक्स, सैन्य कैबिनेट के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल विंसेंट जिराउड और उनके समकक्ष जनरल थिएरी बर्कहार्ड के साथ बातचीत ने सामान्य हितों और पारस्परिक सुरक्षा चिंताओं के क्षेत्रों पर विचारों के आदान-प्रदान को सक्षम बनाया। सीडीएस ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर लड़ने वाले भारतीय अभियान बल के सैनिकों की असाधारण बहादुरी के लिए न्यूवे-चैपल और विलर्स-गुइस्लैन के युद्ध स्मारकों पर श्रद्धांजलि अर्पित की। ये स्मारक लंबे समय से चले आ रहे भारत-फ्रांस संबंधों के प्रमाण हैं। यात्रा के दौरान सीडीएस ने सैन्य उपकरणों और उच्च प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए फ्रांस के आयुध महानिदेशालय के जनरल प्रतिनिधि इमैनुएल चिवा से मुलाकात की।

## लवली का इस्तीफा स्वीकार, जल्द मिलेगा प्रदेश कांग्रेस को नया अध्यक्ष

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी नेता अरविंद सिंह लवली के दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ने मीडिया से बातचीत में इसकी जानकारी दी है। अरविंद सिंह लवली ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन और पार्टी के दो उम्मीदवारों के चयन को लेकर सवाल उठाए थे। इसके बाद से ही भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पर हमलावर है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने लवली के इस्तीफे पर कहा कि इस्तीफ़ा इस बात को साबित करता है कि सत्ता के लालच में कांग्रेस का स्तर इतना नीचे गिर गया है कि उनके अपने पार्टी वर्कर आम आदमी पार्टी के साथ गठजोड़ को लेकर नाराज़ हैं। इस गठजोड़ के बावजूद कांग्रेस दिल्ली की सारी सीटों पर हार रही है। जिस जहाज़ के कैप्टन राहुल गांधी है उस जहाज़ की सवारी कोई नहीं करना चाहता। इस्तीफा के बाद से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित भी शामिल हैं अरविंद सिंह लवली के घर पहुंचे। घर के बाहर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। इस्तीफा देने के बाद पत्रकारों से बातचीत में लवली ने कहा कि अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि वह किसी अन्य पार्टी में नहीं जा रहे हैं। सिद्धांतों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पीड़ा का जिक्र करते हुए उन्होने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। वे मिलने आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देना चाहता हैं।

## महादेव बेटिंग ऐप मामले में अभिनेता साहिल खान गिरफ्तार

**मुंबई**। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले कई दिग्गजों की नींद उड़ा रखी है। इस मामले में लोगों से पूछताछ हो रही है संतोषजनक जवाब नहीं देने वाले गिरफ्तारी भी हो रही है। अभिनेता साहिल खान से भी पहले पूछताछ हुई इसके बिवाद उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें इस मामले में कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए मुंबई पुलिस ने एप के प्रमोटर समेत 32 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जुए की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इन लोगों में अभिनेता साहिल खान का भी नाम है। मुंबई पुलिस ने एसआईटी ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। कुछ दिनों पहले एसआईटी ने उनसे पूछताछ की थी। इससे पहले एक्टर ने जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई। अभिनेता लोटस बुक 24/7 नामक एक सट्टेबाजी एप वेबसाइट में भागीदार हैं। यह महादेव सट्टेबाजी ऐप नेटवर्क का हिस्सा है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 420, 465, 467, 468, 471, 120 (बी) के तहत दर्ज एफआईआर में अभिनेता साहिल खान और डाबर कंपनी के गौरव बर्मन और मोहित बर्मन और अन्य के नाम शामिल किए हैं। बता दें कि इस सट्टेबाजी एप के जरिए लोगों को 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई है।

## केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ से दाखिल करेंगे नामाकंन पत्र

राष्ट्रीय मुख्यधारा। लखनऊ



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान खत्म हो चुका है और सभी राजनीतिक दल अब तीसरे चरण के लिए अपने उम्मीदवारों के समर्थन में रैली और चुनाव प्रचार करने में जुटे हैं। इसी बीच केंद्रीय रक्षा में राजनाथ सिंह तीसरी बार लखनऊ से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। वह सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। राजनाथ के साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर भी मोहनलालगंज लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। 26 अप्रैल से नामांकन पत्र दाखिल करने का दौर शुरु हो चुका है और अब तक लोकसभा के लिए किसी भी दल के उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिग्गजों के नामांकन पत्र दाखिल करने को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश दिए है। डीएम ने निर्देश दिया कि वेटिंग रूम भी बनाए जाए ताकि नामांकन दाखिल करने आए उम्मीदवारों और उनके प्रस्तावकों को बैठाया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया गया।

## हिंदू लड़कियों के जबरन मतांतरण का विरोध शुरू

राष्ट्रीय मुख्यधारा। कराची



दो वर्ष पहले मोहर्रम जुलूस के दौरान प्रिया लापता हो गई और उसका अभी तक पता नहीं चला है।सोहैल ने सिंध हिंदू लड़कियों के जबरन मतांरण और मुस्लिम पुरुषों के साथ शादी कराने की खतरनाक परिपाटी को उजागर किया। अकसर देश में कट्टरपंथी लोगों के प्रभाव में यह काम किया जाता है। सोहैल ने ऐसे कृत्य के आरोपित लोगों का पक्ष लेने के लिए न्यायपालिका की आलोचना की और प्रिया कुमारी जैसी पीड़िता के लिए न्याय की मांग की। इस तरह की घटनाओं को लेकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों के अपहरण और जबरन मतांतरण का पुरजोर विरोध हो रहा है। सिंध प्रांत को अलग देश बनाने की मांग करने वाले संगठन जय सिंध फ्रीडम मूवमेंट (जेएसएफएम) के चेयरमैन सोहैल अब्रो ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से दो वर्ष से लापता हिंदू लड़की सात वर्षीया प्रिया कुमारी की सुरक्षित रिहाई के लिए हस्तक्षेप की मांग की है। इंटरनेट मीडिया पर अपने संदेश में सोहैल ने कहा, सिंधी हिंदू लड़कियों का जबरन मतांतरण और मुस्लिम व्यक्तियों से शादी कराई जाती है। आरोपित स्वतंत्र घूम रहे हैं। यहां तक कि जब लड़की अपने परिवार में लौटने की इच्छा व्यक्त करती है तो अदालतें ऐसा करने से इन्कार कर देती हैं, क्योंकि अदालतें उन लोगों के पक्ष में खड़ी रहती हैं।विश्व सिंधी कांग्रेस ने हिंदुओं की दुर्दशा उजागर कीविश्व सिंधी कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र आयोग की ओर से 23 अप्रैल को आयोजित कान्फ्रेंस में पाकिस्तान में सिंधी हिंदुओं की दुर्दशा का मुद्दा उठाया। सिंधी कांग्रेस ने प्रभावशाली जमींदार द्वारा प्रिया जैसी लड़कियों के अपहरण समेत उनकी दुर्दशा का उल्लेख किया। पिछले दो वर्ष में सौ से ज्यादा सिंधी हिंदू लड़कियों का जबरन मतांतरण और विवाह कराया गया है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में जज का अपहरण पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद लोगों ने शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अपहरण कर लिया। पुलिस ने बताया कि शकीरुल्लाह मारवात का अफगानिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के पास अपहरण किया गया। डेरा इस्माइल खान के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मोहम्मद अदनान ने कहा कि घटना बग्वाल नामक गांव में हुई। जज का अपहरण तब किया गया जब वह ड्यूटी से लौट रहे थे। जज के ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। मौके से गाड़ी भी बरामद कर ली गई। जज के अपहरण की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।



संक्षिप्त समाचार

## राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के लिए छह टीमें पहुंचीं रांची



**रांची।** मोरहाबादी का मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम एक बार फिर गुलजार होने वाला है। यहां 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग होगी, जो नौ मई तक चलेगी। इस लीग में देशभर के आठ राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। मैच खेलने के लिए ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मिजोरम और मणिपुर की टीमें रविवार को रांची पहुंची हैं। बहुप्रतीक्षित देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग प्रतियोगिता के प्रथम चरण के मैच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में नौ मई तक आयोजित होने हैं। इस राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के आयोजन में अंडर-21 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को उचित मंच देना है। साथ ही देश के लिए अगली पंक्ति को तैयार करना है। प्रत्येक दिन चार मैच खेले जायेंगे। पहला मैच सुबह सात बजे से जबकि दूसरा मैच शाम चार बजे से, तीसरा मैच शाम छह बजे से और चौथा मैच रात आठ बजे से खेले जायेंगे। 30 अप्रैल, एक मई, चार मई, पांच मई, सात मई और नौ मई को मैच खेले जायेंगे। तीन मई, छह मई और आठ मई को विश्राम दिवस होगा। मैचों का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जायेगा। लीग का उद्घाटन 30 अप्रैल को होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान, विशिष्ट अतिथि राज्य के खेल सचिव और खेल निदेशक होंगे। लीग में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क होगा। मैच में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीमें शामिल होंगी।

## कल्पना सोरेन गांडेय विस सीट से 29 को करेंगी नामांकन, सास-ससुर का लिया आशीर्वाद



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इससे पूर्व उन्होंने रविवार को झामुमो पार्टी प्रमुख और सांसद और ससुर शिबू सोरेन तथा सास रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए कल्पना ने लिखा कि आंदोलन, संघर्ष और शहादत से बने विशाल वृक्ष का नाम है झामुमो। झारखंडवासियों के हक-अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले संघर्ष का नाम है झामुमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने उन्हें गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ने का निर्देश दिया है। उपचुनाव के लिए झामुमो के तीर-कमान की शक्ति के साथ कल (सोमवार) नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व आज बाबा, मां और दीदी का आशीर्वाद लिया। कल्पना ने लिखा है कि वे झामुमो की सिपाही के रूप में झारखंड और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता के हक-अधिकार के लिए जीवनपर्यंत कार्य करेंगी। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद के साथ आने वाले वक्त में गांडेय की तस्वीर बदली जाएगी। उल्लेखनीय है कि गांडेय सीट से झामुमो के सरफराज अहमद विधायक थे। ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी के दौरान सरफराज ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद पिछले दिनों वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गए।

## रांची में आरोपित गिरफ्तार, लूट की बाइक बरामद



**रांची।** खलारी थाना पुलिस ने एक आरोपित फैसल अंसारी उर्फ राइडर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लूट का टीवीएस राइडर बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को बताया कि अपराधियों ने खलारी के भेलवाटांड गांव के तीन मुहान मेन रोड के पास रमेश गझू और भरत कुमार की टीवीएस राइडर बाइक को लूट लिया था। इस संबंध में खलारी थाने में 21 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। मामले को लेकर थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम ने लूटी गई बाइक को बरियातु के एदलहातु मां मृत्युंजय मंदिर के नीचे से बरामद किया। साथ ही फैसल अंसारी उर्फ राइडर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित साथियों के साथ मिलकर अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

## मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव 29 अप्रैल को चतरा में करेंगे जनसभा



**रांची।** भाजपा के स्टार प्रचारक एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। वह चतरा लोकसभा क्षेत्र के हंटरगंज में तीन बजे अपराह्न भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी रविवार को लोकसभा क्षेत्र प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू ने दी। रांची पहुंचकर यादव हेलीकॉप्टर से तीन बजे अपराह्न चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत हंटर गंज के खूंटी केवाल मैदान में एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव देर शाम विमान से रांची से प्रस्थान करेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी झारखंड के चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। राज्य में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू चुनाव होने हैं। एनडीए और इंडी गठबंधनों ने सभी 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। साथ ही दोनों गठबंधन ने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी तीन मई को कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। चार मई को सुबह 9:30 बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डे में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन दोपहर 12:30 से लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# उदारीकरण में कई राज्यों ने बदली तकदीर लेकिन बदल न सका बिहार : हरिवंश

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**




राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि बिहार की बीमारी की शुरुआत आजादी के बाद से शुरू हो चुकी थी। 70-80 के दशक में वहां जाति के आधार पर सांसद, विधायक और सरकारें बनने लगीं। 80 के दशक में देश-दुनिया के अर्थशास्त्रियों ने बिहार को बीमारू राज्य कहना शुरू कर दिया। वर्ष 1957 में बेगूसराय से बूथ कैप्चरिंग की शुरूआत हो गई। हरिवंश रांची के ऑड्रे हाउस में रविवार को भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा की लिखी किताब ब्रोकन प्रॉमिसेस का विमोचन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। हरिवंश ने कहा कि उदारीकरण के बाद देश के कई राज्यों ने तकदीर बदली लेकिन बिहार न बदल सका। अब धीरे-धीरे हालात बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में विजनलेस लोगों को लाने पर यही हाल होगा। इसलिए जनता उन्हें ही चुने जिसके पास विजन हो। साथ ही कहा कि वर्ष 1990 से 2005 तक बिहार के पतन का दौर था। यह वो दौर था जब बिहार में राजनीतिक पतन, जातिवाद, हिंसा, नरसंहार चरम पर था। उस वक्त रात छोड़िये दिन के उजाले में भी कोई घर में महफूज नहीं था लेकिन किसी भी मुद्दे पर नैरेटिव तय करने वाली अंग्रेजी मीडिया ने बिहार के हालात को, बिहार के लोगों की पीड़ा को अंग्रेजी में बयां नहीं किया। हरिवंश ने किताब में बिहार के हालात को अंग्रेजी में बयां करने के लिए मृत्युंजय को बधाई दी। साथ ही कहा कि 90 के दशक के नरसंहारों को उन्होंने देखा है। उस वक्त दिन के उजाले में गांवों के घर बंद होते थे। औरतों की पीड़ा आप बयां नहीं कर सकते। हालत इतनी बुरी हो चुकी थी कि लोग घर छोड़कर पलायन कर रहे थे।

**बिहार में 90 के दशक में बिगड़ी कानून-व्यवस्था के कारण हजारों लोगों ने किया पलायन : बाबूलाल**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड से बिहार अलग होने के पीछे राजनीतिक कारण है। संयुक्त बिहार में झारखंड खनिज और उद्योगों से भरा हुआ था लेकिन राजनीति में दक्षिण बिहार (झारखंड) के लोगों का प्रतिनिधित्व कम था। बिहार की राजनीति उत्तर बिहार में ही घूमती रहती थी। दक्षिण बिहार की खनिजों का दोहन होता था लेकिन विकास नहीं हो रहा था। ऐसे में अलग झारखंड राज्य की मांग तेज हुई। आंदोलन शुरू हुए और अलग राज्य बना। बाबूलाल ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए जरूरी है कि वहां कानून-व्यवस्था मजबूत हो। अमन-चैन होगा तभी निवेश होगा और प्रदेश संपन्न होगा लेकिन बिहार में 90 के दशक में बिगड़ी कानून-व्यवस्था के कारण संपन्न लोग अपना घर-बार छोड़कर पलायन कर गये।

**बिहार के लोग धीरे-धीरे हो रहे जागरूक : अशोक भगत**

पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि वे भी जेपी मूवमेंट के सिपाही रहे हैं। 90 के दशक में बिहार के हालात के गवाह रहे हैं। ब्रोकन प्रॉमिसेस को उन्होंने बिहार के शोषण और पीड़ा की डायरी बताया। उन्होंने कहा कि बिहार राजनीति, अपराध, वामपंथ समेत कई चीजों के प्रयोग की धरती रही है। उस दौर में जनता जागरूक नहीं हुआ करती थी। उन्हें राजनीति, राजनेताओं और देश-दुनिया से सरोकार नहीं रहता था। अब धीरे-धीरे परिवर्तन आया है। लोग जागरूक हो रहे हैं। अब तो स्थिति ये है कि किशोर और युवा पांच-पांच हजार रुपये में बूथ मैनेज करने के लिए तैयार हैं। ब्रोकन प्रॉमिसेस के लेखक मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि 90 के दशक में कश्मीर की हालत को लेकर उन्होंने कई किताबें पढ़ीं लेकिन बिहार के हालात पर एक भी किताब उन्हें नहीं मिली, तब जाकर उन्होंने यह किताब लिखी।

# राज सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रहा इंडी गठबंधन : आदित्य साहू

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**



भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार स्वार्थ के लिए कानून को ठेंगा दिखाकर हर काम कर रही है। साहू मीडिया सेंटर में रविवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। साहू ने कहा कि इंडी गठबंधन राज सत्ता एवं प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। सरकार की मंशा और नियत साफ नहीं है। इंडी गठबंधन की सरकार ने चुनाव में हेराफेरी के लिए बड़े पैमाने पर पैसे जमा कर रखे हैं। अलग से हेलिपैड बनाकर इसी से पैसा ले जाया और लाया जा रहा है। चुनाव में बड़े पैमाने पर अवैध आर्थिक हेराफेरी की आशंका है। उन्होंने कहा कि खेलगांव राज्य सरकार की संपत्ति है। चुनाव कार्य के लिए इसका कैसे इस्तेमाल किया जा रहा है, यह स्पष्ट करना चाहिए। किस आधार पर यहां से हेलीकॉप्टर के टेक ऑफ और लैंड करने की अनुमति मिली, इसकी जानकारी देनी चाहिए। साहू ने कहा कि झामुमो को यह बताना चाहिए तो उसने कब एयरपोर्ट अथॉरिटी को हेलीकॉप्टर लैंड करने और टेक ऑफ करने के लिए जगह मांगी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जगह देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हर पार्टी समय प्रबंधन को लेकर हेलीकॉप्टर से चुनाव प्रचार करती है। हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट से टेक ऑफ करता है और लैंड भी होता है। आज तक अलग हेलिपैड कभी नहीं बनाया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कानून को दरकिनार कर रांची के खेलगांव में अलग से हेलिपैड बना लिया है। वहीं से पार्टी के पदधारी हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ और लैंड करते हैं। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ करने के दौरान सुरक्षा से गुजरना होता है। पूरी तरह चेकिंग की जाती है लेकिन जेएमएम ने अलग से जो हेलिपैड बनाया है, उसमें अपने चहेते पदाधिकारियों की पोस्टिंग कर दी गई है। वे चेकिंग के दौरान सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं। हेलीकॉप्टर से क्या ले जाया जा रहा है और क्या लाया जा रहा है, इसपर संदेह है। साहू ने कहा कि रांची के डीसी और एसडीओ की मिलीभगत से यह धांधली की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास से एयरपोर्ट की दूरी मात्र पांच किलोमीटर है। खेलगांव से दूरी आठ से 10 किलोमीटर है। इसके बाद भी खेलगांव में अलग से हेलिपैड बनाना संदेह के घेरे में है। साथ ही कहा कि अधिकारियों को यह बात जान लेनी चाहिए कि सरकार आती-जाती है। किसी एक पक्ष में काम नहीं करें। गलत काम का अंजाम हमेशा बुरा होता है। भाजपा के विधि प्रकोष्ठ ने इस पर आपत्ति जताई है। चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी इस मामले में भारत निर्वाचन आयोग से भी शिकायत करेगी।

# बौद्धिक संपदा को समझें और संरक्षित करें : विमल किशोर



**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**

झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस पर रविवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर विमल किशोर ने बौद्धिक संपदा के महत्व पर प्रकाश डाला। किशोर ने कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का उद्देश्य लोगों को पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे इस मूल्यवान संपदा को समझें और संरक्षित करें। वर्ष 2024 की थीम पर चर्चा करते हुए शिक्षा स्कूल के डीन, प्रोफेसर तपन कुमार बसंतिया ने कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे हम समझ सकते हैं कि बौद्धिक संपदा कैसे नवाचारिक और रचनात्मक समाधानों को प्रोत्साहित करती है और एक साझा भविष्य के निर्माण में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा विभाग के ही अन्य प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों के जीवन में बौद्धिक संपदा की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

# प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने की थी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**



ओरमांझी थाना पुलिस ने अपने ही पति की हत्या करने के मामले में पत्नी सहित तीन आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सीता देवी, प्रेमी सनोज कुमार महतो और प्रेमनाथ महतो शामिल है। हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा और टांगी सहित अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बताया कि ओरमांझी क्षेत्र के अंतर्गत 23 अप्रैल को दिन के करीब 10 बजे सपाही नदी के शमशान घाट में पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। मृतक की पहचान ओरमांझी स्थित डहु निवासी अशेश्वर महतो के रूप में की गई थी। मृतक की पत्नी सीता देवी के आवेदन पर ही पुलिस ने अशेश्वर महतो की खोजबीन शुरू की थी। एसएसपी ने बताया कि ओरमांझी थाना में एक महिला ने आवेदन दिया था कि उसका पति गायब है। इसकी सूचना पर पुलिस ने जांच -पड़ताल शुरू की। तलाशी के क्रम में उक्त महिला के पति का शव शमशान घाट के पास से बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया तो पता चला कि पत्नी ही अपने पति की हत्या में शामिल थी। उन्होंने बताया कि पत्नी ने ही हथौड़े और टांगी के वार से पति की हत्या की थी। महिला ने ही अपने प्रेमी सनोज महतो और प्रेमी के बहनोई प्रेम नाथ महतो के साथ मिलकर पति के शव को ले जाकर नदी में फेंक दिया था।

# तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू समर्थकों के साथ कांग्रेस में हुए शामिल

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**



कांग्रेस के 'आ अब लौट चलें' अभियान के तहत झारखंड प्रदेश तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू ने रविवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस की अंग पट्टी एवं माला पहनकर सन्नी सिंकू और उनके साथियों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के अभियान के तहत पिछले दिनों कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। हमारा पूरा ध्यान ऐसे लोगों पर है जो पूर्व में कांग्रेस में थे या जिनके पूर्वज कांग्रेस विचारधारा से जुड़े रहे हैं और जो वर्तमान में किसी अन्य दल में है उन्हें वापस कांग्रेस में लाने का कार्य हम कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि सिंकू युवा और उर्जावान नेता हैं और उनके अच्छे राजनीतिक भविष्य की कामना करता हूं। इनके कांग्रेस में शामिल होने से कोल्हान क्षेत्र में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार को काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है और यह चुनाव एक ऐसे समय में हो रहा है, जहां से भारत का आगामी कई दशकों का भविष्य तय होगा। देश के प्रधानमंत्री लोगों को इलेक्ट्रोरल बॉण्ड घोटाला, महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे से भटकाकर मुसलमान, मंगलसूत्र, मटन में उलझाना चाहते हैं लेकिन हमें यह तय करना है कि देश का विकास छद्म राष्ट्रवादी करेंगे या देश हित में निर्णय निर्णय लेने वाले धर्मनिरपेक्ष वादी। सन्नी सिंकू ने कहा कि कांग्रेस छोड़ना उनकी भूल थी और इसका एहसास मुझे पार्टी छोड़ने के बाद हो गया था लेकिन आज उन्होंने अपनी भूल सुधार कर ली है। उनकी पूरी निष्ठा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के प्रति है।

# राज्य से जुड़े अहम सवालों के जवाब दें प्रधानमंत्री मोदी : सुप्रियो भट्टाचार्य

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**




झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का झारखंड की धरती पर स्वागत है लेकिन यहां हिंदू-मुस्लिम और मंगलसूत्र नहीं चलेगा। राज्य के अपने अहम सवाल हैं, जिनका आदिवासी-मूलवासी ग्रामीण मोदी से जवाब चाहते हैं। सुप्रियो रविवार को कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। भट्टाचार्य ने कहा कि आदिवासी अस्मिता से जुड़े सवालों, जिसमें सरना धर्म कोड प्रमुख है पर प्रधानमंत्री मोदी क्या विचार रखते हैं इसका जवाब उन्हें देना होगा। प्रधानमंत्री को यह बताना होगा कि क्या छत्तीसगढ़ हसदेवा जंगल में अडाणी के प्रवेश के बाद पौंडाहाट, सारंडा और कोल्हान में अडाणी का प्रवेश कराने के लिए वन अधिकार कानून में संशोधन किया गया। इसमें ग्राम सभा के पावर को शिथिल क्यों किया गया। भट्टाचार्य ने कहा कि क्या कोल्हान की धरती पर भी पूंजीपतियों को आर्म्ड फोर्स के साथ उतारा जाएगा और कोल्हान क्षेत्र में अडाणी या अन्य पूंजीपतियों को घुसाकर आदिवासी-मूलवासी और ग्रामीणों को उजाड़ा जाएगा। मोदी को बताना होगा कि कोल वेयरिंग एक्ट में क्यों संशोधन किया गया। इसमें सोशल इंफेक्ट और एनवायरमेंट इंपैक्ट पार्ट को क्यों हटाया गया। क्या उनकी मंशा झारखंड के माइनिंग क्षेत्र का डेमोग्राफी को बदलने की साजिश तो नहीं है। इस एक्ट से भी ग्राम सभा को शिथिल कर दिया गया है। भट्टाचार्य ने कहा कि 10 साल पहले तक एचईसी की स्थिति अच्छी थी। दस साल में ऐसा क्या हुआ कि एचईसी बर्बाद हो गया। एचईसी मनी रत्न इंडस्ट्रीज के रूप में जाना था। यह झारखंड ही नहीं पूरे एशिया की बड़ी कंपनी हुआ करती थी। इसे लेकर केंद्र सरकार का बड़ा प्लान क्या है। इसका खुलासा मोदी को करना होगा। भट्टाचार्य ने कहा कि राहुल गांधी के बयान के जिस मामले में कांग्रेस को नोटिस हुआ है, वह आर्थिक नीति पर था लेकिन प्रधानमंत्री का बयान आपराधिक मामले का था। इसके बावजूद इलेक्शन कमीशन ने सीधे प्रधानमंत्री को नोटिस न करते हुए भाजपा अध्यक्ष को नोटिस भेजा। इलेक्शन कमीशन कितनी भी सहूलियत प्रधानमंत्री को प्रदान कर दें लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुनाव के साथ जनता की नजर में भी हार चुके हैं।

# रांची डीसी ने नामांकन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की

**राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची**



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को कार्मिक कोषांग के कार्यों का मॉक ड्रिल करते हुए नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से क्रमवार जानकारी ली और उनको दिए उत्तरदायित्व के बारे में पूछा। साथ ही कई दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। चुनाव के दौरान समाहरणालय परिसर में अनावश्यक रूप से भीड़ ना लगे। पार्किंग व्यवस्था और अन्य सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि समाहरणालय ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-312 से नामांकन पत्र, कमरा संख्या- 202 निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष रहेगा। रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या- 312 से कार्यालय अवधि (सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक) नामांकन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे। निर्वाचन के लिए समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निर्वाची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है, जहां नामांकन पत्र दाखिल होगा। नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इसके बाद कमरे के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी हटिया विधानसभा क्षेत्र राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सह निर्वाची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता रांची सह निर्वाची पदाधिकारी सिल्ली विधानसभा क्षेत्र राम नारायण सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक सुमन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह में नकली नोट के कारोबारी के घर एटीएस का छापा, नोट गिनने की चार मशीनें बरामद



**गिरिडीह।** झारखंड एटीएस की टीम ने फेक करेंसी के मामले को लेकर गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में छापेमारी की। एटीएस की टीम ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के चपुआडीह पंचायत के मुंडहरी गांव निवासी मो जफरुल अंसारी के घर रविवार अहले सुबह छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने जफरुल अंसारी के घर से नोट गिनने की चार मशीनें जब्त की। हालांकि टीम के पहुंचने के पूर्व ही जफरुल घर से भागने में सफल रहा।

बताया गया कि झारखंड एटीएस को यह सूचना मिली थी कि गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुंडहरी गांव से नकली नोट का धंधा जोर शोर से चल रहा है। इस सूचना पर एटीएस की टीम शनिवार को देर रात गिरिडीह पहुंची और गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा से बात की। एटीएस की टीम ने गिरिडीह पुलिस के सहयोग से जफरुल अंसारी के घर में रविवार को छापेमारी की। छापेमारी में जफरुल के घर से नोट गिनने की मशीन बरामद की गयी। हालांकि, छापेमारी की भनक लगते ही जफरुल घर से फरार हो गया। एटीएस और जिला पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुटी है।

छापेमारी के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इस दौरान कई अन्य संदिग्ध सामानों को भी जप्त कर टीम अपने साथ ले गई है। बताया जा रहा है कि जफरुल का संबंध पश्चिम बंगाल से भी है। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में उसके साथी है। यहीं से यह नोट डबल करने के कारोबार से जुड़ा और लोगों को झांसे देकर नोट डबल करने लगा। इधर, मुंडहरी जैसे ग्रामीण इलाके में एक साधारण परिवार के घर से नोट गिनने की चार चार मशीने बरामद होने से जहां एक ओर इलाके में चल रही अवैध गतिविधियों का पर्दाफाश हुआ है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय ग्रामीण काफी अचंभित है। इसे लेकर पूरे इलाके में चर्चा का बाजार गर्म है।

### कल्पना सोरेन आज भरेंगी नामांकन पर्चा, मुख्यमंत्री होंगे शामिल



**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव की प्रत्याशी कल्पना सोरेन सोमवार को नामांकन का पर्चा दाखिल करेगी। रविवार की शाम को कल्पना सोरेन हेलीकॉप्टर से गिरिडीह पहुंचेगी और उत्सव उपवन रिसोर्ट में ठहरेंगी। उक्त जानकारी झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह और सचिव महालाल सोरेन ने रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। इस दौरान प्रेसवार्ता में जेएमएम नेता अजीत कुमार पप्पू, अभय सिंह, टुन्ना सिंह, दिलीप मंडल समेत कई नेता मौजूद थे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया की सोमवार को नामांकन से पहले कल्पना सोरेन शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल में पूजन और दर्शन के लिए जाने वाली थी, लेकिन उनके चाचा ससुर के निधन और सनातन धर्म के छुतका लगने के कारण अब कल्पना सोरेन उत्सव उपवन से निकलकर पपराटांड स्थित समाहरणालय पहुंचेगी। जहां गांडेय उपचुनाव के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति अधिकारी गुलाम समदानी के समीप नामांकन का पर्चा दाखिल करेगी। इस दौरान सुबे के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और मंत्री बसंत सोरेन समेत कई उनके साथ मौजूद होंगे। बताया कि नामांकन के बाद पपराटांड़ में इंडी गठबंधन के द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्यमंत्री सहित चंपाई सरकार के कई मंत्री और इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं द्वारा संबोधित किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभा के माध्यम से मतदान की अपील के साथ ही मोदी सरकार की नाकामी और उनके द्वारा सांप्रदायिक माहौल खराब करने की भूमिका से जनता को अवगत करायेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया की जनसभा के माध्यम से खुद कल्पना सोरेन और सीएम द्वारा जनता को आगाह किया जाएगा की मोदी सरकार ने झारखंड में कैसे पीएम आवास योजना के फंड को रोका है। जिसके कारण राज्य के 22 लाख लाभुको को पक्का मकान तक नहीं मिला है।

### बड़कागांव में पीडीएस डीलरों की मनमानी, अभी तक खाद्यान्न वितरण नहीं हुआ पूरा




**बड़कागांव।** बड़कागांव के दर्जनों डीलरों की मनमानी और काले कारनामों के कारण अनेक गरीबों की थाली से अनाज गायब है। अप्रैल माह का अंतिम दिन आ गया है और खाद्यान वितरण मानो विशेष लोगों तक ही सीमित है। बड़कागांव खाद्य आपूर्ति विभाग को भी इसकी कोई फिक्र नहीं है।

मालूम हो कि अप्रैल माह का अनाज खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा बड़कागांव 124 में से 121 डीलरों के बीच मई माह का लगभग 679955 किलोग्राम अनाज उपलब्ध कराया गया है। जिसमें 544356 किलोग्राम चावल तथा 135599 गेंहू शामिल है। जबकि बड़कागांव 124 डीलरों में से 121 के द्वारा अप्रैल माह का खाद्यान्न 595942 किया गया है जिसमें चावल 477110 तथा गेहूं 118831 किलोग्राम अनाज वितरण किया गया। वहीं मई माह का अनाज बड़कागांव खाद्य आपूर्ति विभाग के द्वारा खाद्यान्न अप्रैल माह में दिया जा रहा है। जिसमें ज्यादातर डीलर खाद्यान्न उठा लिया है।

बता दें बड़कागांव प्रखंड में कुल 124 डीलर है जिसमें किसी कारण वश 3 डीलर के दुकान बंद है। बड़कागांव प्रखंड में कुल प्रावृता परिवार कार्डधारी तथा अत्यादोंय कार्डधारी लगभग 28858 शामिल है। 80% से कम खाद्यान्न वितरण करने वाले डीलर सिकरी के 2, बड़कागांव मिडिल 2,सिंदवारी के 2,चेपाकलां के 2, तलसवार के 2,सिरमा के 2,चेपाकलां के 2 तथा महुंगाईकलां,सांढ, हरली, चोपदार बलिया,कांडतरी, बड़कागांव पूर्वी तथा बड़कागांव पश्चिमी के एक-एक डीलर शामिल है। तथा सबसे कम अनाज वितरण सिकरी डीलर सत्येंद्र कुमार गुप्ता 33% तथा सबसे अधिक अनाज वितरण बड़कागांव मिडिल रवि कुमार के द्वारा 159% किया गया है। वहीं इस मामले को लेकर बड़कागांव सहायक गोदाम प्रबंधक भास्कर राज से पूछे जाने पर कहा कि पिछले एक सप्ताह से सर्वर बहुत खराब चल रहा तथा अप्रैल माह का खाद्यान्न वितरण लक्ष्य प्राप्ति को देखते हुए 15 मई तक खाद्यान्न वितरण का समय बढ़ाया जा सकता है। अगर इस समय में डीलर खाद्यान्न वितरण नहीं करती है तो जांचोपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। ये सभी डाटा ऑनलाइन में दर्ज डाटा के अनुसार प्रस्तुत की गई है।

### धनबाद के वेडलूक होटल में लगी आग

**धनबाद।** धनबाद जिले के बरवड्डा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय पथ पर स्थित वेडलूक ग्रीन में देर रात आग लग गई। आग लगने की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन के साथ अग्निशमन के दो वाहन मौके पर पहुंची। इस दौरान होटल में पार्टियां चल रही थी। होटल के ठीक पीछे आग लगी थी। समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता जो बड़ी घटना हो सकती थी। घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जिसके बाद पुलिस प्रशासन के साथ अग्निशमन की टीम ने राहत भरी सांस ली। आग लगने की जानकारी मिलते ही अग्निशमन की टीम पूरी तैयारी के साथ धनबाद के वेडलूक ग्रीन होटल पहुंची। आग होटल के पीछे झाड़ी में लगी थी। होटल के ठीक पीछे झाड़ी में आग लगी थी। जिस वक्त आग लगी उस वक्त कैंपस में कई कार्यक्रम चल रहे थे।

# चुनाव की तैयारियों में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें : के. रवि कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

## मतदान केन्द्रों की कमियों को अबिलंब दूरुस्त करने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

लोकसभा चुनाव 2024 एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में किसी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। चुनाव की अब तक की तैयारियों में जो भी कमी रही हो उन्हें शीघ्र दूर करना सुनिश्चित करें। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए हरेक स्तर पर सभी की सजगता आवश्यक है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वे आज गिरिडीह के समाहरणालय सभागार में गिरिडीह लोकसभा एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए अलर्ट रहते हुए समन्वय के साथ निर्वाचन की तैयारियों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप दिए जाने का निदेश दिया।






मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नगदी, अवैध शराब, नशीले पदार्थों, हथियार, विस्फोटक सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम के लिए गठित सभी टीमों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सक्रिय रहने का निदेश दिया, साथ ही विभिन्न कांडों में संलिप्त आरोपितों, वारंटियों को गिरफ्तार करने संबंधी कार्रवाइयों को सुनिश्चित करने का निदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर उत्सव का माहौल बनायें। मतदाताओं को इसके लिए भी प्रेरित करें कि लोकतंत्र के इस त्योहार को उत्साह के माहौल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान कर मनाएं। उन्होंने बीएलओ को चुनाव आयोग से प्राप्त होने वाले वोटर इनफार्मेशन स्लिप को घर-घर जाकर वितरण करने का निदेश दिया। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर सख्त निगाह रखे जाने का भी निदेश दिया। उन्होंने अबसेंट, शिफ्टेड एवं मृत मतदाताओं के नाम की सूची के अद्यतन किए जाने के साथ - साथ शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्र जागरूकता समूहों को प्रशिक्षण देकर उनके उत्साहवर्धन को मतदाताओं की जागरूकता के लिए आवश्यक बताया। वहीं मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ शौचालय एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था सहित अन्य सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध रखे जाने का भी पदाधिकारियों को निदेश दिया।

के. रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार इस बार झारखण्ड के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक अर्थात दिनभर मतदान होना है। इस संबंध में सभी मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाना सुनिश्चित करें।

**शहरी क्षेत्र के कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, कमियों को दूर करने की चेतावनी :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने गिरीडीह के वैसे शहरी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, जहां पिछले चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा था। उन्होंने एचई हाई स्कूल मेनरोड गिरिडीह के मतदान केन्द्र संख्या 27, आर.के महिला कॉलेज के मतदान केन्द्र संख्या 37 एवं सामुदायिक भवन अरघा घाट रोड के मतदान केन्द्र संख्या 45 का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को मतदान केन्द्र की कमियों को शीघ्र दूर करने की कड़ी चेतावनी दी।

समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, गिरिडीह प्रक्षेत्र के आईजी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, उप विकास आयुक्त दीपक दुबे, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपुते सहित निर्वाचन कार्य में लगे अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## जेपी वर्मा निर्दलीय लड़ेंगे चुनावः सर्वसमाज कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, लड़ेंगे निर्दलीय लोस चुनाव

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार गांडेय पूर्व विधायक प्रोफेसर जय प्रकाश वर्मा ने रविवार को जमुआ के जेपी कुशवाहा कॉलेज भंडारों परिसर में सर्वसमाज कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमें कोडरमा लोकसभा के 6 विधानसभा क्रमशः बगोदर, गांडेय, धनावर, जमुआ बरकट्ठा, कोडरमा विधानसभा से कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कुशवाहा महासभा अध्यक्ष हाकिम महतो, महासचिव सत्यदेव प्रसाद वर्मा, विवेकानंद पाण्डेय मुख्य रूप से मौजूद थे। उन्होंने दावा किया है कि हम निर्दलीय राजा पीटर सरयू राय का रिकॉर्ड को तोड़कर भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी को हराकर कोडरमा से बहार की रास्ता दिखायेंगे। कहा कि जब हम गांडेय के विधायक बने तो भ्रष्टाचार से मुक्त किया।




पदाधिकारी को कमीशन नहीं लेने दिया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी पर भी कई गंभीर आरोप लगाया है। गिरिडीह लोकसभा चुनाव की ताजा खबरें पढ़ने के लिए दैनिक भास्कर ऐप डाउनलोड करें। इस लोकसभा सीट पर क्या हैं जनता के मुद्दे और क्या है चुनावी हवा। चुनाव का सबसे सटीक और डीटेल एनालिसिस।

## मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए करें प्रेरित : के. रवि कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के.रवि कुमार रविवार को गिरिडीह लोकसभा और गाण्डेय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मध्य विद्यालय अहिल्यापुर स्थित मतदान केन्द्र संख्या 292, उत्क्रमित मध्य विघालय पुतरिया, गांडेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 298, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जौरासीमर, गाण्डेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 300 एवं पंचायत सचिवालय, जामजोरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 305 का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ से बातचीत कर बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी), अबसेंट, शिफ्टेड एवं मृत (एएसडी) सूची के अद्यतन किए जाने और वालेंटियर के चयन की जानकारी ली। साथ ही मतदान केन्द्र पर उपस्थित मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के सदस्यों, वॉलेंटियर, रसोईया से बात कर मतदान के दिन उनके दायित्वों के संबंध में पूछताछ की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि वे मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर सेवाकार्य में लगाये गये हैं। नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए मतदान केन्द्र जागरूकता समूह बनाया गया है। उन्होंने सभी को पूरी संवेदनशीलता के साथ सजग रहते हुए अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केन्द्र पर मतदान के दिन आकर मतदान करने में अक्षम मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली और घर से मतदान की प्रक्रिया के संबंध में पूछताछ की। इसके अलावा मतदान केन्द्र पर शौचालय, रैंप आदि न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली।





निरीक्षण के दौरान गिरीडीह के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपुते, निर्वाची पदाधिकारी गांडेय विधानसभा गुलाम समदानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पोषण ट्रेकर एप्प के माध्यम से गर्भवती महिलाओं से ठगी करने वाले चार अपराधी गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक बार चार साइबर अपराधियो को गिरफ्तार किया है। इन सभी अपराधियों की गिरफ्तारी जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र एवं अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से की गई है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुकेश कुमार मंडल उम्र-32 वर्ष, अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के चामलिटी निवासी विकास कुमार मंडल उम्र 23 वर्ष एवं देवघर जिले के सारठ थाना क्षेत्र के बाराटांड निवासी विष्णु कोल उम्र 25 वर्ष तथा देवघर जिले के ही बुढई थाना क्षेत्र के दारवे निवासी बिरेन्द्र मंडल शामिल हैं। इसकीं पुष्टि एसपी दीपक कुमार शर्मा ने की। बताया कि गिरफ्तार किये गये सभी साइबर अपराधी पोषण ट्रेकर एप्प के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को मातृत्व राशि का लाभ दिलाने के नाम पर पैसे की ठगी करते थे। साथ ही फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोगो को फर्जी सीम से फर्जी लिंक भेजकर पैसे की ठगी करते थे। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 19 मोबाइल, 18 सीम, 01ए०टी०एम० कार्ड एवं एक बाइक जब्त किया है।



बताया कि प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से एसपी को सुचना प्राप्त हुई थी कि कुछ अपराधी मुफ्फसील तथा अहिल्यापुर थाना क्षेत्र में लोगों से ठगी कर रहें है। उक्त सूचना के आलोक में साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। जिसमे साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुनित कुमार गौतम, गजेन्द्र कुमार, दामोदर प्रसाद मेहता, जितेन्द्र नाथ महतो को शामिल किया गया। टीम ने छापामारी कर कुल 04 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में साइबर थाना कांड सं0-21/2024 दिनांक 27.04.2024 में कांड दर्ज कर सभी चारों अपराधियों को जेल भेज दिया गया।

**विगत छः माह में गिरिडीह जिलांतर्गत साइबर अपराध के विरूद्ध की गई कारवाई :**

| | |
|---|---|
| गिरफ्तारी | - 230 |
| जप्त | - 558 |
| सिम | - 727 |
| ए०टी०एम०/ पासबुक | -245 |
| चेकबुक | -10 |
| पेनकार्ड | -36 |
| आधार कार्ड। | -45 |
| वाहन | -40 |
| आई०पैड | -03 |
| लेपटॉप | - 03 |
| नगद रुपये। | -14,56,310 |

## नामांकन पर्चा दाखिल करने हेलीकॉप्टर से गिरिडीह पहुंची कल्पना सोरेन

### झामुमो एवं कांग्रेसी नेताओं ने किया जोरदार स्वागत



राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

गांडेय विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में इंडी गठबंधन के तहत झामुमो की प्रत्याशी के रूप में नामांकन पर्चा सोमवार को दाखिल करने हेतु पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन रविवार को हेलीकॉप्टर से गिरिडीह पहुंची। इस दौरान बोडो स्थित हवाई अड्डा में उनकी अगुवानी करने झामुमो से राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, झामुमो अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव महालाल सोरेन, अजीत कुमार पप्पू, अभय सिंह, रॉकी सिंह, कांग्रेस नेता शाादाब, झामुमो नेता शाहनवाज अंसारी समेत कई कार्यकर्ता जुटे।

बोड़ो स्थित हवाई अड्डा में कल्पना सोरेन के हेलीकॉप्टर से उतरने पर सदर विधायक सोनू समेत झामुमो और कांग्रेस नेताओं ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद कल्पना सोरेन का काफिला सीधे हरसिंगरायडीह स्थित उत्सव उपवन रिसोर्ट पहुंचा। कल्पना सोरेन इसी रिसोर्ट में रात्रि विश्राम करेंगी और सोमवार को नामांकन पर्चा दाखिल करने पपरवाटांड़ स्थित समाहरणालय पहुंचेगी।

# चुनाव कार्यों की तैयारियों की समीक्षा को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक

## अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी बूथों का भौतिक निरीक्षण कर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज (AMF) की व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा को लेकर रविवार को समाहरणालय सभागार में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, निर्वाची पदाधिकारी 31 गांडेय, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी/नोडल पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी/ सहयोगी पदाधिकारी समेत निर्वाचन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव अंतर्गत औचक रूप से भौतिक निरीक्षण किए गए 07 मतदान केंद्रों के अवलोकन के आधार पर मतदान केंद्रों में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों, मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की स्थिति आदि का जायजा लिया गया। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी महोदय द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी बूथों का भौतिक निरीक्षण कर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज (AMF) की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, पर्याप्त रोशनी, बिजली, साइनेज, प्रवेश व निकास द्वार, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मतदान को लेकर सभी मतदान केंद्र भवनों में आवश्यकता का आकलन कर मरम्मती, खिड़की, दरवाजे को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी बूथों पर मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतनीकरण हेतु सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप देने एवं नियमित तौर पर प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। सभी बूथों पर एब्सेंट, शिफ्टेड या डेड वोटरों की बूथवार सूची को अंतिम रूप देने का व्यापक निर्देश दिया गया। इसके तहत सभी बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं के बीच पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराएंगे। समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित पदाधिकारियों को वोटर अवेयरनेस फोरम, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, बूथ स्तरीय अवेयरनेस ग्रुप आदि की नियमित बैठक कराते हुए मतदाता जागरूकता एवं इलेक्टोरल एजुकेशन का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही शहरी क्षेत्रों उदासीनता को लेकर स्वीप एक्टिविटी के तहत व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता का उचित अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। सोशल मीडिया साइट्स पर जिला प्रशासन हमेशा नजर बनाकर रखेंगे। किसी भी प्रकार का कोई भड़काऊ पोस्ट या अनावश्यक टिप्पणी न हो। सभी मतदान केंद्रों को बीएलओ से टैग करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को ईवीएम कमीशनिंग संबंधी जानकारी उपलब्ध कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने मतदाता जागरूकता के स्लोगन वाले स्टीकर/पोस्टर बनवा बंटवाया

**गिरिडीह**। अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व जन जागरूकता को ले गिरिडीह जिला प्रशासन के निर्देश पर पांच तरह के स्लोगन वाले स्टीकर/पोस्टर बनवाया है.

गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र को छोड़कर समस्त जिले में वितरित करने के लिए पोस्टर जिला प्रशासन को सौंप दिया. चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला ने बताया कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए संस्था हरसंभव आगे रहती है. आम चुनाव को लेकर चेंबर मतदाता जागरूकता को ले दृढ़ संकल्पित है. चेंबर ने जिला प्रशासन के आदेशानुसार गिरिडीह जिले के लिए पांच तरह के पोस्टर प्रशासन को सौंप दिया है.नगर निगम क्षेत्र के लिए पोस्टर चेंबर ने मधुबन वेजिस में रखे गए हैं. उन्होंने शहरी क्षेत्रों के सभी व्यवसायियों से अनुरोध किया है कि वह मधुबन वेजिस से स्टीकर पोस्टर कलेक्ट कर अपने प्रतिष्ठान या अपने वाहन में लगायें, ताकि मतदाता जागरूकता अभियान में जिला प्रशासन को सहयोग हो सके.

### रंगदारी मांगने सहित अन्य तीन मामलों में चार गिरफ्तार

**दुमका**। ओम ट्रेवल्स के मालिक से रंगदारी मांगने सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग मामलों का उद्भेदन करते हुए दुमका पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने रविवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता में बताया कि दुमका शहर के न्यू बाबुपाडा निवासी ओम ट्रेवल्स के मालिक महेश कुमार नारनोलि को अज्ञात अपराधियों ने फोन कर रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी की रकम नहीं देने पर जान मारने की धमकी भी दी थी। मामले में नगर थाना पुलिस महेश कुमार नारनोली के लिखित शिकायत पर 12 अप्रैल को मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई थी। कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने 27 अप्रैल को जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुधानी, ठाढ़ी खसिया एवं जरमुंडी थाना क्षेत्र के डोमनाडीह गांव से कुल चार अपराधियों की गिरफ्तारी करने में सफल रही। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। गिरफ्तार अपराधियों में मुकेश कुमार मांझी, सुनील वैद्य, नितिश कुमार यादव एवं सावन कुमार सिंह है। गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर पुलिस दो फर्जी सिम, एक मोबाइल, एक देशी पिस्तौल, दो देशी पिस्तौल का मैगज़ीन एवं पांच राउंड जिंदा कारतूस, एक देषी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद करने में सफल रही। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एसपी ने बताया कि नीतीश कुमार का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। कुछ दिन पूर्व हत्या के मामले में जेल से छुटकर बाहर आया है। वह अपने अन्य साथियों के साथ किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। सूचना पर टीम गठित कर पुलिस उसके घर पर छापेमारी की, जहां से दो युवक भागने का प्रयास किया। तलाशी में पुलिस नीतीश कुमार यादव के बिस्तर के नीचे से एक लोडेड देशी पिस्तौल एवं एक अलग से मैगजीन बरामद की। जबकि सावन कुमार सिंह की कमर से लोडेड देशी कट्टा एवं पॉकेट से एक अतिरिक्त जिंदा कारतूस भी बरामद किया।

### जामताड़ा में चार साइबर ठग गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**जामताड़ा**। पुलिस ने जामताड़ा जिला अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो आरोपितों की गिरफ्तारी करमाटांड़ थाना क्षेत्र से हुई है जबकि दो की गिरफ्तारी जामताड़ा थाना क्षेत्र से की गई है। सभी साइबर ठगों को फिशिंग करते हुए और रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी रविवार को साइबर डीएसपी अशोक कुमार राम ने साइबर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। अशोक राम ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के कई स्थानों पर साइबर ठग एकजुट होकर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में टीम गठित की गई, जिसका नेतृत्व डीएसपी ने किया। टीम में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान, इंस्पेक्टर मनोज तिर्की सहित आईआरबी झलवा के महिलाओं एवं पुलिस बल को शामिल करते हुए करमाटांड़ थाना क्षेत्र के बारादाहा एवं ऊपर भीठरा गांव में छापेमारी की गई, जहां से इरशाद अंसारी और अशरफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। जामताड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र में की गई छापेमारी में विमल एवं कमल को गिरफ्तार किया गया। साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार चारों आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर रविवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जामताड़ा मंडल कारा भेज दिया गया। गिरफ्तार साइबर ठग एसबीआई क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड बंद होने की बात बताकर लोगों को झांसा में लेकर स्क्रीन शेयरिंग एप एनीडेस्क, टीम व्यूअर इत्यादि डाउनलोड करवाते थे और गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी की घटना को अंजाम देते थे। इसके अलावा गूगल पे एवं पे फोन के कस्टमर केयर में फर्जी मोबाइल नंबर डालकर कॉल आने पर लोगों को झांसे में लेकर ठगी किया करते थे। साइबर डीएसपी ने बताया कि इन अपराधियों का नेटवर्क झारखंड, बिहार, यूपी के अलावा अन्य राज्यों में भी फैला हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से एक स्विफ्ट डिजायर कार, 17 मोबाइल फोन, 22 फर्जी सिम कार्ड, 9 एटीएम कार्ड, दो पासबुक, दो चेक बुक, पांच पैन कार्ड, दो आधार कार्ड और एक वोटर आईडी कार्ड बरामद हुए हैं।

### हाजीपुर दियारा वार्ड नंबर 02 मे बिजली का ग्यारह हजार तार शॉर्ट सर्किट होने से बांस बिट्टा में आग लग गया

**मंडरो**। हाजीपुर पश्चिम पंचायत के हाजीपुर दियारा वार्ड नंबर 02 मे बिजली का ग्यारह हजार तार शॉर्ट सर्किट होने से बांस बिट्टा में आग लग गया । वही आग लगने से ग्रामीणों में डर उत्पन्न हो गया। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। वही मौके पर मुफ्फसिल थाना पुलिस पहुंची मामले की जॉच की। वही बताया गया की आग लगते ही बिजली मिस्त्री अखिलेश द्वारा बिजली को बंद करवाया गया था।

### मिर्जाचौकी स्टेशन समीप एक लड़की भटकते हुए पाई गई

**साहिबगंज**। रविवार को मिर्जाचौकी स्टेशन समीप एक लड़की भटकते हुए पाई गई। वही लड़की को भटकता देख नयाटोला गांव निवासी नवीन कुमार के द्वारा उक्त लड़की से पूछा किया की तुम अकेले क्यों घूम रहीं हो तो उक्त लड़की ने कहा की हमको भूख लगा है। तभी नवीन कुमार के द्वारा उक्त लड़की के बारे में जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 में दी गई और लडकी को खाना खिलाया गया। वही 1098 में बात करने पर बताया गया की आप उक्त लड़की को मिर्ज़ाचौकी स्टेशन में जाकर आरपीएफ साहब के पास पहुंचा दीजिए। वही नवीन कुमार के द्वारा उक्त लड़की को मिर्ज़ाचौकी स्टेशन में जाकर आरपीएफ को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लड़की अपना घर बोकारो सेक्टर 5 बता रही है। लड़की द्वारा नाम अभी तक नही बताया गया है।

### चांदशहर में लगा नया ट्रांसफार्मर

**उधवा**। चांदशहर के वार्ड संख्या पांच में ट्रांसफार्मर के जल जाने से पिछले कई दिनों से वहां के ग्रामीण बिजली की संकट से जूझ रहे थे। रविवार को समाजसेवी मिक्की शेख, हबीब शेख उर्फ बाबुल,जैनुल आबेदीन शेख,महबूब शेख,उप मुखिया प्रतिनिधि बरकत शेख,वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर विधिवत नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। जानकारी के अनुसार 63 केवी ट्रांसफार्मर से एक सौ से अधिक घरों को बिजली आपूर्ति की जा रही थी। क्षमता से अधिक लोड होने के कारण ट्रांसफार्मर जल गया था। पिछले कई दिनों से लोग भीषण गर्मी में काफी परेशान थे। बिजली नहीं रहने से बच्चों के पढ़ाई लिखाई भी प्रभावित हो गया था। मौके पर बासेत शेख, केशरुल शेख, सनवार शेख,सरवर हुसैन, मोस्ताकिम व रबिउल आलम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# आखिर क्यों भू-जल का स्तर नीचे जा रहा है?

## प्रतिवर्ष 36000 लीटर पानी का संग्रहण हो सकता हैः संजय पांडेय

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

पलामू में भू-जल का स्तर तीव्र गति से न नीचे की ओर जा रहा है. इस संबंध में वरिष्ट पत्रकार संजय पांडेय के साथ साक्षात्कार द्वारा मूल समस्या को जाने की कोशिश की गई। संजय पांडेय ने बताया कि पलामू में भूजल का अत्याधिक दोहन ही इसका मुख्य कारण है. यहां पर वर्षा अपेक्षाकृत कम मात्रा में होती है. जिस कारण अक्सर ही यहां सूखा पड़ जाता है. भू-जल का अत्याधिक इस्तेमाल अपनी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कर रहे हैं. जिसका परिणाम, यह है कि भू-जल का स्तर दिन प्रतिदिन नीचे जा रहा है और स्थिति दिनों-दिन विकट होती जा रही है. वर्षा का जल भूमि के अंदर ले जाने की आवश्यकता है. वर्षा का जल को भूगर्भ में संचयित करने की अनेक विधियां हैं. एक मोटे अनुमान के आधार पर 100 वर्गमीटर छत पर पड़ने वाले वर्षा के जल से पलामू जैसे क्षेत्र में प्रतिवर्ष 36000 लीटर पानी का संग्रह धरती के अंदर कर सकते हैं. संजय पांडेय ने कहा की इस संबंध में कई विशेषज्ञों से बात की गई। सभी ने अपने अनुभव के





आधार पर कुछ उपाय बताया हैं जिनमें मुख्य रूप से निम्न हैं- रिचार्ज कूप : मकान की छत से वर्षा के पानी को नीचे आने के लिए रेन वाटर पाइप लगे रहते हैं. इन सभी रेन वाटर पाइप को आउटलेट को 150 गुणा 150 मिमी की खुली पक्की नाली बनाकर रिचार्ज कूप की ओर ले जाया जाता है. रिचार्ज कूप मकान के निकट बिजली सतह वाले स्थान पर बनाना चाहिए. कम से कम 1.5 मीटर व्यास व 5 मीटर वर्षा का पानी कूप में प्रवेश नीचे छिद्रयुक्त पीवीसी पाइप लगाया जाता है. जिसका व्यास 200 मिमी होता है. इसके उपर 400 मीटर ग्रेवेल व उसके उपर 400 मिली बालू का तह लगाया जाता है. मकान से होकर आने वाला बरसात का पानी बालू व ग्रेवेल से होकर पीवीसी पाइप द्वारा रिचार्ज कूप में प्रवेश करता है. यदि मकान के अहाते में कोई पुराना कूप उपलब्ध हो जिसका व्यवहार नहीं हो रहा हो, तो उसे इस प्रयोजन के लिए व्यवहार में लाया जा सकता है. इसमें अनुमानतः 10000 से 15000 रूपये तक खर्च आयेगा. अनुपयोगी बोर-वेल से भूजल रिचार्जः घर के अहाते में कोई पुराना बोरिंग है जिसका अब इस्तेमाल नहीं हो रहा है, तो इसके द्वारा घर की छत पर पड़ने वाले वर्षा जल को इस अनुपायोगी बोर-वेल के माध्यम से धरती के अंदर ले जाया जा सकता है. छोटे मकान की छत जिसका क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर तक है वहां इस प्रणाली का उपयोग किया जा सकता है. रेन वाटर पाइप में 50-80 मिमी व्यास का पाईप जोड़ कर इसे 600 गुणा 600 मिमी आकार के पक्के चेंबर में उपर तक लाया जाता है. चेंबर को ग्रेवेल व बालू से भर दिया जाता है. चेंबर के नीचे 30-40 मिमी व्यास का पाईप जोड़कर इसे अनुपयोगी बोर वेल से मिला दिया जाता है. इस पर 5000 से 6000 तक खर्च होगा.

रिचार्ज पिटः छोटे मकान जिनके छत का क्षेत्रफल=100 वर्गमीटर तक है, उनके लिए यह प्रणाली उपयोगी है. इसमें 1-2 मीटर लंबा व चौड़ा, 2-3 मीटर गहरा गड्ठा खोदा जाता है. इसे बोल्डर, कंकड़ व बालू से भर दिया जाता है. इसके उपर छिद्रयुक्त सीमेंट कंकीट का ढक्कन रख दिया जाता है. इसका संयोजन से वाटर पाइप से कर दिया जाता है. इसे गोलाकार, वर्गाकार व आयताकार भी बनाया जा सकता है. इसमें अनुमानतः 6000 से 8000 तक खर्च होगा. रिचार्ज ट्रेंच बड़े मकान जिनके छत का क्षेत्रफल 200-300 वर्गमीटर है, वहां के लिए यह प्रणाली उपयुक्त होगी. 0.5-1 मीटर चौड़ा व 1-1.5 मीटर गहरा ट्रेंच खोदा जाता है जिसकी लंबाई 10-20 मीटर तक होती है. ट्रेंच को ग्रेवेल व बालू से भर दिया जाता है व इसका मिलान रेन वाटर पाइप से कर दिया जाता है. ट्रेंच के नीचे चट्टान व कड़े पत्थर की सतह नहीं होना चाहिए. अन्यथा ट्रेंच से पानी धरती के अंदर प्रवेश नहीं कर पायेगी. इसपर अनुमानतः 9000 से 15000 तक खर्च होगा. विशेषज्ञों का कहना है की उपरोक्त सभी प्रणालियों में इस बात का ध्यान रखना होगा कि प्रथम वर्ष का पानी इन रिचार्ज संरचनाओं में प्रवेश न करे. इसके लिए प्रवेश पाइप में उपयुक्त बाइपास प्रणाली में काफी मात्रा में पानी के साथ धूल आदि का समावेश होता है व यदि इसका प्रवेश रिचार्ज स्ट्रकचर में हो जायेगा तो वह जाम हो जायेगा. पहली बरसात के बाद पानी रिचार्ज का प्रयोग उपयुक्त रहेगा। झारखंड प्रदेश में कई इलाके ऐसे हैं जहां पानी के हाहाकार मच जाता है। ऐसी स्थिति में बरसात का पानी हर हाल में संचय करना ही पड़ेगा। एक वैज्ञानिक पद्धति को अपना कर हर घर में पानी का संचय किया जा सकता है। इसमें एक अभियान चलाकर इस कार्य को अमलीजामा पहनाना होगा।

### साहिबगंज आरपीएफ पुलिस ने बरौनी पैसेंजर ट्रेन से 42 बोतल विदेशी शराब बरामद किया

राष्ट्रीय मुख्यधारा। साहिबगंज

बीते दिन को मालदा रेल डिविजल अंतर्गत साहिबगंज रेलवे स्टेशन में गुप्त सूचना के आधार पर साहिबगंज आरपीएफ, के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। वही चेकिंग के दौरान आरपीएफ इंस्पेक्टर किस्पोटर किस्कू ने प्रेस को बताया कि बरौनी पैसेंजर ट्रेन से 42 बोतल बिदेशी शराब बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10080 रु बताया जा रहा है। वहीं जानकारी के अनुसार इन दिनों अवैध शराब की तस्करी कर बिहार ले जाने के फिराक में थे।वहीं अवैध शराब की तस्करी कर बिहार ले जाने वाले तस्करों की संख्या में इजाफा हुआ है,बीते दिनों भी साहिबगंज,बरहरवा आरपीएफ ने भारी संख्या में अवैध शराब ट्रेन से बरामद की थी।इन मामलों को लेकर रेल पुलिस व आरपीएफ पूरी तरह से सतर्क हो गए है एवं रोजाना सभी ट्रेनों में जाँच अभियान संचालित कर रहे है ताकि इस प्रकार की तस्करी व लूटपाट इत्यादि की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।


### चोरी की बाइक के साथ सरिया पुलिस ने किया एक व्यक्ति को गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

जिले की सरिया थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम पेठियाटांड स्थित घनश्याम मंडल के बाउण्ड्री से एक चोरी का ग्लैमर मोटरसाईकिल के साथ बड़की सरिया निवासी एक व्यक्ति अजय कुमार पिता जागेश्वर मंडल को गिरफ्तार किया है।

बताया गया कि सरिया पुलिस ने यह कार्रवाई एसडीपीओ बगोदर- सरिया धनन्जय प्रसाद राम को मिली गुप्त सूचना पर की। हालांकि जब पुलिस की टीम घटना स्थल पर छापेमारी करने पहुंची,तब पुलिस टीम को देख इस कांड में संलिप्त एक अन्य व्यक्ति अंधेरा का लाभ उठाकर मौके से भाग निकलने में सफल रहा। सरिया पुलिस की टीम ने मौके से बिना नम्बर का ब्लु- काला रंग का ग्लैमर मोटरसाईकिल चेचिस नं0- MBLJA06AMEGM08323 एवं इंजन नं0- JA06EJEGM10809 को जब्त कर थाने ले आयी।





वहीं सरिया पुलिस ने इस संदर्भ में सरिया थाना कांड संख्या 102/24 दि०- 28.04.2024 धारा 414/175/34 भा०द०वि० अंकित कर गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। वहीं घटना स्थल से फरार हुए दूसरे व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिये छापामारी कर रही है।

### हटिया से घर लौट रहे युवक को रोंधकर हुआ फरार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोरियो

थाना क्षेत्र के साहिबगंज-गोविंदपुर मुख्य पथ के पथरगट्ठा के समीप अज्ञात वाहन ने एक युवक को रोंदकर फरार हो गया। युवक की पहचान बोरियो थाना क्षेत्र के गडरा पहाड़ निवासी छोटा सुरजा पहाड़िया (35) बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार युवक शनिवार देर रात को हटिया से वापस घर लौट रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने रौंद कर फरार हो गया।


जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही सांसद प्रतिनिधि सह केंद्रीय समिति सदस्य स्टीफन मुर्मू घटना की सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंच कर घायल युवक को उनके सहयोग से बोरियो सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इधर मामले की सूचना प्राप्त होते ही बोरियो पुलीस जांच में जुट गई। वहीं बांझी के ग्रामीणों ने एक कार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

वहीं थाना प्रभारी रूपक कुमार सिंह ने बताया की कार को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

# स्वीप कार्यक्रमों को लेकर नोडल पदाधिकारी ने की वर्चुअल बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान करवाने को लेकर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने रविवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से जिला कृषि पदाधिकारी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बैठक कर आने वाले दिनों में स्वीप कार्यक्रम की रूप रेखा पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में स्वीप के नोडल पदाधिकारी श्री हुसैन ने सभी पदाधिकारीयों को उनके अधीनस्थ कार्यरत मैनपॉवर को एक्टिव करते हुए अधिकाधिक लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करने पर बल दिया।उन्होंने जेएसएलपीएस के डीपीएम शांति मार्डी से कहा कि जेएसएलपीएस के लोग प्रखंड से लेकर पंचायत तक हैं इसके अलावे जिले में पंद्रह हजार से अधिक एसएचजी महिलाओं का संगठन सक्रिय है उन सभी का बेहतर उपयोग करते हुए उन्हें गांव-गांव जाकर लोगों




से कनेक्टिविटी बढ़ाने व सभी से अपने स्तर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम करवाने की बात कही।

उन्होंने जेएसएलपीएस के सभी विंग को मतदाता जागरूकता में लगाने हुए आकर्षक कार्यक्रम के जरिए लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने की बात कही।इसी तरह उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को कृषक मित्रों,एटीएम,बीटीएम,भीएलडब्लू के माध्यम से भी अलग-अलग स्तर पर छोटे-छोटे कार्यक्रम या अन्य माध्यम से या सीधे कृषकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें 13 और 20 मई को बूथ पर आने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

इसी तरह समाज कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू को सीडीपीओ,एलएस,व आंगनबाड़ी सेविकाओं के जरिये अधिकाधिक महिलाओं तक पहुंचने व जितने भी समाज कल्याण विभाग के तहत लाभार्थी हैं उन सभी से मतदान करने को लेकर जागरूक करने की बात कही।इसी तरह श्रम अधीक्षक इतवारी महतो को प्रवासी श्रमिकों व अन्य श्रमिकों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए उन सभी से 13 वे 20 मई को बूथ कर आने व मतदान करने हेतु प्रेरित करने पर बल दिया।वहीं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम को सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर ऑडिओ-विसुअल के जरिये लोगों से मतदान करने को लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

# देश भर में इंडी गठबंधन की एकता हुई मजबूत : दीपांकर भट्टाचार्य

राष्ट्रीय मुख्यधारा। कोडरमा

इंडी गठबंधन, कोडरमा का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन झुमरीतिलैया शिव वाटिका में हुई। अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने जबकि संचालन माले नेता इब्राहिम अंसारी ने किया। सम्मेलन में भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉ. दीपांकर भट्टचार्य,राजद नेता सह श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बड़कागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, कांग्रेस कोडरमा प्रभारी शहजादा अनवर, माले नेता राजकुमार यादव के अलावे कोडरमा लोकसभा के भाकपा-माले प्रत्याशी विनोद सिंह बतौर वक्ता मुख्य रूप से शामिल हुए। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि देश भर में इंडी गठबंधन की एकता उत्तर से दक्षिण-पूरब से पश्चिम तक



मजबूत हुई है। कोडरमा में यह चुनाव देश को आगे बढ़ाने के लिए हो रहा है। मंत्री और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि कोरोना के समय हवाई चप्पल पहनने वालो को गठबंधन सरकार ने हवाई जहाज से वापस लाया था। सरकार ने जल, जंगल जमीन के मुद्दे पर क्रांतिकारी कदम उठाई। हेमन्त सरकार की लोकप्रियता से भाजपा की केंद्र सरकार बौखला गयी। उम्मीदवार कॉमरेड विनोद सिंह ने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा सत्ता में भाजपा रही है। पिछले 10 सालों से भाजपा केंद्र में सरकार चला रही है।लेकिन कोडरमा- गिरिडीह इलाके में सबसे ज्यादा पलायन हुआ। इन मजदूरों के लिए भाजपा ने कोई नीति तो नही बनाई, लेकिन पलायन करने के लिए ट्रेन रुकवाने का श्रेय जरूर ले रही। भाकपा माले के राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि भाजपा ने कोडरमा के ढिबरा,पत्थर व्यवसाय को बर्बाद कर दिया। ढिबरा, पत्थर और क्रशर से लाखों लोगों का जीवन यापन चलता था। लेकिन भाजपा ने गरीबों के पेट पर लात मार व्यवसाय को बर्बाद कर दिया। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी पर निशाना साधते हुए कहा कि मंत्री पद पर रहते हुए शिक्षा क्षेत्र की कोई उपलब्धि जनता को गिना नहीं पा रही। बड़कागांव के कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि कोडरमा के लोग बिजली-पानी के लिए भी परेशान है। कोडरमा का मान सम्मान ढिबरा पत्थर, क्रशर पर भाजपा की टेढ़ी नजर है। ढिबरा मजदूरों की हक़ की बात ना संसद में उठी, ना उनकी आवाज सड़क पर भाजपा ने उठाई। सम्मेलन को इंडी गठबंधन के घटक दलों के नेताओ ने संबोधित किया।

### ज़िला क्रिकेट सीनियर लीग टूर्नामेंट का चैंपियन बना द्रोणाचार्य

राष्ट्रीय मुख्यधारा। साहिबगंज

ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में रविवार को सिदो-कान्हू स्टेडियम में ज़िला क्रिकेट सीनियर लीग टूर्नामेंट का फाइनल माही स्पोर्ट्स येलो बनाम द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने 35 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 237 रन बनाया। अनिकेत आंनद ने 66, रवि कुमार ने 34, दीपक कुमार दास ने 29 रन बनाया। माही स्पोटर्स के गेंदबाज कुश तिवारी ने 3, प्रिंकेश व रवि पासवान ने 2-2 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स की टीम 18.1 ओवर में 134 रन बना कर ऑल आउट हो गई। राहुल राज ने 44, अनाउल्लाह अंसारी ने 31 रनों की पारी खेली। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के गेंदबाज प्रीतम ने 6 व रवि कुमार ने 2 विकेट लिया। दोर्णाचार्य क्रिकेट क्लब ने 103 रनों से जीत हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी प्रीतम कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। वहीं द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी रवि कुमार को मैन ऑफ दी मैच, बेस्ट बॉलर राशिद अली, बेस्ट बैट्समैन रवि कुमार को घोषित किया गया।

मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, विशिष्ट अतिथि सदर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार व जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार ने विजेता व उपविजेता टीम व खिलाड़ियों को ट्रॉफी, नक़द राशि व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनकी हौंसला अफजाई की। मुख्यतिथि डीडीसी सतीश चंद्रा ने कहा कि प्रशासन ज़िले में खेल व खिलाड़ियों के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। ज़िले के खिलाड़ी अपनी मेहनत व हुनर को निखार राज्य व राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साहिबगंज का नाम रोशन करें।

### दो अलग-अलग जगहों में आग लगने से 20 घर जलकर राख, लाखों का नुकसान

राष्ट्रीय मुख्यधारा। उधवा

राधानगर थाना क्षेत्र दक्षिण पियारपुर पंचायत के दो अलग-अलग जगहों में रविवार के दोपहर आग लगने से 20 घर जलकर राख हो गया। इस घटना में लाखों रुपए की क्षति की सूचना है. पहली घटना दक्षिण पियारपुर पंचायत के बड़ा अकुनबन्ना गांव की है. जहां आग लगने की वजह से 12 जलकर खाक हो गये. जबकि दो घर आंशिक रूप से जले हैं। आगलगी की घटना में लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार खेत में आग जल रही थी। लेकिन तेज हवा के चलने के कारण आग धीरे-धीरे फैल गई और घर पर आग लग गई। आगलगी की घटना में मोहम्मद शेख,सत्तार शेख,सामेद शेख, हनीफ शेख,खुशमुद्दीन शेख,बुद्दु शेख, सरिकुल शेख,सफिकुल शेख,तोफजूल शेख,रोहिम शेख,अलाउद्दीन शेख,असरफ शेख का घर जलकर राख हो गया। वहीं नूर इस्लाम और मोजिबुर रहमान का घर आंशिक रूप से जला है। वहीं दूसरी घटना उसी पंचायत के बोइलटोला गांव में खाना बनाने के दौरान आग लगने से आठ घर जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अनुसार रविवार की दोपहर कंटु शेख के घर में उनकी बेटी खाना बना रही थी। खाना बनाने के दौरान उनकी बेटी किसी काम से बाहर गई थी। तभी आग की चिंगारी चूल्हे से घर पर जा गिरी।

# देश की आजादी की लड़ाई में रौतिया समाज की रही है अहम भागीदारी : समीर उरांव

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गुमला

जिले के रायडीह मंडल के हरिणाछापर (कुकूरसेपटा) में रौतिया सामाजिक कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में रविवार को लोहरदगा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव भी शामिल हुए। समाज के महिलाओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर उरांव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रौतिया समाज शुरू से ही देशप्रेमी रहा हैं। इनका इतिहास बलिदानों का है। समाज के महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद बख्तर साय उर्फ वैधनाथ



शाही व मुंडल सिंह ने ईस्ट इंडिया कंपनी से लोहा लेते हुए भारत के आजादी के इतिहास में पहली बार अंग्रेजों को पराजित किया। बाद में इन्होंने हंसते हंसते अपने देश के लिए फांसी का फंदा चुम लिया। ऐसे बलिदानियों पर पुरा देश गर्व करता है।

उरांव ने कहा कि आज कई देशी-विदेशी शक्तियां सरना-सनातन एकता को तोड़ने के लिए जी जान से जुटी हुई है। तरह तरह के अफवाहें फैला कर सरना-सनातन समाज को बरगलाने का प्रयास हो रहा है। जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है, तबसे इनकी नींद उड़ी हुई है। वे लोकसभा चुनाव में कोशिश कर रहें हैं कि किसी तरह इस बार मोदी को सता में आने से रोका जाए। इसलिए समाज को एकजूट होकर अपनी चट्टानी एकता का परिचय देना है। शत प्रतिशत मतदान की अपील करते हुए समीर उरांव ने कहा कि मोदी ने समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति के लिए भी विकास की रोशनी पहुंचाई है। उन्होंने 400 पार का संकल्प को पुरा करने में रौतिया समाज की भी महत्वपूर्ण भागीदारी होनी चाहिए।

## मत का प्रयोग सोच समझ कर करें

अभी आम चुनाव का प्रथम चरण ही पूरा हुआ है पर ऐसा नहीं लगता कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव जैसी कोई महत्त्वपूर्ण घटना घट रही है। चारों ओर एक अजीब-सा सन्नाटा पसरा हुआ है। न तो गांव, और न ही कस्बों और शहरों में राजनैतिक दलों के होर्डिंग्स और पोस्टर दिखाई दे रहे हैं, और न ही लाऊडस्पीकर पर वोट मांगने वालों का शोर सुनाई दे रहा है, चाय के ढाबों और पान की दुकानों पर अक्सर जमा होने वाली भीड़ भी खामोश है। जबकि पहले चुनावों में ये शहर के वो स्थान होते थे जहां से मतदाताओं की नब्ज पकडऩा आसान होता था। आज मतदाता खामोश है। इसका क्या कारण हो सकता है। संभव है कि मतदाता तय कर चुके हैं कि उन्हें किसे वोट देना है पर अपने मन की बात को जुबान पर नहीं लाना चाहते। क्योंकि उन्हें इसके संभावित दुष्परिणामों का खतरा नजर आता है। यह हमारे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए अच्छा लक्षण नहीं है। जनसंवाद के कई लाभ होते हैं। एक तो जनता की बात नेता तक पहुंचती है और दूसरा ऐसे संवादों से जनता जागरूक भी होती है। अलबत्ता, शासन में जो दल बैठा होता है, वो कभी नहीं चाहता कि उसकी नीतियों पर खुली चर्चा हो। दरअसल, उसे इससे माहौल बिगडऩे का खतरा रहता है। हर शासक यही चाहता है कि उसकी उपलब्धियों को बढ़ा-चढ़ाकर मतदाता के सामने पेश किया जाए। इंदिरा गांधी से नरेन्द्र मोदी तक कोई भी इस मानसिकता का अपवाद नहीं रहा है। आम तौर पर यह माना जाता था कि मीडिया सचेतक की भूमिका निभाएगा। पर मीडिया को भी खरीदने और नियंत्रित करने पर हर राजनैतिक दल अपनी हैसियत से ज्यादा खर्च करता है जिससे उसका प्रचार होता रहे। पत्रकारिता में इस मानसिकता के जो अपवाद होते हैं वे यथासंभव निष्पक्ष रहने का प्रयास करते हैं ताकि परिस्थितियों और समस्याओं का सही मूल्यांकन हो सके। पर इनकी पहुंच बहुत सीमित होती है, जैसा आज हो रहा है। ऐसे में मतदाता तक सही सूचनाएं नहीं पहुंच पातीं। अधूरी जानकारी से जो निर्णय लिए जाते हैं, वो मतदाता, समाज और देश के हित में नहीं होते जिससे लोकतंत्र कमजोर होता है। सब मानते हैं कि किसी भी देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही सबसे अच्छी होती है क्योंकि इसमें समाज के हर वर्ग को अपनी सरकार चुनने का मौका मिलता है। इस शासन प्रणाली के अंतर्गत आमजन को अपनी इच्छा से चुनाव में खड़े हुए किसी भी प्रत्याशी को वोट देकर अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार होता है। इस तरह चुने गए प्रतिनिधियों से विधायिका बनती है। एक अच्छा लोकतंत वह है, जिसमें राजनीतिक और सामाजिक न्याय के साथ-साथ आर्थिक न्याय की व्यवस्था भी है।

# श्रमेव जयते!

गिरीश्वर मिश्र

भारत की सभ्यता प्राचीनकाल से कर्म-प्रधान रही है। कर्म से ही सृष्टि होती है। श्रम का विलोम होता है विश्राम। ऐतरेय ब्राह्मण में श्रम का बड़ा ही मनोरम चित्रण मिलता है। श्रम करने से न थकने वाले को ही श्री की प्राप्ति होती है- नानाश्रांताय श्रीरस्ति। श्रम से असंभव भी संभव हो जाता है। श्रम से ही आदमी सम्पत्ति, यश, सम्मान सब कुछ अर्जित करता है। तभी तो कहा गया कि कर्मठ पुरुष लक्ष्मी को प्राप्त करता है- उदयोगिनः पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी और आलस्य शरीर में बैठा हुआ सबसे बड़ा शत्रु है। चूँकि जीवन अनंत नहीं है और कार्य अनेक हैं इसलिए बिना समय गँवाए काम में जुट जाना चाहिए। महाभारत में शर-शय्या पर लेटे हुए भीष्म पितामह ने जो उपदेश दिए उनमें यह भी था 'मृत्यु लोगों को पीट रही है और बुढ़ापे ने उनको घेर रखा है। ये दिन और रातें तेज़ी से बीतती जा रही हैं। तब, तुम क्यों नहीं जाग जाते? अब ऐसा काम करो जिससे तुम्हारा कल्याण हो और समय आगे न निकल जाए। कहीं ऐसा न हो की तुम्हारे कार्य अधूरे रह जाएं और मृत्यु तुम्हें खींच कर ले जाय। इसलिए जिस काम को कल करना हो, उसे आज ही कर लिया जाय। जिसे दोपहर बाद करना हो, उसे दोपहर से पहले कर डालना चाहिए, क्योंकि मृत्यु इस बात की बाट नहीं देखती कि इस आदमी का काम पूरा हो गया या नहीं। जो कल्याणकारी कार्य है उसे तुम आज ही कर डालो। यह महान काल कहीं तुम्हें लांघ न जाय।' ऐसे में यह अनायास नहीं था कि 'हिंद स्वराज' के रचयिता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने इस धरती को कर्म-भूमि कहा था। जीवन के बड़े सत्य को सामने रख कर बापू ने जीवन-चर्या में कर्म की अनिवार्यता प्रतिपादित करते हुए यह सीख दी थी कि आदमी को कमा कर खाना चाहिए। एक-एक क्षण का सदुपयोग करते हुए इस सूत्र को बापू अपने वास्तविक जीवन में उतारते रहे। वस्तुतः श्रम (अर्थात् मेहनत, मशक्कत, परिश्रम या प्रयास) ही जीवन को स्पंदित करता है। पर गौरतलब बात यह है कि यह श्रम नाशवान प्रकृति का है और यदि कार्य न किया जाय तो उस (बीत चुकी) अवधि का कार्य फिर वापस नहीं लौटाया जा सकता और सदा के लिए नष्ट हो जाता है। इसलिए जीवन का हर क्षण अनमोल है और उसका समुचित निवेश किया जाना चाहिए। यह विश्व कर्म प्रधान है और यह पुरानी कल्पना रही है कि श्रम से यह धरती स्वर्ग बन सकती है। दृढ़ लगन से कोई काम कठिन नहीं रह जाता और कर्महीन को कुछ भी नहीं मिलता। सिर्फ सपने देखने से नहीं काम करने से ही मनोवांछित फल मिलता है। तुलसीदास जी के शब्दों में- सकल पदार्थ एहि जग माही, करमहीन नर पावत नाहीं। वस्तुतः श्रम विकल्पहीन और अमूल्य है। जगत में कुछ भी स्वतः नहीं होता है- सिद्धिर्भवति कर्मजा। कर्म ही वह रहस्य है जिससे परमात्मा का स्मरण किया जाता है और मनुष्य सिद्धि प्राप्त करता है- स्व कर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दंति मानवाः। इसलिए श्रीकृष्ण कहते हैं कि सभी जन नियत कर्म करें- नियतं कुरु कर्म त्वं । कर्म किए बिना एक क्षण भी कोई रह नहीं सकता। श्रम का महत्व वैदिक काल में ही महसूस किया गया। प्राचीन आख्यानों में देवी-देवताओं द्वारा भी तप करने का वर्णन मिलता है। पुराणों में तप से सिद्धियाँ पाने के अनेक आख्यान हैं। उपनिषद की कथाओं में भी तपश्चर्या का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आरंभ से ही शतायु और सक्रिय जीवन भारतीय संकल्पना के केंद्र में बना रहा है। कर्म की अनिवार्यता ही श्रीमद्भगवद्गीता का मुख्य संदेश है। तिलक और गांधी जैसे राष्ट्रनेताओं ने कर्म, श्रम और सेवा की आपसी निकटता को सार्वजनिक जीवन में स्वर दिया। जगत में जीवन-यापन के लिए क्रियायोग निजी और सामाजिक जीवन में यज्ञ उन्नति और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। कर्म पर सबकुछ टिका है। विद्वान भी वही है जो अमूर्त ज्ञान को व्यवहार में रूपांतरित कर सके। विद्वान स्वभाव से क्रियाशील होता है-यस्तु क्रियावान पुरुषः स विद्वान्। बापू के आश्रम में श्रमदान और स्वावलम्बन दैनिक जीवन का सामान्य अभ्यास था। उनके अनुगामी और मित्र संत विनोबा भावे भी इसी पथ पर चलते रहे। इन लोगों ने यह अनुभव किया कि हमारे शरीर की रचना और प्रकृति ही ऐसी है कि शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए सक्रियता जरूरी होती है। आज स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा स्वस्थ व्यक्ति की स्वास्थ्य-रक्षा और अस्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ बनाने के लिए शारीरिक व्यायाम के महत्व पर बल दिया जाता है। सोने जागने समेत हमारा सारा आचार-व्यवहार युक्त होना चाहिए। अर्थात् मन, वचन और कर्म सबके बीच सामंजस्य होना चाहिए। अस्तित्व या होना गतिमयता को महत्व दिया गया। श्रम का आंतरिक रूप भी है और बाह्य भी। योग-शास्त्र में आसन, ध्यान तथा प्राणायाम की व्यवस्था की गई थी। प्राणशक्ति अपान, उदान, व्यान, समान आदि विभिन्न रूपों में शरीर में व्याप्त हो कर जीवनीय ऊर्जा का संचार करती है। श्रम करते हुए शरीर आंतरिक रूप से तो सुसज्जित होता ही है बाहर की दुनिया में विभिन्न कार्यों में श्रम के विनियोग द्वारा नई सर्जना में भी जुटता है। यह मन और शरीर के एक समग्र इकाई के रूप में संयोजन से ही संभव होता है। उल्लेखनीय है कि मन और शरीर को अलग सत्ता मानना पश्चिमी विचार है। मन और शरीर का द्वैत सोलहवीं सदी में पश्चिमी दार्शनिक रेने देकार्त द्वारा प्रतिपादित किया गया था। भारतीय चिंतकों ने मन को शरीर का ही हिस्सा माना था। वह अंतःकरण है यानी एक आंतरिक इंद्रिय जो सुख-दुःख का पता देता है और दूसरी सभी इंद्रियों को संचालन का आधार प्रदान करता है। आज जीवन को तकनीकी संचालित करने लगी है और कार्य और विश्राम के बीच की सीमा रेखा धूमिल हो रही है। इसी तरह यथार्थ और आभासी (वर्चुअल) दुनिया को निकट ले आती इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों से लैस होती जा रही हमारे काम-काज की दुनिया उलट-पलट हो रही है । अब बहुत सारे काम लैप टाप या मोबाइल पर उंगली फिराने भर से पूरे हो जा रहे हैं। इसका असर कार्यों की प्रकृति और उसके आयोजन को प्रभावित पर पड़ रहा है। आफिस न जाकर घर से काम करने का चलन तेज़ी से बढ़ रहा है। कार्यों के विभाजन विभाजन और उसकी नियमितता को सुरक्षित रखते हुए गतिशीलता लाने की दिशा में कदम बड़ी तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। परंतु मानवीय सम्बन्धों और भावनाओं की दुनिया से दूर होती जा रही कार्य की दुनिया अधिकाधिक यांत्रिक हुई जा रही है। इसी के साथ वैयक्तिकता और आत्मकेंद्रिकता बढ़ रही है और सामाजिकता संकुचित हो रही है। साइबर गतिविधियों के बढ़ने के साथ बहुत सारे नए नैतिक और आपराधिक सवाल भी खड़े हो रहे हैं। शारीरिक श्रम में बढ़ती कटौती और काम करने में सुभीते के साथ अवकाश का समय बढ़ रहा है। पर बचे समय का सार्थक उपयोग करने की संस्कृति अभी विकसित नहीं हो सकी है। स्क्रीन टाइम बढ़ रहा है। सोशल मीडिया से जुड़ना, पर्यटन पर जाना, मादक द्रव्य व्यसन और किस्म-किस्म की पार्टी आयोजित करना बढ़ रहा है। इसमें अपराध और असामाजिक तत्वों की भागीदारी भी हो रही है। इन सब बदलावों के बीच श्रम का आकार-प्रकार नए रूप पा रहा है। हमें संतुलन बनाते हुए राह बनानी होगी क्योंकि श्रम हमारे अस्तित्व की अनिवार्य शर्त है, जिससे बचा नहीं जा सकता। रचनात्मकता भी तभी आ सकेगी जब हम श्रम को जीवन यात्रा के मध्य प्रतिष्ठित करेंगे।



## साहित्य/लोक साहित्य

### ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता





भगवान कृष्ण गोकुल छोड़ कर चले गए हैं। राधा बावरी भई कृष्ण बिरह में व्याकुल कहतीं हैं कि हे कन्हैया क्यों ब्रजधाम छोड़ कर चले गए? तुम भले मुझे भूल जाओ पर यहाँ तो लबों पर निरंतर तुम्हारा हीं नाम है। मेरा यह जीवन तुम्हीं से है और तुम्हीं में समाप्त होता है। प्रस्तुत है राधा जी की विरह व्यथा मेरी इस रचना के माध्यम से :-------

हे कान्हा क्यूँ छोड़ गए
ब्रजधाम।
ये कलियाँ ये भँवरे,ये फूलों के
गजरे,
ये कदम की डाली,ये जमुना
की लहरें,
तुम को पुकारे सुबहो शाम।
हे कान्हा क्यूँ छोड़ गए..........
बसाया हृदय में तुम्हीं को
कन्हैया,
भले भूल जाओ हमें तुम कन्हैया,
यहाँ तो लबों पर है तेरा हीं नाम।
हे कान्हा क्यूँ छोड़ गए..........
आओ न आओ भले तुम सताओ,
जोड़ी हुँ नाता तो तोड़ूँगी कैसे,
ये जीवन तुम्हीं से तुम्हीं में
तमाम।
हे कान्हा क्यूँ छोड़ गए..........

## क्यों चौ. छोटू राम- सीएफ एंड्रूज के कॉलेज का स्कूल खोलना खास

आर.के. सिन्हा

कभी विचार कीजिए कि किसी स्कूल या कॉलेज को किस आधार पर श्रेष्ठ कहा जाना चाहिए? बेशक, इसका एकमात्र पैमाना यही हो सकता है कि उस शिक्षण संस्थान ने अपने विद्यार्थियों को इस तरह के संस्कार दिए जिसके चलते उन्होंने आगे चलकर बेहतर नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा की। इसका एक पैमाना यह भी हो सकता है कि क्या उसने (शिक्षण संस्थान) ने अपना विस्तार किया ? विस्तार से मतलब है कि क्या उसने अपनी कोई अन्य शाखा भी खोली और वहां का शिक्षण भी श्रेष्ठ और स्तरीय रहा । बेशक, इस मोर्चे पर दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज का नाम लेना होगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज को गांधी जी के परम सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रूज की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। एंड्रूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के समर्थक थे। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया भी। अब उनके कॉलेज ने अपना विस्तार कर लिया है। इसने कोई अन्य कॉलेज नहीं खोला है। दरअसल अब दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने दिल्ली और हरियाणा के सोनीपत की सीमा के राई नामक ग्रामीण क्षेत्र में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोला है। यानी कि यह स्कूल शहरों और महानगरों की चमक-दमक से दूर ज्ञान की रोशनी को फैलाएगा। निश्चित रूप से प्रत्येक शिक्षण संस्था का यही लक्ष्य होना चाहिए। भारत के गांवों में जितने बेहतर स्कूल खुले, उतना ही बेहतर होगा। हमारे बड़े-बड़े शहरों में तो अब खूब स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्लाय खुल रहे हैं, पर जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्कूल खोलने की है, जिनकी स्तरीय फैक्ल्टी हो और वहां बाकी तमाम सुविधाएं भी मौजूद हों।यह प्रयास पिछले लगभग 140 वर्षों में 700 से ज्यादा शिक्षण संस्थान देश के कोने-कोने में खोले और सेवा भाव से चलाया| सन 1885 में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित डी०ए०वी०(पूरा नाम- दयानंद ऐंग्रो वेदिक स्कूल और कॉलेज समूह इस बात का उत्कृष्ठ उदाहरण है कि समाज में सेवा भावना से चलाया जाने वाला कार्य भी सफल हो सकता है| अभी कुछ दिन पहले संघ लोक सेवा परीक्षा ( यूपीएससी) की परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए। सारा मीडिया सफल कैंडिडेट्स के इंटरव्यू करता रहा। बीते सालों की तरह से इस बार भी राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से पढ़े हुए बहुत से विद्यार्थियों ने यूपीएससी परीक्षा को क्रैक किया। सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे अंशुल भट्ट ने मेरिट लिस्ट में 14 वां स्थान ग्रहण किया। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से लेकर भारतीय रिजर्व बैंक अध्यक्ष शक्तिकान्त दास सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सेंट स्टीफंस कॉलेज से ही पढ़ाई की है। इसने देश के न जाने कितने सितारे निकाले हैं। उनकी गिनती करना असंभव है। सेंट स्टीफंस कॉलेज के शुरूआती दौर में पढ़ने के लिए मौजूदा हरियाणा राज्य से चौधरी छोटूराम भी आया करते थे। वे आगे चलकर किसानों के मसीहा कहलाए। अब भी हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता चौधरी छोटूराम को अपना मसीहा मानती है। संयोग देखिए कि अब उनके प्रदेश में उनके शिक्षण संस्थान ने दस्तक दे दी। जाहिर है, इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा। अगर आपका कभी दिल्ली के चांदनी चौक में जाना हो तो आपको वहां पर किनारी बाजार को ढूंढने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। वहां से आप कटरा खुशहाल राय में चंद मिनटों में पहुंच सकते हैं। यहां पर पहुंचकर किसी से पूछिए कि सेंट स्टीफंस कॉलेज कहां था? आपको कोई ना कोई बता देगा कि उस सामान्य सी हवेली का रास्ता जहां से 1 फरवरी, 1881 को सेंट स्टीफंस कॉलेज की यात्रा शुरू हुई थी। यह तब कलकत्ता यूनिवर्सिटी का हिस्सा था। सेंट स्टीफंस कॉलेज की दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित पहली इमारत को देखकर कोई सोच भी नहीं सकता कि यहां से शुरू हुआ सेंट स्टीफंस कॉलेज बुलंदियों को छूने लगेगा। जो सफर 140 साल से भी पहले शुरू हुआ था था, उसका अब विस्तार हो चुका है। सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज खुल चुका है। महत्वपूर्ण है कि दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इसका संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इसने आगे चलकर अपना नाम दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी रखा। इसने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस अस्पताल की भी स्थापना की थी। देश के बंटवारे के बाद सरहद के उस पार से लुटे-पिटे आए लाखों हिन्दू और सिख शरणार्थियों का इस अस्पताल ने श्रेष्ठ इलाज किया था। एक बात बहुत साफ है कि स्तरीय शिक्षा सर्वसुलभ होनी बहुत आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि सालों, दशकों से स्थापित शिक्षण संस्थाएं अपना तेजी से विस्तार करें। वे देश के ग्रामीण क्षेत्रों का रुख भी करें। वहां पर स्तरीय और सस्ती शिक्षा उपलब्ध करवाएं। स्कूल या कॉलेज खोलने का आधार अपनी जेबें भरना नहीं होना चाहिए। जो शिक्षा के नाम पर मोटी कमाई कर रहे हैं, वे सच में मां सरस्वती का अपमान कर रहे हैं। मैं यहां पर महात्मा गांधी के परम शिष्य ब्रज कृष्ण चांदीवाला का उल्लेख करना चाहता हूं। चांदीवाला गांधी जी से पहली बार 1918 में मिले थे। तब गांधी जी दिल्ली आए ही थे। उसके बाद वे गांधी जी के जीवपर्यंत शिष्य बनकर साथ रहे। उन्होंने गांधी जी के पार्थिव शरीर का 31 जनवरी,1948 की रात को अंतिम स्नान भी करवाया था। ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने अपनी मां और समाज सेविका श्रीमती जानकी देवी जी के नाम पर 1959 में राजधानी में जानकी देवी कॉलेज स्थापित किया था। इस क़ॉलेज ने अब तक लाखों बेटियों को साक्षर बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। यहां इन्द्रप्रस्थ हिन्दू गर्ल्स स्कूल की चर्चा करना समीचीन होगा। राजधानी का यह कन्या विद्लाय 1904 में शुरू हुआ था। यह उत्तर भारत के पहले कन्या विद्लायों में से एक माना जाता है। कमला नेहरू, प्रख्यात सरोद वादिका शरण रानी बाकलीवाल, कपिला वात्सायन वगैरह ने इसी में शिक्षा ग्रहण की थी। इस स्कूल के प्रबंधन ने ही राजधानी में इन्द्रप्रस्थ कॉलेज खोला जिसने हाल ही में अपना 100 साल का सफर पूरा किया है। यह कैसे हो सकता है कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के सबसे पुराने कॉलेजों में से एक रामजस कॉलेज के संस्थापक , शिक्षाविद और दानवीर राय केदारनाथ का उल्लेख रह जाए। उन्होंने अपने पिता लाला रामजस मल के नाम पर रामजस कॉलेज और अनेक स्कूल स्थापित किये। राय केदारनाथ दिल्ली के सेशन जज भी रहे। उन्होंने अपनी नौकरी को छोड़कर ज्ञान की रोशनी फैलाने में अपना जीवन लगा दिया। कहते हैं कि वे अपने स्कूलों की इमारतों के निर्माण के समय खुद सिर पर ईंटे ढोया करते थे। रामजस कॉलेज और स्कूलों में देशभर के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। यहां दिल्ली विश्व विद्लाय की तरफ से भी एक स्कूल चलाया जाता है। यह विश्व विद्लाय कैंपस में ही है। उसने कुछ समय पहले अपनी 75वी वर्षगांठ मनाई। कितना अच्छा हो कि दिल्ली विश्व विद्लाय की तरफ से किसी ग्रामीण इलाके में स्कूल चलाया जाये।



**मेष राशि**-आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा।
**वृष राशि**-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपकी सेहत पहले से काफी बेहतर रहेगी। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपके कुछ खास काम पूरा होने में समय लग सकता है, लेकिन शाम तक पूरा हो जायेगा।
**मिथुन राशि**-आज आपका दिन पॉजिटिब रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप मेहनत से अपनी पहचान बनाएंगें। आपके कार्यों की सराहना होगी। कुछ नए विषयों में आपकी रूचि बढ़ेगी, जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे।
**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आज आपको ऐसी जगह से बुलावा आएगा, जहां आप कई दिनों से गए न हो। जीवनसाथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है। आज आपको पैसे की जरूरत होगी, वह किसी करीबी से मिल जाएगा।
**सिंह राशि**-आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटिविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन... काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे। इवेंट मनेजमेंट की पढाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं।
**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। आज आप व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, राजनीति से जुड़े लोगों को सभा संबोधित करने का मौका मिलेगा।
**तुला राशि**-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा। आपको किसी से फोनकॉल के द्वारा शुभ सूचना मिल सकती है, घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा।
**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।
**धनु राशि**-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी पार्क में घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।
**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको जरूरत से ज्यादा सोचने से बचना चाहिए। बच्चे आज आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे, जिससे आपको प्रसन्नता होगी। सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। कहीं रुका हुआ धन आज आपको वापस मिलेगा। आज आपको वाहन सुख मिलेगा।
**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। आपका विनम्र स्वभाव सारहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है।
**मीन राशि**-आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। किसी उलझन से आज आपको छुटकारा मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपका सामाजिक दायरा और सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। रिश्तेदारों के घर आने से दिनभर का शेड्यूल बदल सकता है, घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

## शब्द सामर्थ्य -041

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 040 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | रीं |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## सू- दोकू क्र.041

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 040 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु पुष्पेश**❋; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; समाचार संपादक : **राजेश कुमार**। बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड। **गिरिडीह** – बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड।
फोन– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार बोर्ड कंपार्टमेंटल परीक्षा कल से शुरू, प्रदेश में बनाए गए 97 परीक्षा केंद्र, 48,386 परीक्षार्थी एग्जाम में होंगे शामिल

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट विशेष व कंपार्टमेंटल परीक्षा कल से शुरू हो रही है। इसके लिए पूरे राज्य में 97 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा 11 मई तक चलेगी। इस परीक्षा में राज्यभर से कुल 48,386 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिसमें से 22,200 छात्राएं और 26,186 छात्र हैं। विशेष परीक्षा में 11,068 और कंपार्टमेंटल की परीक्षा में 37,318 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पटना जिले में 2900 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिले में 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में प्रवेश कर लेना अनिवार्य है। बिहार बोर्ड ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि देर से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। प्रथम पाली के परीक्षार्थी को सुबह 9 बजे और दूसरी पाली के परीक्षार्थी को दोपहर 1:30 बजे तक हर हाल में परीक्षा भवन में प्रवेश कर जाना होगा। परीक्षा केंद्र में जूता-मोजा पहनकर आना वर्जित है। केंद्र के अंदर मोबाइल, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रानिक गैजेटस, स्मार्ट वाच, ह्वाइटनर एवं इरेजर आदि लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, स्मार्ट घड़ी और मैगनेटिक घड़ी भी नहीं ले जा सकते। परीक्षार्थी सिर्फ सूई वाली घड़ी पहनकर परीक्षा भवन में प्रवेश कर सकते हैं। बोर्ड ने नकल रोकने की पुख्ता व्यवस्था करने को लेकर यह पहल की है। परीक्षा कक्ष में कोई भी परीक्षार्थी के साथ साथ वीक्षक भी मोबाइल नहीं ने जा सकेंगे। परीक्षा समिति ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नियंत्रण कक्ष 28 अप्रैल से 11 मई तक सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष के नंबर 0612-2232227, 2232257 पर सूचित कर परीक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय गेट पर तलाशी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएगी और इसके लिए केंद्र पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल का उपयोग किया जाएगा।

### इंटर विशेष प्रैक्टिकल एग्जाम का एडमिट कार्ड जारी, 15 और 16 मई को आयोजित होगी परीक्षा, जानें कैसे करें डाउनलोड

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट विशेष परीक्षा-2024 के लिए प्रैक्टिकल एग्जाम का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। पंजीकृत परीक्षार्थी बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट seniorsecondary.biharboardonline.com पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। प्रैक्टिकल विषयों की परीक्षा 15 और 16 मई को आयोजित होगी।



BSEB की ओर से निर्धारित केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले प्रत्येक परीक्षार्थी को अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा। इसके आलावा 12वीं की कंपार्टमेंटल और विशेष परीक्षाएं 29 अप्रैल से 11 मई तक आयोजित की जाएंगी। एग्जाम दो पालियों में सुबह 9:30 से दोपहर 12:45 और दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 तक आयोजित की जाएगी।

### महिला सिपाही के शव को परिजनों को सौंपा, घर वाले बोले-नहीं दिया कोई सम्मान

**पटना।** पाल होटल में लगी आग की घटना में छह लोगों की मौत मामले में सभी मृतक की पहचान के बाद शवों को परिजनों के हवाले कर दिया गया। रविवार को मृत महिला सिपाही प्रियंका का शव भी परिजनों के हवाले कर दिया गया। महिला सिपाही के दिव्यांग भाई और परिवार वालों ने कहा बिहार पुलिस ने जाबांज सिपाही को कोई सम्मान तक नहीं दिया।



प्रियंका समस्तीपुर के रोसड़ा जेल में पोस्टेड थी। परिजनों का कहना है कि घटना से पहले महिला सिपाही ने परिवार के लोगों से बात की थी। भभुआ से पटना आने के बाद होलट में खाना खाने के दौरान हादसा हुआ और वो उसकी चपेट में आ गई। लेकिन हादसे की जानकारी परिजनों को नहीं मिल पाई। घर वाले समस्तीपुर रोसड़ा जेल से घटना के 10 दिन पहले छुट्टी लेकर भभुआ अपने गांव पहुंची थी। छुट्टी खत्म होने के बाद भभुआ से पटना पहुंची और खाना खाने के दौरान उसका मोबाइल बंद हो गया। इस वजह से घर वालों को इस घटना की जानकारी नहीं मिल पाई। घर वालों ने समस्तीपुर जेल से प्रियंका की जानकारी ली लेकिन वहां वो नहीं पहुंची थी। हालांकि, छानबीन के बाद कोतवाली पुलिस ने समस्तीपुर जेल प्रशासन को इस बात की जानकारी दी। आपको बता दें कि 25 अप्रैल को दिन के 11 बजे के आसपास कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित स्टेशन गोलंबर के समीप पाल होटल में खाना बनाने के दौरान आग लग जाने से छह की दर्दनाक मौत और 12 से अधिक लोग घायल हो गए थे। घायल में दो की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है और अन्य घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

### पटना में 24 घंटे के अंदर 55 अपराधी गिरफ्तार, अलग-अलग मामलों में थी तलाश

**पटना।** पटना पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न थानों क्षेत्रों में विशेष अभियान चला रही है। इसकी कड़ी में पिछले 24 घंटे के अंदर अलग-अलग मामलों में 55 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर 4.23 लाख का चालान काटा है।




पुलिस मुख्यालय के आदेश पर ये कार्रवाई की गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ 7 बाइक, 492 ग्राम ब्राउन शुगर, 180 लीटर विदेशी शराब, 7 मोबाइल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। वहीं, पटना के अलग-अलग चेक पोस्टों पर ट्रैफिक पुलिस ने भी विशेष अभियान चलाया। नियमों की अवहेलना पर 170 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कुल 4.23 लाख का चालान काटा गया है। 35 गाड़ियों को जब्त किया गया है। क्षमता से अधिक यात्रि बैठाने पर 89 ऑटो चालकों से 89 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है।

### दानापुर पुलिस ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार, मोबाइल चोरी और खरीदने-बेचने का आरोप

**पटना।** दानापुर पुलिस ने मोबाइल चोरी करने और खरीदने-बेचने के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। चोरी का मोबाइल भी बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज गिया है। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने इसकी पुष्टि की है। दरअसल,



गांधीनगर गाभतल निवासी नित्यानंद सिंह ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि 23 अप्रैल को देर रात 1 बजे के आसपास घर से मोबाइल चोरी हो गई। छानबीन में पता चला कि गांव के ही भोला कुमार नामक युवक ने इस घटना को अंजाम दिया है। लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी भोला को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशानदेही पर अखाड़ा रोड निवासी आकाश कुमार और दलदली रोड निवासी सौरभ कुमार की गिरफ्तारी हुई। दोनों चोरी का मोबाइल खरीदने और बेचने का काम करता था।

# दो भाइयों से एक ही दिन में 3.40 लाख रुपए की ठगी

## साइबर अपराधियों ने कम लागत में ज्यादा प्रॉफिट का दिया लालच

एजेंसी, पटना।

पटना के दीघा थाना क्षेत्र के कुर्जी मोड़ मोड़ निवासी सतेंद्र नाथ चौधरी और उनके छोटे भाई जितेंद्र नाथ चौधरी से एक ही दिन में करीब 3.40 लाख रुपए की ठगी हुई है। सतेंद्र सोना कारोबारी के यहां ड्राइवर हैं, जबकि जितेंद्र एलआईसी एजेंट हैं। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना में केस दर्ज हुआ है।



**कम लागत में ज्यादा प्रॉपर्टी का दिया झांसाः** सतेंद्र ने बताया कि 25 अप्रैल को इस नंबर 8764557789 से सुबह के 11 बजे के करीब कॉल आया। फोन करने वाले ने कहा कि आपका नंबर आरा के एक सोना दुकानदार से मिला है। हम लोगों के पास दुबई का सोना आया है। वो सस्ता मिल रहा है। पैसा भी हम लोग किस्त में ले लेंगे।

**पेमेंट करने के बाद से ठग का फोन बंद हैः** मुझे सोना के बिस्किट का फोटो भेजा और कहा कि बुकिंग के हिसाब से अमाउंट भेजना होगा। डिलीवरी अगले दिन हो जाएगा। लालच में आकर मैंने 10 बिस्किट का ऑर्डर कर दिया। 40 हजार रुपए पेमेंट के लिए यूपीआई स्कैनर भेजा। ऐसा करते ही मेरे मोबाइल पर दो मैसेज आया। पहले 40 हजार और दूसरा 1.70 लाख कटने का मैसेज मिला। उसके बाद से ही ठग का फोन बंद है।

**जमीन के नाम पर दिया झांसाः** वहीं, दूसरे भाई जितेंद्र ने बताया कि मैंने किसी साइट से पटना में जमीन का रेट लिया था। उसको बाद 25 अप्रैल को एक शख्स ने फोन करके कहा कि बिहटा सरमेरा रोड पर सोसाइटी की जमीन है। किसी विवाद में फंसा हुआ हुआ है। अगर जमीन लेना चाहते हैं तो 40 लाख की जमीन मात्र 7 से 8 लाख में मिल जाएगी।

**ठग ने कहा- 1.30 लाख देकर एग्रीमेंट करा लीजिएः** ठगों ने जमीन का नक्शा भी भेज दिया और कहा कि एक पार्टी ने इसी प्लॉट के लिए एडवांस 3.70 लाख दिया था। लेकिन अब वह मुकर रहा है। आप 1.30 लाख देकर एग्रीमेंट करा लीजिए। हम आपको लोन दिला देंगे। फिर आप 3.70 लाख लौटा देना। लालच में मैंने आकार उनको पैसा भेज दिया। उसके बाद से मोबाइल नॉट रीचेबल बता रहा है। ठगी का एहसास होने पर साइबर थाना में मामला दर्ज कराया है।

**क्या कहते हैं साइबर थानाध्यक्षः** इस संबंध में साइबर थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। दोनों नंबरों के लोकेशन की जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर ली जाएगी।

# पटना में ट्रक चालक और खलासी से लूट

एजेंसी, पटना।



♦ हाफ पैंट में आए बदमाशों 26 हजार ट्रांसफर करवाया, मोबाइल भी ले गए

पटना के धनरूआ थाना इलाके के चारपोखरा के नजदीक बीती रात अपराधियों के एक गिरोह ने ट्रक का टायर पंचर कर ड्राइवर, खलासी से जमकर लूटपाट की। बदमाशों ने ट्रक के चालक को डरा धमका कर घर वालों से ऑनलाइन पैसे मंगवाए और फिर खुद के खाते में ट्रांसफर करवा कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित चालक ने धनरूआ थाने में इस घटना की लिखित शिकायत की है।

**ऑनलाइन लिए पैसेः** ट्रक चालक राकेश कुमार अपनी गाड़ी से गाड़ी में दाना लोड करके मुजफ्फरपुर से धनरूआ के रास्ते गया जा रहे थे। धनरूआ थाना के देवकली चारपोखरा गांव के नजदीक अचानक आधी रात को उनके ट्रक का टायर पंचर हो गया। टायर पंचर होने के बाद चालक राकेश कुमार गाड़ी से उतर कर टायर बनाने में जुट गए। इस बीच लगभग आधा दर्जन अपराधी उनके पास पहुंचे। अपराधियों ने राकेश कुमार को फोन करके ऑनलाइन पैसा मांगने का निर्देश दिया। जब राकेश ने ऑनलाइन पैसा मांगने से आनाकानी करना शुरू कर दिया। इस बीच अपराधियों के द्वारा राकेश कुमार की जमकर पिटाई कर दी गई। तब राकेश कुमार ने अपने परिजनों से गाड़ी बनवाने के लिए ऑनलाइन 30,000 मांग कर अपराधियों को दी। पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना की पुष्टि करते हुए मसौढ़ी अनुमंडल के एसडीपीओ कन्हैया सिंह ने बताया कि लगभग आधा दर्जन अपराधियों ने आधी रात के वक्त गाड़ी का टायर पंचर करके जमकर लूटपाट की।

# मुजफ्फरपुर में मधुबनी पेंटिंग से बने प्रोडक्ट की भारी डिमांड

एजेंसी, मुजफ्फरपुर।

मधुबनी पेंटिंग के कलाकार इस लोक सभा चुनाव में काफी खुश हैं। राजनेताओं की पहली पसंद मधुबनी पेंटिंग से बने समान की है। इसको लेकर कलाकार दिन रात डिमांड पूरा करने में लगे हुए हैं। कलाकारों ने बताया कि ऑफ सीजन के बाद भी इस बार अच्छी कमाई हो रही है, जितने भी राजनीति सभाएं हो रही हैं वहां से सभी लोग मधुबनी पेंटिंग से बना सामान मंगा रहे हैं।

**दूसरे राज्यों से भी प्रत्याशी कर रहे हैं संपर्कः** मुजफ्फरपुर की इप्शा पाठक आवरण नाम की संस्था चलाती हैं, जिसमें मिथिला और मधुबनी पेंटिंग के 300 कलाकार काम करते हैं। उनका कहना है कि चुनाव में हमें दो तरह से लोग अप्रोच कर रहे हैं। नेता खुद बनवा रहे हैं या फिर सप्लायर हमें आर्डर दे रहे हैं, जिसमें पार्टी चिन्ह के साथ मिथिला और मधुबनी पेंटिंग की जा रही है।



JDU, RJD, BJP, कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उनसे बताते हैं कि ऐसे प्रोडक्ट से चुनाव प्रचार को परंपरा और संस्कृति से जोड़ने के लिए वोटर से सीधा जुड़ाव हो सकेगा। साथ ही यह लोगों का ध्यान भी खींचेगा। चुनाव में महिलाओं को बड़ा प्लेटफॉर्म मिला है। सोशल मीडिया पर तस्वीरें और जानकारी साझा करने के बाद अब दूसरे राज्यों से भी प्रत्याशी संपर्क कर रहे हैं। इप्सा ने बताया कि शॉल, स्टॉल, गमछा, पाग, साड़ी पर प्रति नग सौ रुपए से पांच सौ रुपए तक की बचत होती है। महिलाओं को इससे अच्छी आमदनी हो रही है।

# चाचा-भजीते पर फायरिंग, एक की मौत, ईंट भट्ठा से लौटने के दौरान 7 बदमाशों ने की गोलीबारी

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर के मनेर थाना क्षेत्र ब्रह्मचारी में शनिवार की देर रात अपराधियों ने बाइक से घर जा रहे चाचा और भतीजा को गोली मार दी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान चाचा की मौत हो गई। वहीं भतीजे की गंभीर स्थिति बनी हुई है। ब्रमचारी पोखर पर निवासी देव कुमार अपने भतीजे बिट्टू कुमार साथ रात 11 बजे के करीब भट्ठा से घर लौट रहे थे। तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर दनादन गोलियां दाग दी। सात की संख्या में रहे अपराधियों ने एक के बाद एक लगभग आधा दर्जन गोलियां चलाईं। जिसमें देव कुमार को दो गोली लग गई। वहीं एक गोली उनके भतीजे बिट्टू को एक गोली लगी।



...भतीजा भर्ती

**देव के भाई की भी हो चुकी है हत्याः** घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सहयोग से दोनों घायल को पटना के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। सूचना पाकर मनेर पुलिस मौके पर पहुंची। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए पटना के आईजीआईएमएस भेज दिया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष देव कुमार के भाई अरुण कुमार की भी अपराधियों ने ब्रह्मचारी में गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**FSL की टीम करेगी जांचः** घटना के संबंध में मनेर डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि शनिवार की रात 11 बजे के करीब देव कुमार राय और उनका भतीजा अपने भट्ठे से बाइक से घर जा रहे थे। उसी दरम्यान ब्रह्मचारी मोड़ पर पीछे से अपराधियों ने देव कुमार को गोली मार दी। इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई है। वहीं घायल भतीजा बिट्टू खतरे से बाहर है। जिसका इलाज पटना के निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। मृतक के भतीजे बिट्टू का कहना है कि पूर्व के आपसी रंजिश के कारण घटना को अंजाम दिया गया है। घटनास्थल से एक खोखा बरामद की है। मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया जा रहा है।

### महिला सिपाही से यौन शौषण मामले में खुलासा

# 2023 में ही आरोपी की हुई थी शादी, छुट्टी लेकर हुआ फरार, पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज

एजेंसी, पटना।

पटना में कार्यरत महिला पुलिसकर्मी ने पुरुष सिपाही पर यौन शौषण का आरोप लगाया था। अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपी पहले से ही शादीशुदा है। उसकी शादी 2023 में ही हुई थी। आरोपी सुजीत कुमार बाढ़ अनुमंडल में कार्यरत है। छानबीन में पता चला है कि वो अभी छुट्टी पर है। पुलिस जब उसके कमरे पर पहुंची तो वहां भी नहीं मिला। वहां से भी फरार है।

**घर में शादी जैसा कोई माहौल भी नहीं दिखाः** इस संबंध में बुद्धा कॉलोनी थानाध्यक्ष सदानंद साह ने बताया कि महिला सिपाही के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। पीड़िता ने बताया था कि 26 अप्रैल को सुजीत की शादी होने वाली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उसके घर पर पहुंची थी, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। घर में शादी जैसा कोई माहौल भी




नहीं दिखा

**2023 में ही सुजीत की हो चुकी है शादीः** आसपास के लोगों ने बताया कि सुजीत की शादी 2023 में ही हो चुकी है। उसकी पत्नी भी अपने सास ससुर के साथ यहीं रहती है। 23 अप्रैल को छुट्टी लेकर सुजीत घर आया था। दूसरे दिन परिवार के साथ घूमने निकल गया। उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ पुलिस की सुजीत से बात हुई है। उसने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताते हुए कहा है कि अभी छुट्टी पर बाहर है। वापस आकर अपनी बात रखेगा।

**क्या है पूरा मामलाः** बता दें, 24 अप्रैल को महिला सिपाही ने बुद्धा कॉलोनी थाने में शादी का झांसा देकर यौन शौषण का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। पीड़िता सुपौल की रहने वाली है, जबकि सुजीत मूल रूप से गया जिले के कोंच थाने के डबूर गांव का रहने वाला है। लिखित आवेदन के आधार पर आईपीसी की धारा 376 के तहत केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि सुजीत के साथ वो दो साल से रिलेशन में थी। शादी की बात करने पर वो टाल देता था। इस बीच पता चला कि वो कहीं और शादी कर रहा है। बात करने पर उसने मेरे से शादी करने से इंकार कर दिया। मेरे परिवार के सदस्य उसके घर भी गए थे, लेकिन वो नहीं मिला।

# हत्या,डकैती सहित कई मामले में फरार 40 अभियुक्त गिरफ्तार

एजेंसी, हाजीपुर।

वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय के निर्देश पर चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान में पुलिस ने हत्या,डकैती,अपहरण, हत्या के प्रयास, चोरी के मामले सहित कई कांड में फरार चल रहे 40 अभियुक्त को अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जिसे पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस ने शराबबंदी को लेकर चलाया गया विशेष छापेमारी अभियान के दौरान 73 लीटर देसी और विदेशी शराब बरामद की है। जबकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने मामले में पुलिस के द्वारा वाहन चालकों से 99500 हजार जुर्माना वसूला गया। जबकि 7 मामले में फरार चल रहे वारंटी के घर कुर्की की कार्रवाई की गई है। वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से 40 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। सभी को आवश्यक कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दी गई है।



♦ वैशाली में यातायात नियम उलंघन मामले में 99500 हजार की वसूली

# मुजफ्फरपुर में युवक ने साहू पोखर में लगाई छलांग

एजेंसी, मुजफ्फरपुर।

मुजफ्फरपुर के नगर थाना क्षेत्र के साहू पोखर में एक युवक ने छलांग लगा दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मचा गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस और SDRF की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। टीम आधे घंटे से रेस्क्यू कर रही है, लेकिन अभी तक शव बरामद नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक युवक दौड़ते हुए आया और पोखर में छलंग लगा दिया। हमलोग पोखर के पास पहुंचे तब-तक युवक डूब चुका था। हमलोगों ने बांस के सहारे निकालने की कोशिश की, लेकिन युवक नहीं निकल पाया। हमलोगों ने पुलिस और SDRF को टीम को सूचना दिया। टीम आनन-फानन में टीम मौके पर पहुंची और खोजबीन शुरू की।

♦ तलाश में जुटी SDRF की टीम, दो बोट से की जा रही है खोजबीन



**दो बोट से चल रहा है सर्च ऑपरेशनः** SDRF टीम के संजय तिवारी ने बताया कि सूचना मिली की एक युवक पोखर में डूब गया है, जिसके बाद हमलोग टीम के साथ आए हैं। दो बोट से शव की खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन अभी तक शव बरामद नहीं हुआ है।

# लालू बोले-PM मर्यादा तोड़ बोल रहे झूठ

## BJP का जवाब-4 जून के बाद बेल वाले जाएंगे जेल, राजद सुप्रीमो को परिवार के आगे नहीं दिखता

एजेंसी, पटना।

राजद सुप्रीमो लालू यादव ने एक बार फिर पीएम मोदी पर हमला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- जो प्रधानमंत्री लोकतांत्रिक मूल्यों, लोकलाज, मर्यादा व पद की गरिमा, त्याग तथा संविधान को दरकिनार कर स्वयं जनता के बीच झूठ, भ्रम और नफरत फैला समाज से न्याय, सौहार्द, बराबरी और भाईचारे को समाप्त कर देश एवं समुदायों में विघटन व विभाजन पैदा करने पर उतारू हो तो ऐसे व्यक्ति को एक क्षण भी पद पर रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। हमारे महान देश एवं न्यायप्रिय समाज ने ना कभी ऐसी विभाजनकारी सोच को बर्दाश्त किया है और ना ही करेगा। यह गांधी, फुले, कलाम, अंबेडकर, लोहिया, जेपी और कर्पूरी का देश



है। कुर्सी के लिए इस महान देश एवं बाबा साहेब के संविधान की बलि चढ़ाने की मंशा रखने वाले ऐसे लोगों को जनता इस चुनाव में कड़ा सबक़ सिखाएगी। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के इस बयान पर मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि राजद सुप्रीमो ने कितनी मर्यादाएं तोड़ी हैं, सबको मालूम है। वोट बैंक की खातिर किसी को नहीं छोड़ा है। आज तक परिवार के अलावा किसी को देखा नहीं। इसलिए लालू यादव मर्यादा पर सवाल ना उठाएं।

**4 जून के बाद बेल वाले जाएंगे जेलः** आगे मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि 4 जून को जिस दिन मोदी सरकार फिर से बनेगी, जितने बेल वाले हैं वो जेल जाएंगे। तेजस्वी यादव इससे घबराए और डरे हुए हैं। इसलिए उनका बड़बोलापन दिख रहा है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और तेजस्वी की पत्नी राजश्री के चक्की पीसते वीडियो पर नितिन नवीन ने कहा कि लोगों ने इससे पहले भी कई तस्वीरें देखी हैं। संस्कार है तो अच्छा है। हम लोग चाहते हैं कि बिहार के लोगों में इस तरह के संस्कार हों, लेकिन ये संस्कार उस वक्त कहां गया था, जब भगवान राम का अपमान हो रहा था। उन्होंने कहा कि हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किया जा रहा था। उस वक्त मौन थे। टोपी पहनने के लिए परेशान थे। लेकिन जब बहुत खिसकता हुआ नजर आ रहा है तो चक्की पीस रहे हैं। चक्की तो गांधी जी भी पीसे थे उन्होंने समाज को आगे ले जाने का काम किया था। लेकिन लालू परिवार अपने लोगों को बढ़ाने में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक को लटकाकर कार दौड़ाने, बाइक फूंकने वाला यू-ट्यूबर गिरफ्तार, आईटी एक्ट के तहत दर्ज हुआ था केस

**प्रयागराज , एजेंसी।** हंडिया में रील बनाने के लिए जानलेवा स्टंट करना यू-ट्यूबर सुमित कुमार दुबे को महंगा पड़ा। बाइक में आग लगाने व युवक को दरवाजे से लटकाकर कार दौड़ाते हुए रील बनाने पर एक दिन पहले दर्ज मुकदमे में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, बाद में उसे मुचलके पर छोड़ दिया गया। वहीं, घटना में प्रयुक्त की गई उसकी महिंद्रा एसयूवी कार भी सीज कर दी गई।
इस मामले में तब हड़कंप मचा था, जब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह रील वायरल हुई। पुलिस ने शुक्रवार को सुमित पुत्र दिनेश दुबे निवासी बढ़ौली दुमदुमा, सैदाबाद थाना हंडिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी और शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही उसकी महिंद्रा कार भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सीज कर दी गई। एसीपी हंडिया पंकज लवानिया ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जमानती धाराएं होने के कारण उसका शांतिभंग में चालान किया गया है। मामले में पुलिस खुद वादी बनी है। हंडिया थाने के कांस्टेबल शिवम यादव की तहरीर पर रील बनाने वाले सुमित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यू-ट्यूबर सुमित दुबे का नाम पिछले साल दुष्कर्म, मारपीट व धमकी देने के मामले में भी सामने आया था। उसके साथ रील बनाने वाली अल्लापुर निवासी बीएड की छात्रा ने ही आरोप लगाया था कि उसे वाराणसी में एक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। इससे पहले कार में पिस्टल सटाकर धमकाया गया। छात्रा की तहरीर पर जार्जटाउन थाने में केस दर्ज हुआ। हालांकि, बाद में पीड़िता बयान से मुकर गई, जिस पर मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई थी।

### बरात से लौट रही कार में ट्रक ने मारी टक्कर, दो बच्चियों समेत दस घायल

**अलीगढ़ , एजेंसी।** 27 अप्रैल की रात करीब साढ़े आठ बजे अलीगढ़-गाज़ियाबाद एक्सप्रेस वे के पचपेड़ा कट पर बरात से लौट रही कार में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे कार सवार दस लोग घायल हो गए। इनमें दो बालिकाओं की हालत गंभीर है, जिन्हें देर रात जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों को अलीगढ़ शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर टक्कर मारने वाले ट्रक को भगा देने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने रात नौ बजे एक्सप्रेस वे पर जाम लगा दिया था। रात 12 बजे तक मौके पर जाम लगा था। ग्रामीण टक्कर मारने वाले ट्रक को पकड़ने और ट्रक को भगाने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। भांकरी के पास एक फार्म हाउस में शादी समारोह में शामिल होने के बाद कार में कपिल, अजय,भरत सिंह, खुशी, आस्था, सोम, रित, तनु, रितु, शौर्य समेत दस लोग वापस अपने गांव खेड़िया हैवत खां लौट रहे थे। शादी समारोह से करीब दो किलोमीटर दूर ही एक्सप्रेस वे से गांव के रास्ते पर कार मुड़ी तभी पीछे से आए ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बराती गंभीर रूप से घायल होकर चीख-पुकार मचाने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग भागकर पहुंचे। वहीं खबर पाते ही शादी समारोह सहित गांव खेड़िया हैवत खां से भी ग्रामीण पहुंच गए थे। इन लोगों का आरोप है कि पास में पुलिस की एक गाड़ी खड़ी थी। पुलिस कर्मियों ने लेन-देन कर टक्कर मारने वाले ट्रक चालक को भगा दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल करीब 12 वर्षीय आस्था और खुशी को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जबकि अन्य घायलों का अलीगढ़ शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। जाम की खबर मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। देर रात तक वह ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाने की कोशिश में लगे रहे। रात 12 बजे कार्रवाई के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खोला।

# प्रदेश में इस सप्ताह लू का अलर्ट, पांच डिग्री तक बढ़ेगा रात का तापमान, लखनऊ से आया हीट वेव का पहला केस



**लखनऊ , एजेंसी।** देश का अधिकांश हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है। यूपी में लू चल रही है। लखनऊ में हीट वेव की चपेट में आने का पहला मामला सामने आया है। शनिवार को हीटवेव की शिकार बसंतकुंज निवासी वैष्णवी गौतम को बुखार व उल्टी-दस्त की शिकायत ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में दो से पांच दिन लू चलने की चेतावनी जारी की है। पश्चिम बंगाल व ओडिशा में लू चलने का रेड अलर्ट जारी किया है। उधर, पंजाब में शनिवार को तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई।

मौसम विभाग ने गर्भवती महिलाओं व बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। दूसरी ओर, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को मौसम का सबसे गर्म दिन (40 डिग्री सेल्सियस) रहा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में रात के अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की बढोतरी की संभावना है। इसे उष्ण रात्रि या वॉर्म नाइट कहते हैं।

देश का अधिकांश हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है और लोग बेहाल हैं। मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा में लू चलने का रेड अलर्ट जारी किया है, वहीं उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में अगले दो से पांच दिन लू चलने का अनुमान व्यक्त किया है। उधर पंजाब-हरियाणा समेत कुछ राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर और आस पास के क्षेत्रों में उष्ण रात्रि रहने की चेतावनी जारी की है। इन इलाकों में रात के अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की बढोतरी की संभावना है।

मौसम विभाग ने कहा कि यूपी और बिहार के अलावा, झारखंड, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा, केरल और आंतरिक कर्नाटक में 30 अप्रैल तक लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने इस दौरान खासकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। उधर, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को मौसम का सबसे गर्म दिन रहा। यहां तापमान पहली बार 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आसमान में हल्के बादलों की मौजूदगी से शनिवार को तापमान में हल्की गिरावट तो रही मगर अगले दो दिनों तक गर्म हवा और लू के थपेड़े चलेंगे और प्रदेश के कई इलाकों में रात के अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की बढोतरी की संभावना है। इसे उष्ण रात्रि या वॉर्म नाइट कहते हैं।

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर और आस पास के क्षेत्रों में उष्ण रात्रि रहने की चेतावनी जारी की है। इन इलाकों में रात के अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की बढोतरी की संभावना है।

## अफसर की पत्नी को डिजिटल अरेस्ट कर 1.48 करोड़ की ठगी, खुद को बताया डीसीपी क्राइम

**प्रयागराज , एजेंसी।** जार्जटाउन में अफसर की पत्नी काकोली दासगुप्ता (68) को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों ने 1.48 करोड़ की ठगी की। ड्रग्स तस्करी का आरोप लगाकर डराया-धमकाया और तीन दिनों तक डिजिटल अरेस्ट किए रखा। इसके बाद आरटीजीएस व अन्य माध्यमों से रकम ट्रांसफर करा ली। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक खाते में भेजे गए 40 लाख रुपये होल्ड करा दिए हैं।

भुक्तभोगी महिला आरएन बनर्जी रोड, जार्जटाउन स्थित घर में अकेली ही रहती हैं। उनके पति केंद्र में अफसर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि साइबर अपराध के जरिए उनसे कुल 1.48 करोड़ रुपये वसूले गए हैं। बताया कि एक दिन एक व्यक्ति ने उनसे फोन पर संपर्क किया। खुद को फेडेक्स इंटरनेशनल कूरियर कंपनी का कर्मचारी अब्बी कुमार बताया। कहा कि आपके नाम से एक पार्सल ताइवान भेजा गया है। इसमें 200 ग्राम ड्रग्स, पांच लैपटॉप, तीन क्रेडिट कार्ड आदि सामान शामिल हैं। उन्होंने ऐसा कोई पार्सल को भेजने की बात से इन्कार किया तो कहा कि आपको शिकायत दर्ज करानी होगी। इसके बाद उनकी कॉल साइबर क्राइम, मुख्य शाखा मुंबई में ट्रांसफर कर दी। इसके बाद एक व्यक्ति से संपर्क हुआ जिसने कुछ ही देर बाद उन्हें वीडियो कॉल पर ले लिया। वह पुलिस यूनिफॉर्म में नजर आया जिसने खुद को डीसीपी क्राइम ब्रांच बताया। साथ ही कहा कि इस मामले की जांच के लिए उनके सारे बैंक खातों की जांच करनी होगी।

इसके बाद वह पहले बात करता रहा और फिर डरा-धमका कर अलग-अलग खातों में रकम भेजने के लिए बाध्य करने लगा। महिला का आरोप है कि इस बीच तीन दिन तक उसने घर पर नजरबंद रखा और डराता धमकाता रहा। पहली कॉल 22 अप्रैल को आई जिसमें उनसे दो बार में 23.30 लाख और 48 लाख रुपये जमा कराए गए। 23 को फिर कॉल आई जिसमें दो बार में क्रमशः 30 व 32 लाख रुपये खाते में भेजने को कहा गया। 24 अप्रैल को तीसरी कॉल आई जिसमें 15 लाख रुपये का ट्रांजक्शन कराया गया। रुपये एसबीआई व यस बैंक के दो खातों में ट्रांसफर कराए गए। शनिवार को विदेश में वैज्ञानिक के पद पर तैनात भतीजे के साथ भुक्तभोगी महिला कमिश्नरेट पुलिस के अफसरों के पास पहुंचीं और कार्रवाई की गुहार लगाई। फिलहाल इस मामले में साइबर थाने में कूरियर कंपनी कर्मचारी के खिलाफ रंगदारी मांगने, आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। साइबर थाना पुलिस ने एक खाते में ट्रांसफर कराए गए 40 लाख रुपये होल्ड भी कराए हैं। साथ ही टीम जांच पड़ताल में जुटी है।

### क्या है डिजिटल अरेस्ट

यह साइबर अपराध का नया तरीका है। इसमें साइबर ठग लोगों को झूठे इल्जाम लगाकर ब्लैकमेल करते हैं। जब आप उनकी बातों में फंस जाते हैं तो वह पुलिस के बड़े अधिकारी से बात कराने का झांसा देकर अपने ही गिरोह के किसी अफसर से वीडियो कॉल पर बात कराते हैं। इसके बाद शिकार बनाए गए व्यक्ति को इतना डरा धमका दिया जाता है कि वह घबरा जाए। साथ ही फंसने का डर दिखाकर किसी से संपर्क करने, कॉल करने या घर से बाहर निकलने से भी मना कर दिया जाता है। वह बताता है कि आपका आधार, सिम कार्ड, बैंक अकाउंट किसी गैरकानूनी काम के लिए इस्तेमाल हुआ है। साथ ही अगर उसकी बात नहीं मानी तो आप कानूनी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। इसके बाद वह रुपयों की मांग करता है।

## सरकारी नौकरी है भाई: निरीक्षण में 21 कर्मचारी मिले गैरहाजिर, इसमें अधिकांश शिक्षक, रामपुर में हकीकत हुई उजागर



**रामपुर, एजेंसी।** सीडीओ के निर्देश पर गठित टीम ने शनिवार को परिषदीय विद्यालय में परिवर्तित हुए समय के मद्देनजर 41 विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें 21 शिक्षक-शिक्षिकाएं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गैरहाजिर मिले। इसकी रिपोर्ट सीडीओ को भेज दी गई है।

शनिवार को खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सुबह करीब सवा आठ बजे ग्राम सिसौना के कंपोजिट विद्यालय पहुंचे। बीडीओ के अनुसार यहां शिक्षिका शमीम खातून गैरहाजिर थीं। प्राथमिक विद्यालय बलखेड़ा में शिक्षक अंकित कुमार, प्राथमिक विद्यालय सिरसखेड़ा में शिक्षका प्राची, ममता गौतम गैरहाजिर मिलीं। सहायक विकास अधिकारी आईएसबी अमरीश कुमार ने ग्राम पैगंबरपुर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कलावती, कंपोजिट विद्यालय मुबारकपुर में शिक्षक रवींद्र कुमार, कंपोजिट विद्यालय देवीपुरा में शिक्षक जगन्नाथ कुमार गैरहाजिर मिले। सहायक विकास अधिकारी लघु सिंचाई जितेंद्र सैनी को बेरखेड़ा प्राथमिक विद्यालय में गीता गुप्ता, सतनाम कौर, कंपोजिट विद्यालय सिकरौरा में रीता गौतम, कंपोजिट विद्यालय बेरखेड़ी सिकरौरा में तेज सिंह, प्राथमिक विद्यालय पसियापुर मनुनगर में शालिनी, आंगनबाड़ी केंद्र चकफेरी मनुनगर में कार्यकर्ता गायब मिलीं। एडीओ पंचायत सलीम हुसैन ने प्राथमिक विद्यालय कुइया, आंगनबाड़ी केंद्र कुइया, कंपोजिट विद्यालय कोठा जागीर के विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां सभी शिक्षक व कार्यकर्ता उपस्थित पाए गए। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता विकास कुमार को धावनी हसनपुर आंगनबाड़ी केंद्र में अंजुम बेबी, गुलशन जहां, कमला रानी गैरहाजिर मिलीं। बहांपुर गंगापुर में काजल सक्सेना, जुल्फिकार, उच्च प्राथमिक विद्यालय बहांपुर गंगापुर में सुरेश सक्सेना, बहापुर गंगापुर के आंगनबाड़ी केंद्र में सूरजमुखी गैरहाजिर मिलीं। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सभी 41 विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों की निरीक्षण रिपोर्ट सीडीओ को भेज दी गई है।

## वोट डालते हुए बनाया वीडियो, किया वायरल, पति-पत्नी पर मुकदमा दर्ज

**अलीगढ़, एजेंसी।** मतदान के समय ईवीएम सहित फोटो-वीडियो खींचने की निर्वाचन आयोग की मनाही के बावजूद लोग नहीं मान रहे। अलीगढ़ शहर में भी इस तरह के फोटो खींचने व वीडियो बनाने की घटनाएं हुई हैं। इसे लेकर महानगर के बन्नादेवी इलाके में वीडियो वायरल करने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ है। वहीं इस मामले में निर्दल प्रत्याशी भ्रष्टाचार विरोधी सेना के पंडित केशव देव ने चुनाव रद्द करने की मांग उठाई है। इस संबंध में एडीएम सिटी को ज्ञापन भी दिया है। इस संबंध में बन्नादेवी थाने के दरोगा की ओर से योगेश गौतम व उसकी पत्नी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मुकदमे के अनुसार उन्होंने सारसौल स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल के केंद्र में जाकर ईवीएम पर वोट डाला और उसकी वीडियो बनाई। इसके बाद उस वीडियो को अपनी फेसबुक आइडी पर डालकर वायरल कर दिया। राजवीर सिंह की ओर से योगेश गौतम व उनकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। इसमें आरोप है कि दोनों ने मतदान प्रक्रिया की गोपनीयता को भंग की है। यह मतदान पर सम्यक रूप से असर डालने के साथ मतदाताओं को प्रभावित कर रहा है और अपराध की श्रेणी में है। यह आचार संहिता के उल्लंघन भी है। इंस्पेक्टर पंकज कुमार मिश्रा ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है। इधर, इस संबंध में निर्दल प्रत्याशी केशव देव ने एडीएम सिटी को ज्ञापन देकर चुनाव रद्द कराने की मांग की है। मतदान के समय का फोटो वीडियो वायरल करने की ये इकलौती घटना नहीं है। जिले में इस तरह की और भी घटनाएं हुई हैं।

## वैशाख में आसमान से बरस रही आग, बीमार बना रही गर्म हवा; गर्मी में बच्चों की सेहत का रखें ध्यान



**बरेली , एजेंसी।** वैशाख में बढ़ता तापमान और गर्म हवा के थपेड़े बच्चों को बीमार बना रहे हैं। वयस्क भी डिहाइड्रेशन की चपेट में आ रहे हैं। अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की कतार लग रही है। बरेली में शनिवार को अधिकतम पारा 39.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने फिलहाल गर्म हवा का सितम जारी रहने का अनुमान जताया है।

सप्ताहभर में पारा तेजी से बढ़ा है। 41 डिग्री के आंकड़े को छूकर फिलहाल शनिवार को यह 39.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जिला अस्पताल की ओपीडी में इसका सीधा असर दिख रहा है। डायरिया व डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। शनिवार दोपहर 12 बजे तक पंजीकरण खिड़की से लेकर ओपीडी, दवा वितरण काउंटर तक आपाधापी रही। तेज बुखार, उल्टी, दस्त के चपेट में आए 118 बच्चों को दिखाने के लिए अभिभावक पहुंचे थे। इनमें से छह बच्चे भर्ती किए गए। वार्ड में पहले से ही 12 बच्चों का उपचार चल रहा है। भीषण गर्मी की वजह से तीन सौ बेड अस्पताल में नेत्र व त्वचा रोगियों की संख्या भी बढ़ रही है। शनिवार को 227 मरीजों को देखा गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय के मुताबिक गर्मियों में तेज धूप और धूल भरी हवा के चलते आंखों में लाली, दर्द, सूजन की समस्या बढ़ती है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल के मुताबिक अब खुजली के मरीज बढ़े हैं। इसकी वजह स्वच्छता का अभाव, पसीने से भीगे कपड़े पहने रहना है। अस्पतालों में सबसे ज्यादा मरीज पेट संबंधी रोग और डिहाइड्रेशन के आए। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. सतीश चंद्रा के मुताबिक गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों को बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने और गर्मी से पाचन क्रिया प्रभावित होने से हालत ज्यादा खराब हो रही है।

बीते सप्ताह तापमान के उतार-चढ़ाव पर गौर करें अधिकतम पारा 37 से 41 डिग्री तक जा पहुंचा। शनिवार को भी यह 39.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। 20 अप्रैल की रात पारा 25 डिग्री पहुंचा था, जो बीच में चार डिग्री लुढ़का। अब फिर यह 24.6 डिग्री पहुंच गया है।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को हाईकोर्ट से राहत, पर नहीं लड़ सकेंगे चुनाव, सजा के निलंबन के लिए जा सकते हैं सुको



**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का अपहरण कराने, रंगदारी मांगने, गालियां और धमकी देने के आरोपी जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत मंजूर कर ली है, लेकिन उनको ट्रायल में कोर्ट से मिली सात साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इससे पूर्व सांसद के राजनीतिक भविष्य पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

हालांकि उनकी पत्नी को बसपा ने जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है। पूर्व सांसद धनंजय के अधिवक्ता कार्तिकेय सरन ने बताया कि जमानत के बावजूद धनंजय चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। क्योंकि हाईकोर्ट ने जमानत तो दी है लेकिन सजा पर रोक नहीं लगाई है। संभव है कि विशेष अदालत से मिली सजा के निलंबन को लेकर धनंजय सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को दोनो पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद उनकी जमानत पर फैसला सुरक्षित कर लिया था। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ कर रही थी। गौरतलब है कि अपहरण मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर जेल से रिहा किए जाने के लिए हाईकोर्ट में मांग की थी।

### जेल से बाहर आने के बाद दिलचस्प होगा मुकाबला

सात साल की सजा के कारण पूर्व सांसद धनंजय सिंह का राजनैतिक भविष्य भले ही अधर में हो, लेकिन पत्नी श्रीकला रेड्डी का चुनाव दिलचस्प होगा। अब यह तय है कि धनंजय की राजनैतिक जमीन पर उनकी पत्नी भाजपा के कृपा शंकर सिंह और सपा कांग्रेस के इंडिया गठबंधन के बाबू सिंह कुशवाहा से मुकाबला करेंगी। फैसले आने के बाद जौनपुर में 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### कासिमपुर में मिला फिशिंग कैट का बच्चा, तेंदुआ समझ कर दहशत में ग्रामीण

**अलीगढ़ , एजेंसी।** तेंदुआ की प्रजाति में शामिल फिशिंग कैट के एक बच्चे को 27 अप्रैल को पावर हाउस के ऐश ड्रम इलाके से पकड़ा गया। वन विभाग की टीम उसे पिंजड़े में ले गई है, जिसे किसी सुरक्षित वन में छोड़ा जाएगा। 27 अप्रैल की सुबह करीब आठ बजे ग्रामीणों ने ऐश ड्रम वाले क्षेत्र में फिशिंग कैट के बच्चे को देखा। यह दिखने में तेंदुआ की तरह लगता है, लेकिन तेंदुआ से छोटा और बिल्ली से बड़ा होता है। फिशिंग कैट के बच्चे को लोगों ने तेंदुआ का बच्चा ही समझा और दहशत में आ गए। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस की सूचना पर वन विभाग की टीम जाल लेकर मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से वन कर्मियों ने फिशिंग कैट के बच्चे को जाल में फंसा लिया। इसके बाद पिंजड़ा मंगवाकर उसमें रखकर ले जाया गया।

## यातायात नियंत्रण के लिए ई रिक्शा पंजीकरण पर रोक नहीं, कोर्ट ने कहा- आरटीओ को रोक लगाने का अधिकार नहीं



**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि यातायात नियंत्रण के लिए यातायात प्रतिबंधित किया जा सकता है, लेकिन ई-रिक्शा के पंजीकरण पर रोक नहीं लगाई जा सकती। न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने आगरा तथा मथुरा में ई-रिक्शा के पंजीकरण पर रोक लगाने वाली अधिसूचना को रद्द कर दिया है।

मथुरा के श्री वृंदावन आटो सेल्स समेत छह आटो एजेंसियों की ओर से अधिसूचना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को स्वीकार करते कोर्ट ने यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने की दलील को सिरे से खारिज कर दिया। कहा, यातायात अनियंत्रित होने के आधार पर ट्रांसपोर्ट अधिकारी को पंजीकरण पर रोक लगाने का अधिकार नहीं है।

याची के अधिवक्ता ने बताया कि मथुरा व आगरा के सहायक रीजनल ट्रांसपोर्ट अधिकारी ने सात नवंबर 2023 व आठ जनवरी 2024 की अधिसूचना से ई-आटो , ई-रिक्शा के पंजीकरण पर रोक लगा दी थी। जबकि नियमावली के तहत सरकार को नियम 178 में पंजीकरण प्रतिबंधित करने का अधिकार नहीं है। ऐसी रोक संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(जी) के विपरीत है।

राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामा में बताया गया कि ई रिक्शा व ई आटो सहित सीएनजी आटो यातायात नियमों का पालन नहीं करते। इनकी दिन प्रति दिन बढ़ती संख्या यातायात नियंत्रण में मुश्किल पैदा कर रही है। अकेले मथुरा शहर में 14,748 ई रिक्शा,12346 सीएनजी, थ्री व्हीलर रिक्शा, 695 ई आटो संचालित हैं। जबकि 105 से अधिक ई रिक्शा डीलरशिप हैं। मथुरा-आगरा की यातायात नियंत्रण की समस्या के मद्देनजर यह प्रतिबंध जनहित में लगाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एलेंजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज बनीं सबसे उम्रदराज मिस यूनिवर्स ब्युनस आयर्स

**नई दिल्ली।** एलेंजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज ने 60 साल की उम्र में मिस यूनिवर्स ब्यूनस आयर्स 2024 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। एलेंजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज को मिस यूनिवर्स ब्यूनस आयर्स 2024 का ताज पहनाया गया। एलेंजांद्रा ने इस उम्र में भी खुद को बहुत खूबसूरती से मेंटेन किया है। पेशे से वकील और पत्रकार एलेंजांद्रा ने 34 खूबसूरत महिलाओं को पीछे छोड़कर ये खिताब अपने नाम किया है। इस कॉन्टेस्ट के लिए आयु सीमा हटा दी गई है दरअसल, मिस यूनिवर्स ऑर्गनाइजेशन ने पिछले साल ही इस कॉन्टेस्ट के लिए उम्र सीमा को हटा दी थी। अब इस फैसले के एक साल बाद ही एलेजांद्रा ने ये खिताब जीता है। पिछले साल हुए बदलाव के आधार पर 18 साल से अधिक उम्र की कोई भी महिला ब्यूटी कॉम्पिटिशन में हिस्सा ले सकती है। बता दें, इससे पहले तक कॉम्पिटिशन में 18 से 28 साल की महिलाएं ही हिस्सा ले सकती थीं। एलेंजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज को 24 अप्रैल के दिन विनर घोषित किया गया।

### टाइटैनिक पर सवार सबसे अमीर शख्स की घड़ी नीलाम, 12 करोड़ रुपए में बिकी

**नई दिल्ली।** टाइटैनिक जहाज पर सवार रहे सबसे अमीर पैसेंजर की सोने की घड़ी नीलाम हुई है। BBC न्यूज के मुताबिक बिजनेसमैन जॉन जेकब ऐस्टर की यह घड़ी 12 करोड़ से ज्यादा की कीमत पर बिकी है। नीलामी से जुड़े अधिकारी एंड्रयू ऐल्ड्रिज ने बताया कि यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस घड़ी के साथ जॉन के गोल्ड कफलिंक्स भी मौजूद हैं। इसे अमेरिका के एक प्राइवेट कलेक्टर हेनरी ऐल्ड्रिज एंड संस ने खरीदा। इससे पहले टाइटैनिक जहाज के डूबते वक्त घबराए पैसेंजर्स को शांत करने के लिए जो वॉयलिन बजाया गया था, उसे साल 2013 में नीलाम किया गया था। नीलामी शुरू होने के 10 मिनट के अंदर यह वॉयलिन साढ़े 9 करोड़ रुपए में बिका था।




**'टाइटैनिक से 2200 लोगों की कहानियां जुड़ीं':** नीलामकर्ता एंड्रयू ने कहा, "ये ऑक्शन इस बात के सबूत हैं कि बिकने वाला सामना कितना अनोखा है। साथ ही ये दिखाता है कि लोग आज भी टाइटैनिक की कहानी को लेकर उत्साहित रहते हैं। 112 साल पहले जो जहाज डूब गया, उसकी बातें आज भी होती हैं। इस जहाज के डूबने से उन 2200 लोगों की कहानियां भी जुड़ी हैं, जो इस पर सवार थे।" टाइटैनिक के डूबते वक्त घड़ी के मालिक जॉन जेकब लाइफबोट के जरिए जाने बचाने की जगह जहाज पर मौजूद दूसरे लोगों के साथ बातचीत कर रहे थे। दरअसल, पहले जॉन को अंदाजा नहीं था कि जहाज पर कितना बड़ा खतरा है।

**बिजनेसमैन जॉन के शव के साथ मिली थी घड़ी:** हालांकि, बाद में टाइटैनिक डूबने लगा और कैप्टन लोगों को लाइफबोट के जरिए जहाज से निकालने लगे। जॉन ने जब तक खतरे को भांपा, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ऐसे में उन्होंने चौथी लाइफबोट के जरिए पहले अपनी पत्नी मैडेलिन ऐस्टर को भेज दिया और खुद जहाज पर ही रह गए। टाइटैनिक के डूबने के करीब 1 हफ्ते बाद समुद्र में जॉन का शव मिला था। उनकी जेब में सोने की घड़ी रखी हुई थी। जॉन उस जहाज पर मौजूद सबसे अमीर शख्स थे। उस वक्त उनकी 725 करोड़ थी, जो आज कई अरबों डॉलर के बराबर होगी। जॉन के बेटे विंसेंट ऐस्टर ने पिता की घड़ी उनके ऐग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी के बेटे विलियम डॉबिन को दे दी थी।

### प्लेन के पास रहस्यमयी ऑब्जेक्ट दिखे

**नई दिल्ली।** मलेशिया के लापता हुए विमान MH370 से जुड़ा एक नए वीडियो सामने आया है। इसे MH370 का ड्रोन वीडियो कहा गया है। वीडियो में विमान के बेहद करीब कुछ उड़ता नजर आ रहा है। इस पर एक यूजर ने लिखा, "प्लेन के इतने करीब उड़ते गोल ऑब्जेक्ट किसी ऑपरेशन का हिस्सा लग रहा है। गोले की चारों तरफ प्लाज्मा क्षेत्र है, जो ग्रैविटी की तरह है।" सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर हो रहे इस वीडियो पर टेस्ला के CEO एलन मस्क का बयान सामने आया है। मस्क ने कहा कि उन्होंने अब तक एलियन से जुड़ा कोई सबूत नहीं देखा है। अगर उन्हें इसकी जानकारी मिलेगी तो वे जरूर साझा करेंगे। वीडियो से जुड़े पोस्ट पर कमेंट करते हुए एलन मस्क ने कहा, "स्पेसएक्स के करीब 6 हजार सैटेलाइट्स अंतरिक्ष में मौजूद हैं। इसके बावजूद हमें अब तक एक बार भी एलियन के करीब से गुजरना नहीं पड़ा है।" मलेशियाई एयरलाइंस का लापता विमान MH370 पिछले 10 साल से रहस्य बना हुआ है। विमान को लेकर अक्सर नई थ्योरीज और दावे सामने आते रहते हैं। करीब एक महीने पहले एक्सपर्ट्स ने आशंका जताई थी कि प्लेन के कैप्टन ने विमान को क्रैश करने की योजना बनाई थी। एक्सपर्ट और ब्रिटिश बोइंग 777 के पायलट साइमन हार्डी ने कहा था, "फ्लाइट MH370 समुद्र की गहराइयों (समुद्र में बनी खाई) में है। कैप्टन जहारी अहमद शाह ने इसे क्रैश करने की प्लानिंग की थी। फ्लाइट के प्री-डिपार्चर डॉक्यूमेंट्स से यह साबित होता है।" वहीं अमेरिका के टेक्सास राज्य की एक कंपनी ओशन इन्फिनिटी ने दावा किया था कि उनके पास MH370 विमान की क्रैश लोकेशन है। कंपनी ने मलेशियाई सरकार के सामने हिंद महासागर में नए सिरे से खोज शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा था।



### मणिपुर के कांगपोकपी में गोलीबारी, 1 की मौत, 12 लोगों ने फायरिंग की, मोर्टार दागे

**इम्फाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले के कांगचुप हिल रेंज में दो गुटों के बीच शनिवार रात से शुरू हुई गोलीबारी रविवार सुबह भी जारी है। इसमें 1 विलेज वॉलंटियर की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि एक गुट के 12 लोगों ने पहाड़ी इलाके से एक साथ गांव पर ओपन फायरिंग की। उन्होंने मोर्टार भी दागे। जवाब में गांववालों ने भी फायरिंग की। पुलिस अधिकारी ने कहा- कॉर्तुक गांव में गोलीबारी के बाद आसपास के गांव में भी फायरिंग हुई। घरों में गोलियों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित जगह तक पहुंचाया गया है। गोलीबारी में मारे गए वॉलंटियर का नाम लमांग किपगेन है। वह कांगपोकपी के मालसोंग गांव का रहने वाला है। शनिवार देर रात उसे गोली लगी थी। रविवार सुबह अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इस हिंसा को लेकर ट्राइबल कम्युनिटी के एक संगठन ने 12 घंटे तक बंद का ऐलान किया है। इस दौरान कांगपोकपी के सदर हिल्स की सभी दुकानें बंद रखी जाएंगी। इससे पहले 26 अप्रैल की रात को इंफाल ईस्ट के बॉर्डर पर सिनम कोम गांव में दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी। इसमें 33 साल एक विलेज वालंटियर की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान लैशराम प्रेम के रूप में की गई है। गोलीबारी के बाद से लैशराम लापता था। 27 अप्रैल को सुबह उसका शव बरामद किया गया। मणिपुर में लोकसभा चुनाव की वोटिंग के ठीक 6 घंटे बाद 27 अप्रैल को विष्णुपुर जिले में कुकी उग्रवादियों के हमले में CRPF के दो जवान शहीद हो गए। घटना में दो जवान घायल भी हुए हैं। मणिपुर पुलिस के मुताबिक, कुकी समुदाय के उग्रवादियों ने देर रात 12:30 बजे से लेकर 2:15 बजे के दौरान मैतेई बहुल गांव नारानसैना की ओर फायरिंग की और 4 बम भी फेंके थे।



# भगवंत मान बोले- I.N.D.I.A. ब्लॉक 120-125 सीटें जीतेगा

एजेंसी, नई दिल्ली।

देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। दूसरे फेज की वोटिंग हो चुकी है। चुनाव प्रचार, बयानों और बयानों से निकले विवादों का दौर जारी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संगरूर में कहा कि मैं देश में कई जगहों पर जा चुका हूं। 7 में से 2 चरणों का यानी 190 सीटों पर चुनाव हो चुका है। इन 190 सीटों में से I.N.D.I. गठबंधन 120-125 सीटों पर जीत रहा है। मान ने कहा कि सरकार में आम आदमी पार्टी (AAP) की हिस्सेदारी रहेगी। AAP के बिना नई सरकार नहीं बन सकती। AAP देश का भविष्य निर्धारित करेगी कि कैसे युवाओं को रोजगार मिलेगा, कैसे स्कूल, अस्पताल और बिजली का इन्फ्रास्ट्रक्चर बनेगा, कैसे देश नंबर-1 बनेगा। मान ने ये भी कहा कि देश तभी नंबर-1 बनेगा, जब पंजाब नंबर-1 होगा। जब AAP को पंजाब की सभी 13 सीटें मिलेंगी, हमारा राज्य नंबर-1 हो जाएगा। तभी हर आदमी कहेगा कि हमने (पंजाब) पूरी तरह से सफाया कर दिया। हम यहां कमल नहीं खिलने देंगे। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हथियार और गोला-बारूद मिलने पर राज्य के लॉ एंड ऑर्डर को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने रविवार को कहा- ममता बनर्जी की सरकार में तृणमूल कांग्रेस के शेख शाहजहां जैसे असामाजिक तत्व संदेशखाली में महिलाओं के अस्तित्व के लिए खतरा बने हुए हैं। ममता बनर्जी की सरकार अराजकता फैला रही है। नड्डा ने कहा- बंगाल में महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए गए जांच एजेंसियों के अधिकारियों पर हमला किया गया। संदेशखाली में तलाशी के दौरान, CBI को 3 विदेशी रिवॉल्वर, पुलिस द्वारा इस्तेमाल की गई 1 रिवॉल्वर, 1 विदेशी पिस्तौल, कई गोलियां और कारतूस भी बरामद किए गए। जनता आपको ममता बनर्जी को करारा जवाब देगी। नड्डा के बयान पर TMC सांसद सौगत रॉय ने कहा- क्या वे (जे.पी. नड्डा) मायने रखते हैं? वे प्रभावी नहीं हैं। वह अपना राज्य नहीं जीत सके। 294 में से सिर्फ एक निर्वाचन क्षेत्र में शेख शाहजहां हैं। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। हम बस इतना कहना चाहते हैं कि इस मामले में कानून को अपना काम करने दें।



♦ पंजाब में कमल नहीं खिलने देंगे

# बांग्लादेश में चुनाव के बाद हिंदुओं पर हमले बढ़े

एजेंसी, ढाका।

7 जनवरी 2024 को बांग्लादेश में हुए आम चुनावों में वहां रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय ने प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को वोट किया था, ताकि वे सुरक्षित और शांति से रह सकें। लेकिन, चुनावों के बाद जारी हमलों से सामने आया है कि शेख हसीना सरकार अल्पसंख्यकों पर कट्टरपंथी हमले रोकने में नाकाम रही है। चुनावों के बाद नई सरकार के बावजूद हिंदुओं पर हमले बंद नहीं हुए हैं। अल्पसंख्यक संगठनों का दावा है कि हर माह कम से कम 3 हमले हो रहे हैं। शेख हसीना के 5वीं बार बांग्लादेश के PM की शपथ लेने के बाद बांग्लादेश के 6 जिलों (कुश्तिया, बागेरहाट, जेनैदाह, गैबांधा, चटगांव और सिलहट) में हिंदुओं पर हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें 35 लोग घायल हुए हैं, इनमें एक की मौत हुई है।

**नए हमले रोकने के लिए कार्रवाई जरूरी: अल्पसंख्यक संगठन:-** हिंदू बौद्ध ईसाई ओइक्या परिषद के सदस्य रंजन-करमाकर का कहना है कि चुनावों के बाद अल्पसंख्यकों और मंदिरों पर होने वाले हमले चिंताजनक है। इन मामलों में कार्रवाई नहीं होने और आरोपियों को सजा नहीं मिलने के चलते कई कट्टरपंथी संगठनों के हौसले बढ़ रहे हैं। भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने के लिए कड़ी सजा होना जरूरी है।



♦ हसीना सरकार अल्पसंख्यकों को बचाने में नाकाम, 3 महीने में 6 जिलों में हमले हुए

# AAP से गठबंधन पर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली में लोकसभा चुनाव से ठीक 28 दिन पहले रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखी। 4 पेज की चिट्ठी में उन्होंने लिखा- दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ है, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के आधार पर बनी थी। इसके बावजूद, पार्टी ने दिल्ली में AAP के साथ गठबंधन करने का फैसला किया। सूत्रों के मुताबिक, लवली का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। जल्द ही नए अध्यक्ष की घोषणा होगी। कांग्रेस ने 31 अगस्त 2023 को लवली को अध्यक्ष बनाया था। लवली के इस्तीफे के बाद अब पार्टी नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। ओखला से कांग्रेस के दो बार के विधायक रह चुके आसिफ मोहम्मद खान ने कहा- पार्टी में मतभेद हो सकते हैं। अगर लवली निराश थे, इस्तीफा देना चाहते थे तो वे चुपचाप मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा सौंप देते। जिस तरह के कारणों का जिक्र उन्होंने खड़गे को भेजी चिट्ठी में किया है। अगर उनकी मंशा खराब नहीं होती तो वे चुपचाप अपना इस्तीफा दे देते।



♦ कहा- मुझे एक नियुक्ति का भी अधिकार नहीं था; पूर्व विधायक बोले- भाजपा उन्हें टिकट देगी

### उन्नाव में बस-ट्रक की टक्कर में 7 की मौत, सिर कटकर अलग हुए, 5 घायल



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में सवारियों से भरी बस को सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। बस की एक साइड को चीरते हुए ट्रक निकल गया। उन्नाव के सफीपुर में रविवार दोपहर हुए इस हादसे में 7 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 गंभीर रूप से घायल हैं। इनमें 3 की हालत नाजुक है। मृतकों में 5 पुरुष और दो महिलाएं हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। डॉक्टरों के मुताबिक, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसे के वक्त बस में 27 लोग सवार थे। बस बांगरमऊ से उन्नाव जा रही थी।

## राहुल बोले- ओडिशा में BJP-BJD की शादी हो चुकी

# दिल्ली वाले अंकल और नवीन पटनायक ने मिलकर आपका पैसा लूटा

एजेंसी, केंद्रपाड़ा।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी रविवार को ओडिशा पहुंचे। उन्होंने केंद्रपाड़ा में रैली में कहा- ओडिशा में BJP-BJD की शादी हो चुकी है। 'दिल्ली वाले अंकल' और नवीन बाबू ने इस शादी में ओडिशा की जनता को 'PAANN' दिया है। PAANN मतलब... PA- पांडियन (नवीन पटनायक के करीबी IAS अफसर), A- अमित शाह, N- नरेंद्र मोदी, N- नवीन पटनायक। इन्होंने मिलकर आपका पैसा लूटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीच गठबंधन है। PM मोदी ने केंद्र में 22-25 अरबपतियों की सरकार चलाई। वही काम ओडिशा में नवीन बाबू कर रहे हैं। राहुल ने कहा- इसका पूरा का पूरा फायदा मुट्ठी भर लोगों को होता है और बाकी जनता देखती रह जाती है। तेलंगाना में भाजपा और BRS की शादी थी। वहां पर हर रोज उनकी बारात निकलती थी और ड्रामेबाजी होती थी। कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना में दिखाया कि भाजपा और BRS एक हैं और अगर विपक्ष का कोई काम कर रहा है तो वो कांग्रेस पार्टी कर रही है। ओडिशा में भी कुछ यही हाल है।

**ओडिशा के लिए 5 गारंटी गिनाई:** राहुल गांधी ने ओडिशा के लिए पांच गारंटी गिनाई। उन्होंने कहा- ओडिशा में महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए, बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3,000 रुपए, 200 यूनिट फ्री बिजली, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और धान के लिए 3,000 रुपए/क्विंटल।



# ईरान के आधी दुनिया से रिश्ते खराब

## इस्लामिक क्रांति के साथ शुरू हुईं समस्याएं, फिर अमेरिका-इजराइल दोस्त से दुश्मन बने

एजेंसी, सीरिया।

सीरिया में ईरानी दूतावास के पास 1 अप्रैल को इजराइली सेना की एयरस्ट्राइक में ईरान के दो शीर्ष आर्मी कमांडरों समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद से ही इजराइल पर ईरान के हमले की आशंकाएं जताई जाने लगी थीं। ईरान ने 12 दिन के बाद यानी 13 अप्रैल की रात को 300 से भी अधिक मिसाइलों के साथ इजरायल पर हमला बोल दिया। एक समय तो ऐसा लगा कि दुनिया एक और युद्ध के मुहाने पर पहुंच गई है। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसके बाद से स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बनी हुई है। रूस, चीन और कुछ हद तक भारत को छोड़कर ईरान हर प्रभावी देश या ब्लॉक के साथ उलझा हुआ है।

**मजहबी क्रांति के साथ शुरू हुई थीं समस्याएं:** 1979 से पहले ईरान के अमेरिका से लेकर इजराइल तक तमाम देशों के साथ रिश्ते बड़े मधुर हुआ करते थे। बदलाव आया 1979 से जब ईरान में इस्लामिक क्रांति हुई। वहां 1926 से राज करने वाले पहलवी राजवंश को उखाड़ फेंका गया। वहां राजवंश की जगह इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का जन्म हुआ। सत्ता की असल ताकत इस क्रांति के अगुवा रहे धार्मिक नेता आयतुल्लाह रुहोल्लाह खुमैनी के हाथों में आ गई और उन्होंने सभी पश्चिमी देशों से संबंध समाप्त कर फिलिस्तीनियों के साथ खड़े होने की घोषणा कर दी।

**आतंकी समूहों से ईरान के करीबी संबंध:** लेबनान के हिजबुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया गुट, फिलिस्तीनियों के हमास और यमन के हूती समूहों को ईरान सालों से न केवल सैद्धांतिक तौर पर, बल्कि हथियारों से भी समर्थन देते आया है। ईरान इन समूहों के लिए एक तरह से संरक्षक का काम करता है। ये वे ग्रुप हैं जो अमेरिका, पश्चिमी देशों और इजराइल को अपने शत्रु के रूप में देखते हैं। इससे ईरान अपने आप इन तमाम देशों से कट जाता है। सबसे ताकतवर ईसाई प्रभुत्व वाले अमेरिका और ब्रिटेन, मध्य पूर्व की धुरी रहे यहूदियों के देश इजराइल। मुस्लिम असर के हिसाब से सबसे अहम सऊदी अरब और मुस्लिम आबादी के हिसाब से विश्व के नंबर दो देश पाकिस्तान, यानी लगभग तमाम दिशाओं में मौजूद देशों के साथ ईरान के रिश्ते आउट ऑफ ट्रैक चल रहे हैं।

**अमेरिका ने ही ईरान को दिया था पहला परमाणु रिएक्टर:** धार्मिक क्रांति के पहले ईरान अमेरिका का आर्थिक, प्रौद्योगिकी और सैन्य साझेदार था। ईरान को पहला परमाणु रिएक्टर भी अमेरिका ने ही दिया था। लेकिन पहले धार्मिक क्रांति और फिर नवंबर 1979 में ईरानी छात्रों के एक समूह द्वारा अमेरिकी दूतावास में कार्य करने वाले 52 डिप्लोमेट्स को बंदी बनाने की घटना ने दोनों देशों के बीच संबंध खत्म कर दिए। अमेरिका ने 7 अप्रैल 1980 को ईरान के साथ तमाम संबंधों को समाप्त करने का औपचारिक ऐलान किया था। तब से ही दोनों के बीच कोई रिश्ते नहीं हैं। अमेरिका को ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर भी चिंता रही है और इसीलिए वह उस पर कई सालों से आर्थिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं।



# EC का आदेश- AAP कैंपेन सॉन्ग बदले

एजेंसी, नई दिल्ली।

इलेक्शन कमीशन ने आम आदमी पार्टी (AAP) को अपने इलेक्शन कैंपेन सॉन्ग में बदलाव करने को कहा है। EC ने केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 और ECI गाइडलाइन्स का हवाला देते हुए AAP को सॉन्ग में बदलाव करके उसे दोबारा सब्मिट करने को कहा है। सॉन्ग को चेक करने के बाद ही उसे सर्टिफिकेट दिया जाएगा। ECI ने कहा कि सॉन्ग की लाइन 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' के साथ आक्रोशित भीड़ नजर आ रही है। इस भीड़ के हाथ में जेल की सलाखों के पीछे अरविंद केजरीवाल की तस्वीर है। इस तरह के पिक्चराइजेशन से न्यायपालिका की छवि खराब होती है। इसके अलावा ECI ने ये भी कहा कि जेल के जवाब में वोट वाली लाइन कई बार दोहराई गई है, जो कि केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 के तहत प्रोग्राम एंड एडवर्टाइजिंग कोड की ECI गाइडलाइन और रूल (1(g) का उल्लंघन करता है। इसके जवाब में आतिशी ने कहा कि एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तानाशाही का सबूत जनता के सामने रख दिया है। तानाशाही सरकारों का ये भी दूसरा लक्षण होता है कि दूसरी पार्टियों को प्रचार करने रोका जाता है। भारतीय जनता पार्टी के एक और राजनीतिक हथियार चुनाव आयोग ने एक पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी है। ये भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब चुनाव आयोग ने किसी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाई है।



# इराक में समलैंगिक संबंध अपराध घोषित, 15 साल की सजा होगी

एजेंसी, बगदाद।

इराक की संसद ने शनिवार को समलैंगिक संबंधों (सेम-सेक्स रिलेशन) को अपराध घोषित करने वाला बिल पास हो गया है। BBC न्यूज के मुताबिक, इराक में अब समलैंगिक संबंध बनाने वालों को 10-15 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। नए कानून के मुताबिक, ट्रांसजेंडर लोगों को भी 3 साल तक के लिए जेल में डाला जा सकता है। इस फैसले का समर्थन करने वालों ने कहा है कि नए कानून के जरिए वो देश में धार्मिक भावनाओं की रक्षा करेंगे। अलजजीरा के मुताबिक, इराक में अब समलैंगिकता या वेश्यावृत्ति को बढ़ावा देने वाले लोग और लिंग परिवर्तन सर्जरी करने वाले डॉक्टरों को जेल में डाला जाएगा। इसके अलावा, जानबूझकर महिलाओं की तरह बर्ताव करने वाले पुरुष और पत्नी की अदला-बदली में शामिल लोगों को भी नए कानून के तहत जेल की सजा हो सकती है। समलैंगिक संबंधों को बढ़ावा देने वाले लोगों के लिए 7 साल की सजा का प्रावधान है। दरअसल, इराक में साल 1980 में प्रॉस्टीट्यूशन कानून में बदलाव करके इसमें समलैंगिक संबंधों के लिए मौत की सजा जोड़ी गई थी। इस फैसले का अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों ने विरोध किया, जिसके बाद इसमें दोबारा बदलाव किए गए हैं। इराक के सांसद आमिर-अल-मामूरी ने शफाक न्यूज को बताया कि इस्लामी और सामाजिक मूल्यों के खिलाफ जाने वालों पर लगाम लगाने के लिए यह कानून बेहद जरूरी है।



समर्थक बोले- यह धर्म की रक्षा के लिए जरूरी

# भागवत बोले- RSS हमेशा आरक्षण के पक्ष में, कुछ लोग झूठ फैला रहे

एजेंसी, हैदराबाद।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार 28 अप्रैल को कहा कि संघ ने कभी भी कुछ खास वर्गों को दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध नहीं किया है। हैदराबाद में एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि संघ का मानना है कि जब तक जरूरत है, आरक्षण जारी रहना चाहिए। भागवत ने यह बात भाजपा और कांग्रेस के बीच आरक्षण को लेकर चल रहे बयानों के बाद कही। RSS प्रमुख भागवत ने कहा कि जब मैं यहां आया तो एक वीडियो वायरल किया जा रहा था कि आरएसएस आरक्षण के खिलाफ है। हम इस बारे में बाहर बात नहीं कर सकते। अब यह पूरी तरह से झूठ है। संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख भागवत ने पिछले साल सितंबर में भी नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि समाज में भेदभाव मौजूद है, भले ही वह दिखता न हो।

**आरक्षण पर यह बयानबाजी कैसे शुरू हुई:** कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित हुए प्रमोद कृष्णम का पुराना वीडियो वायरल हुआ: सोशल मीडिया पर पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम का एक वीडियो शेयर किया जा रहा है। जिसमें वे आरक्षण हटाने की बात करते दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद प्रमोद कृष्णम ने कहा- वह वीडियो एक साल पुराना 24 सितंबर 2023 का है। भाषण भी आधा है, अब कांग्रेस के मैनेजर इस पर ट्वीट कर रहे हैं, बयान दे रहे हैं। मुझे बताया गया है कि राहुल गांधी ने भी इस बारे में कुछ कहा या लिखा है। वे इसे प्रधानमंत्री मोदी से जोड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा था- BJP वंचितों का आरक्षण छीनना चाहती है: राहुल गांधी ने वायरल वीडियो के बाद X पर पोस्ट किया- भाजपा नेताओं और नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना है। वे दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना चाहते हैं, लेकिन संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।



♦ शाह ने कहा- भाजपा के रहते कांग्रेस आरक्षण को छू नहीं पाएगी

टी20 विश्व कप 2024

हार्दिक को लेकर संशय बरकरार

# टी20 विश्व कप के लिए 01 मई को हो सकता है भारतीय टीम का एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए संभावित 15 सदस्यीय टीम को लेकर दिल्ली में अनौपचारिक बैठक होने की उम्मीद है। विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की आखिरी तारीख एक मई है।



### दिल्ली-मुंबई मैच देखने पहुंचे थे अगरकर

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, अगरकर शनिवार को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए आईपीएल मैच को देखने के लिए विशेष रूप से स्पेन से दिल्ली आए थे, ताकि उन्हें कप्तान रोहित के साथ बातचीत करने का मौका मिल सके और अंतिम टीम चुनने के लिए अपने सहयोगियों के साथ बैठक से पहले उनके लिए चीजें स्पष्ट हों।

रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के बीच मैच के बाद मुलाकात हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक मई को डेडलाइन खत्म होने के दिन भारतीय टीम की घोषणा हो सकती है। टीम के एलान से पहले भी अगरकर और रोहित के बीच एक और बार मीटिंग हो सकती है। उस मीटिंग में जरूर फैसले लिए जाएंगे। यह मीटिंग सोमवार को हो सकती है। मुंबई का अगला मैच 30 अप्रैल को लखनऊ से इकाना स्टेडियम में है।

### हार्दिक की गेंदबाजी और फिटनेस पर संशय जारी

टीम में कुछ स्थानों और खिलाड़ियों को लेकर चर्चा की जरूरत है। इसमें सबसे अहम हार्दिक पांड्या की गेंदबाजी फिटनेस है। अगर हार्दिक को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिलती है तो शिवम दुबे और रिंकू सिंह में से केवल एक को ही जगह दी जा सकती है। हार्दिक ने अब तक नौ मैचों में 36 ओवर की बजाय सिर्फ 19 ओवर गेंदबाजी की है। वहीं, फिनिशर के तौर पर वह इतने मैचों में सिर्फ 10 छक्के लगा पाए हैं, जो कि बेहद खराब है।

उन्होंने इस सीजन 142 के स्ट्राइक रेट से नौ पारियों में 196 रन बनाए हैं। हालांकि, हार्दिक को इस बात की तरजीह मिल सकती है कि दुबे ने इस आईपीएल में गेंदबाजी की ही नहीं है। वहीं, स्किल और पेस में भी दुबे हार्दिक के आसपास नहीं हैं। हालांकि, बल्ले से दुबे हार्दिक से कहीं आगे हैं। सीएसके के बल्लेबाज ने आठ मैचों में 22 छक्के जड़े हैं। विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत के साथ संजू सैमसन और लोकेश राहुल के नामों को लेकर भी संशय है। पंत का चयन तय माना जा रहा है। वहीं, दूसरे विकेटकीपर को लेकर चर्चा जारी है।

### चहल पर अक्षर को दी जा सकती है तरजीह

तेज गेंदबाजी और स्पिनरों को लेकर भी चीजें स्पष्ट नहीं है। जसप्रीत बुमराह शानदार लय में है तो वहीं अनुभवी मोहम्मद सिराज का आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई और युजवेंद्र चहल में टीम के तीसरे स्पिनर के लिए मुकाबला होगा। बेहतर बल्लेबाजी स्किल के कारण अक्षर का दावा ज्यादा मजबूत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चहल कुछ शीर्ष कोचिंग स्टाफ की पहली पसंद नहीं हैं।

### सैमसन पर राहुल को दी जा सकती है तरजीह

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, अच्छे प्रदर्शन के बावजूद संजू सैमसन के चुने जाने पर संशय बरकरार है। ऋषभ पंत का चयन होना तय है, जबकि केएल राहुल दूसरे विकेटकीपर के तौर पर शामिल किए जा सकते हैं। शिवम दुबे का भी चुना जाना लगभग तय है। पंत इस सीजन शानदार फॉर्म में दिखे हैं। कार दुर्घटना के बाद से वापसी करते हुए अपने पहले ही टूर्नामेंट में बल्ले से कमाल दिखाया है। वह अब तक 10 मैचों में 46.38 की औसत और 160.60 के स्ट्राइक रेट से 371 रन बना चुके हैं। ऑरेंज कैप की रेस में वह फिलहाल चौथे स्थान पर हैं।

### दुबे की पावर हिटिंग ने सबका ध्यान खींचा

वहीं, लखनऊ के कप्तान राहुल इस सीजन सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। वह नौ मैचों में 42 की औसत और 144.27 के स्ट्राइक रेट से 378 रन बना चुके हैं। शिवम दुबे की पावर हिटिंग ने इस सीजन सबका ध्यान खींचा है। वह अब तक आठ मैचों में 51.83 की औसत और 169.94 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 311 रन बना चुके हैं।

इनमें तीन अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 66 रन का रहा है। दुबे सीएसके से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। ऋतुराज गायकवाड़ लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। उन्होंने सीएसके के लिए अब तक आठ मैचों में 58.17 की औसत से 349 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक शामिल है।

### जून में शुरू होगा टी20 विश्व कप

आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 इस साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की सहमेजबानी में खेला जाएगा। एक जून से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी।

भारतीय टीम अपना पहला मैच पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क में महामुकाबला खेला जाएगा। यह मैच न्यूयॉर्क के नसऊ काउंटी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा।



# फिर दौड़ेगी रावलपिंडी एक्सप्रेस शोएब अख्तर ने रिटायरमेंट से वापसी का किया एलान!

**लाहौर, एजेंसी।** अप्रैल को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पांच टी20 मैचों की सीरीज का अंतिम मैच खेला गया. पाकिस्तान ने यह मैच 9 रनों से जीत लिया. मैच के दौरान शोएब अख्तर भी मैदान पर थे. स्टेडियम में मौजूद दर्शक शाओब के नारे लगाने लगे, जिसके बाद शोएब अख्तर ने कुछ ऐसा ट्वीट किया, जिससे फैंस बेताब हो गए.

**रावलपिंडी एक्सप्रेस शोएब अख्तर बना रहें रिटायरमेंट से वापसी का प्लान?**

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए आखिरी टी20 मैच के दौरान शोएब वहां मौजूद थे. वहां उन्होंने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी जश्न मना रही भीड़ को सौंपी. मैदान का माहौल हुआ इतना जबरदस्त कि रावलपिंडी एक्सप्रेस वापसी का सोचने लगे. इसके बाद उन्होंने ट्वीट के जरिए संन्यास से वापसी की ओर इशारा किया.

**शोएब अख्तर ने ट्विटर पर क्या लिखा?**

शोएब अख्तर ने ट्वीट में लिखा, वो शाओब शाओब के नारे बहुत दिल को छू लेने वाले थे. मैं फिर से आप सभी के लिए गेंदबाजी करने के लिए मैदान पर जाना चाहता था. रोंगटे खड़े हो गए!! इस इमोशनल मैसेज को देख फैंस भी कमेंट में उन्होंने दोबारा देखने की बातें कहने लगे.

**कब होगा इंडिया वर्सेस पाक टी20 वर्ल्ड कप 2024 मैच?**

टी20 वर्ल्ड कप 2024, 2 जून से शुरू होने जा रहा है. इस टूर्नामेंट का आयोजन अमेरिका और वेस्टइंडीज में किया जाएगा. भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2024 रविवार, 9 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा.

**इंडिया वर्सेस पाकटी20 वर्ल्ड कप हेड टू हेड**

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान अब तक 7 बार भिड़ चुके हैं. इनमें से भारत ने 5 मैच जीते हैं. तो वहीं पाकिस्तान सिर्फ 1 मैच जीत सका है. एक मैच टाई हुआ था.


# पाकिस्तान ने 5वें टी-20 में न्यूजीलैंड को हराया

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को टी-20 सीरीज के 5वें और आखिरी मैच में 9 रन से हरा दिया। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ हो गई। सीरीज का पहला मैच बारिश की वजह से बेनतीजा रहा था। शनिवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। पाक टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 278 रन बनाए और न्यूजीलैंड को 179 रन का टारगेट दिया। जवाब में कीवी टीम 19.2 ओवर में 269 रन पर ऑलआउट हो गई। शाहीन शाह अफरीदी प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज दोंनो रहें। उन्होंने सीरीज में कुल 8 विकेट लिए।



# टिम डेविड के छक्के से घायल हुआ फैन, मुंह पर लगी गेंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 257 रन बनाए और मुंबई को जीत के लिए 258 रनों का मुश्किल सा टारगेट दिया। मैच की दूसरी पारी में मुंबई इंडियंस के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं था उन्हें बस तेजी से रन बनाने थे और उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन इस दौरान मुंबई इंडियंस के स्टार खिलाड़ी टिम डेविड ने एक झन्नाटेदार शॉट खेला जिसके बाद गेंद सीधे स्टैंड में जा गिरी। इसी बीच उनके इस शॉट ने स्टैंड में बैठे एक फैन को घायल कर दिया। टिम डेविड ने जैसे ही शॉट खेला, वैसे ही गेंद को स्टेंड में बैठे फैंस कैच करना चाह रहे थे, लेकिन इसी भाग-दौड़ में गेंद एक फैन के चेहरे पर जाकर लग गई।



## व्यापार

### टॉप-10 कंपनियों में 6 की वैल्यू 1.30 लाख करोड़ बढ़ी

**मुंबई एजेंसी।** बीते कारोबारी हफ्ते मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 6 का मार्केट कैप कंबाइंड रूप से 1,30,734.57 करोड़ (1.30 लाख करोड़) बढ़ा है। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मार्केट का टॉप गेनर रहा है। कंपनी का मार्केट कैप 45,158 करोड़ बढ़कर 7.15 लाख करोड़ हो गया है। इसके अलावा, आइसीआइसीआइ बैंक और भारती एयरटेल का मार्केट कैप भी 28,726.33 करोड़ और 20,747.99 करोड़ बढ़कर 7.78 लाख करोड़ और 7.51 लाख करोड़ हो गया है। वहीं, टॉप-10 में 4 कंपनियों के मार्केट वैल्यू में कंबाइंड रूप से 50,295 करोड़ की गिरावट देखने को मिली है। देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मार्केट वैल्यू 26,115.56 करोड़ गिरकर 19.64 लाख करोड़ रह गई है।

### केंद्रीय कर्मचारियों को चुनाव खत्म होते ही मिलेगा बड़ा सरप्राइज!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप केंद्रीय कर्मचारी हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा मिलने वाला है। कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इजाफा होगा तो 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन पर भी विचार हो सकता है। बता दें कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने वाले हैं। सातवें वेतन आयोग की सिफारिश के मुताबिक केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते यानी डीए में साल की 2 छमाही में बढ़ोतरी होनी चाहिए। इसी के तहत केंद्र की सरकार हर साल जनवरी से जून और जुलाई से दिसंबर तक की 2 छमाही में डीए बढ़ोतरी करती है। साल 2024 की पहली छमाही के डीए में बढ़ोतरी हो चुकी है।

# सालभर में आईटी सेक्टर ने की 72000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज से कुछ साल पहले भारत में आईटी सेक्टर बहुत ही तेजी से बढ़ रहा थी। इस वजह से आईटी सेक्टर हर साल हजारों की संख्या में कर्मचारियों की हायरिंग करती थी। हालांकि, बीते फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में आईटी सेक्टर में धीमी राजस्व वृद्धि के कारण भारत की प्रमुख आईटी कंपनियों ने 72,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। इन कंपनियों में इंफोसिस, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज, विप्रो, टेक महिंद्रा जैसी कंपनियां शामिल है। आइए जानते हैं इन कंपनियों की छंटनी के बारे में विस्तार से। बता दें कि 31 मार्च को समाप्त हुए फाइनेंशियल ईयर 2023-24 तक देश की टॉप-6 आईटी कंपनियां में 72,063 कर्मचारियों की गिरावट आई। इस गिरावट का बड़ा कारण तकनीकी खर्च में वैश्विक मंदी और मांग के माहौल में अनिश्चित रही। ऐसी परिस्थिति ने [illegible] 2023-24 में भारत के 254 बिलियन डॉलर के आईटी सेक्टर इंडस्ट्री को प्रभावित किया जिससे व्यापार वृद्धि धीमी हो गई। इस वजह से कंपनियों को नौकरियों में कटौती करने और नियुक्तियां काम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। अगर अलग-अलग कंपनियों की बात करें तो इस दौरान मार्केट लीडर टीसीएस ने 13,249 और इन्फोसिस ने 25,994 कर्मचारियों की छंटनी की।

# एक ही पॉलिसी में मिलेगा लाइफ, हेल्थ और प्रॉपर्टी का बीमा!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जल्द ही कई तरह के इंश्योरेंस यानी बीमा का लाभ एक ही पॉलिसी में मिलेगा। इसे 'बीमा विस्तार' नाम दिया जा सकता है। इस एक ही पॉलिसी में लाइफ, हेल्थ, प्रॉपर्टी और पर्सनल एक्सिडेंट कवर मिलेगा। फैमिली फ्लोटर यानी एक पॉलिसी में सभी घरवालों को बीमा कवर का फायदा भी होगा। बीमा रेगुलेटर इरडा ने हाल में हैदराबाद में इस पॉलिसी पर बीमा कंपनियों के साथ मंथन किया है। इंडस्ट्री के सूत्रों के मुताबिक, इसका प्रीमियम 1500 रुपये प्रति पॉलिसी के आसपास तय किया जा सकता है। इस 'बीमा विस्तार' पॉलिसी का मकसद गांवों समेत देश की ज्यादा से ज्यादा आबादी तक बीमा मुहैया कराना है।



हैदराबाद में इरडा चीफ देबाशीष पंडा की अध्यक्षता में हुई बैठक में 'बीमा विस्तार' की डिटेल्स सामने रखी गईं। सूत्रों ने बताया कि लाइफ, प्रॉपर्टी और पर्सनल एक्सिडेंट के मामले में 2-2 लाख रुपये का बीमा कवर मिल सकता है। 'हॉस्पिटल कैश' के नाम से हेल्थ कवर भी होगा। इसमें 10 दिनों के लिए अधिकतम 5000 रुपये तक के बिल का कैशलेस भुगतान बिना दस्तावेज जमा किए क्लेम किया जा सकेगा। लाइफ कवर का प्रीमियम 800 रुपये के करीब हो सकता है। वहीं, 500 रुपये में हेल्थ कवर और 100 रुपये के प्रीमियम में पर्सनल एक्सिडेंट कवर मिल सकता है। प्रॉपर्टी कवर का प्रीमियम 100 रुपये से कम रखा जा सकता है।

### हर बीमा के लिए क्लेम सेटलमेंट अलग-अलग

बीमा विस्तार पॉलिसी में अलग-अलग सेगमेंट्स के लिए क्लेम सेटलमेंट का तरीका अलग हो सकता है, जिसे बीमा कंपनियां तय करेंगी। इस पॉलिसी को बेचने वाले एजेंटो को 10 प्रतिशत कमिशन दिया जा सकता है। इरडा काफी समय से बीमा सुगम, बीमा विस्तार और बीमा वाहक के रूप में बीमा त्रयी पेश करने की तैयारी में है। डिजिटल प्लैटफॉर्म 'बीमा सुगम' को इरडा ने पिछले महीने मंजूरी दी थी। यह हर तरह की बीमा पॉलिसी खरीदने, बेचने और क्लेम सेटल करने के लिए ऑनलाइन इंश्योरेंस मार्केटप्लेस की तरह काम करेगा।

# तिरुपति बालाजी दुनिया का सबसे अमीर हिंदू मंदिर है

▶▶ मंदिर के ट्रस्ट के पास करीब 11,329 किलो सोना है ▶▶ पिछले साल मिला था 1,031 किलो सोने का चढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत में रेकॉर्ड तेजी के बावजूद तिरुपति बालाजी के भक्तों ने पिछले साल जमकर दान दिया। दुनिया के सबसे अमीर हिंदू मंदिर को साल 2023 में 1,031 किलो सोने का चढ़ावा मिला जिसकी कीमत करीब 773 करोड़ रुपये है। तिरुपति ट्रस्ट के पास कुल 11,329 किलो सोना है जिसकी कीमत करीब 8,496 करोड़ रुपये है। ट्रस्ट ने इसे गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम के तहत विभिन्न बैंकों में जमा कर रखा है। तिरुपति के भक्त चढ़ावे के रूप में कैश और गोल्ड देना पसंद करते हैं। साथ ही मंदिर से जुड़े विभिन्न ट्रस्टों ने बैंकों में 13,287 करोड़ रुपये एफडी के रूप में जमा किए हैं जिस पर सालाना 1,600 करोड़ रुपये का ब्याज मिलता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल, 2024 तक तिरुपति ट्रस्ट के पास रेकॉर्ड 18,817 करोड़ रुपये का कैश बैलेंस है।



तिरुपति बालाजी मंदिर का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने इस साल 1,161 करोड़ रुपये की एफडी कराई है जो पिछले 12 साल में सबसे ज्यादा है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 12 साल में केवल तीन बार ही ट्रस्ट के द्वारा कराई गई एफडी की रकम 500 करोड़ रुपये से कम रही। साल 2021 और 2022 में कोरोना महामारी के कारण मंदिर की कमाई प्रभावित हुई थी। ट्रस्ट ने 2024-25 के लिए 5,141.74 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। यह पहला मौका है जब ट्रस्ट का बजट 5,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचा है। तिरुपति बालाजी मंदिर आंध्र प्रदेश में स्थित है।

### कैसे होती है मंदिर की कमाई

ट्रस्ट को प्रसादम की बिक्री से 600 करोड़ रुपये की कमाई होने का अनुमान है। इसी तरह दर्शन टिकट से 338 करोड़ रुपये, कर्मचारियों को दिए गए लोन और एडवांसेज से 246.39 करोड़ रुपये की उम्मीद है। ट्रस्ट को 129 करोड़ रुपये अन्य पूंजी प्राप्तियों से, 150 करोड़ रुपये अर्जित सेवा टिकट से, 151.5 करोड़ रुपये कल्याणकत्ता रिसीट से और 147 करोड़ रुपये कल्याण मंडपम रिसीट से मिलने का अनुमान है। साथ ही ट्रस्ट रिसीट से 85 करोड़ रुपये, रेंट, इलेक्ट्रिक और अन्य रिसीट के रूप में 60 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसी तरह टोल फी कलेक्शन के रूप में 74.5 करोड़ रुपये और 35.25 करोड़ रुपये पब्लिकेशन रिसीट के रूप में मिलने का अनुमान है। इसी तरह चढ़ावे के रूप में 1,611 करोड़ रुपये मिलने की संभावना है।

### कैसे खर्च करता है ट्रस्ट

बजट के मुताबिक ट्रस्ट 1,733 करोड़ रुपये एचआर पेमेंट्स के रूप में खर्च करेगा जो पूरे साल के हुंडी कलेक्शन से 122 करोड़ रुपये ज्यादा है। इसी तरह ट्रस्ट 751 करोड़ रुपये मटीरियल्स की खरीद पर और 750 करोड़ रुपये कॉर्पस और दूसरे इन्वेस्टमेंट पर खर्च करेगा। 350 करोड़ रुपये इंजीनियरिंग वर्क्स और 53 करोड़ रुपये श्रीनिवास सेतु के काम के लिए रखे गए हैं।

### एमडीएच और एवरेस्ट के मसाले पर अमेरिका की नजर; सिंगापुर, हांगकांग में लगी है रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मसाला निर्माता कंपनी- एमडीएच और एवरेस्ट की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। असल में हांगकांग और सिंगापुर में इन दोनों कंपनियों के कुछ मसाला आइटम पर बैन लग गया है। इसके बाद अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) भी अब एमडीएच, एवरेस्ट के उत्पादों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रहा है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक एफडीए इस बात से अवगत है कि इन दोनों कंपनियों के कुछ उत्पाद की बिक्री रोक दी गई है। एफडीए स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी इकट्ठा कर रहा है। बता दें कि एमडीएच और एवरेस्ट मसाले भारत में सबसे लोकप्रिय हैं और यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में भी बेचे जाते हैं। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामक सेंटर फॉर फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने बताया कि उसने 2 भारतीय ब्रांड के कई प्रकार के डिब्बा बंद मसाला उत्पादों के नमूनों में स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है। सीएफएस ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों की खरीदारी न करने के लिए कहा है। सीएफएस आदेश को ध्यान में रखते हुए सिंगापुर खाद्य एजेंसी ने उत्पादों की वापसी का निर्देश दिया था।

# सुकून और सुंदरता का एक ही नाम सफेद

- विज्ञान ने भी साबित किया है कि गर्मियों में हल्के सुहाने रंग राहत और सुकून पहुंचाते हैं। और यदि तेज, चुभती धूप में कपड़ों का रंग सफेद हो तो... ये बिल्कुल जादू की तरह काम करता है। देखकर सुकून का आभास होता है।
- सफेद लिबास के साथ अवचेतन में इतनी शुभ्रता, शुचिता, सुकून के अहसास जुड़े हैं कि सफेद के जन्मदिन की पार्टी- सफेद हर जगह शानदार लगता है, गरिमामय लगता है। सफेद लिबास के साथ एक और सुविधा है। आप कई तरह की एक्सेसरीज पहन सकते हैं। बहुत कम ऐसे मौसम होते हैं जिनका कोई प्रतिनिधि रंग हो, लेकिन गर्मी का अपना प्रतिनिधि रंग है, सफेद। इन दिनों भड़कीले या



गाउन में सजी कोई युवती पहली नजर में परियों-सी लगती है। हम जब भी खूबसूरती, मासूमियत और अलौकिकता की साझी कल्पना करते हैं तो दिलो-दिमाग में सफेद वस्त्रों में सजी परियां थिरक उठती हैं। बहरहाल, जिन देशों में मार्च के कदम रखते ही गर्मी भी दस्तक देने लगती है, वहां चिलचिलाती धूप और बेचैन करने वाली तपिश के दिनों में फैशन और सुकून का एक ही रंग दिखता है, सफेद।

- साल 2012 का प्रतिनिधि रंग कोई भी हो, दहलीज पर गर्मी के कदम पड़ते ही सफेद रंग की हुकूमत चारों तरफ दिखाई देने लगती है। यह महज संयोग नहीं है कि हर साल स्प्रिंग कलेक्शन यानी बसंत ऋतु में होने वाले फैशन सप्ताहों में सफेद रंग की बादशाहत दिखती है। गर्मियों में हल्का-फुल्का, ढीला-ढाला और कैजुअल कुछ भी पहन सकते हैं। चाहे बीच पार्टियां हों, चाहे किसी

बहुत धुंधले (डल) रंग न दिल को भाते हैं न आंखों को। सिर्फ अपने तन में ही नहीं, दूसरों पर भी इन दिनों सफेद रंग के कपड़े अच्छे लगते हैं।

- लड़कियों में सफेद कुर्ते, सफेद टॉप, सफेद गाउन कुछ इस तरह खिलते हैं, जैसे वाकई ये उजली-उजली परियां हों। एक फायदे की बात यह है कि आज सफेद रंग में हर तरह की एक्सेसरीज आसानी से मैच करती है।
- आप सफेद टॉप के साथ नीली जींस का क्लासिक कॉम्बिनेशन इस्तेमाल कर सकते हैं तो आमतौर पर काले को छोड़कर (...और वो भी इसलिए, क्योंकि काला रंग रोशनी को सोखता है, इसलिए इन दिनों बेचैन करता है) कोई भी रंग सफेद के साथ मैच कर जाता है यानी सफेद के साथ कॉम्बिनेशन बनाने में आपको कतई परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ती है।
- इसकी रसायनिक विशिष्टता तो यह है कि यह आंखों का सुकून और दिल को ठंडक पहुंचाता है। यह हमारी तमाम उग्रता को ठंडा कर देता है।
- सफेद महज रंग नहीं है, यह पूरी संस्कृति है। यह एक पूरी सभ्यता है इसलिए सफेद रंग जितना चिलचिलाती गर्मी से सुकून देता है, वैसे ही बेचैन करने वाली भावनाओं के मामले में भी सुकून पहुंचाता है। यही कारण है कि दुनियाभर में बच्चों की मासूमियत को उभारने के लिए उन्हें उसके साथ जोड़कर देखने के लिए ज्यादातर स्कूलों की यूनीफॉर्म सफेद होती है।
- सफेद रंग शांति और शुद्धता का प्रतीक है। जब फिजा में आतिशी हवा के झोंके हों, कपड़े बेचैन करते हों, भला उस समय भड़कीले रंग किसे अच्छे लगते हैं यही वजह है कि पश्चिम से लेकर पूरब तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक गर्मियों में सफेद लिबास का जलवा दिखता है।
- डॉक्टर सफेद कोट पहनते हैं, क्योंकि वे यह बताना चाहते हैं कि यह रंग ईमानदारी, पवित्रता और ईश्वरीयता का प्रतिनिधि है।
- सफेद रंग के साथ कई फायदे हैं- भावनात्मक, कुदरती और सामाजिक भी। इसकी सामाजिकता में भी समरसता है। यही कारण है कि सफेद रंग सबको भाता है, सब पर फबता है चाहे सेलिब्रिटीज पहन लें या फिर कोई आम आदमी। सबको यह रंग आकर्षित करता और सब पर यह रंग आकर्षक लगता है। ऐसा नहीं है कि हम सफेद कपड़े कभी भी पहन सकते हैं।
- वाकई सफेद सदाबहार रंग है और इसके इतने विस्तृत आयाम हैं कि अगर आपने कई जोड़ी यानी जरूरत से ज्यादा भी इन दिनों सफेद कपड़े खरीद लिए हैं तो आपको सर्दियों के कपड़ों की तरह संदूक में साल के बाकी महीनों के लिए नहीं रखने पड़ेंगे। आप इन्हें लगातार पहन भी सकते/ सकती हैं। सफेद रंग के साथ आप अपनी चाहतों के सभी रंगों की एक्सेसरीज पहन सकती हैं। सफेद रंग कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होता है। यह हमेशा खूबसूरत और ट्रेंडी लगता है।
- गर्मियों में सफेद टी-शर्ट और टॉप के जलवे देखते ही बनते हैं। मर्लिन मुनरो आज भी चेतन-अवचेतन में अगर किसी परी की तरह कैद हैं तो उसी सफेद ड्रेस में। गर्मियों में तमाम सेलिब्रिटीज सफेद रंग में ही नजर आते हैं तो आप क्यों न नजर आएं। इसलिए अगर सीजन की खरीदारी करने के लिए निकलना है तो अपनी सूची में सफेद कपड़ों के लिए जगह बना लीजिए, आखिर इन गर्मियों में परियों की तरह जो लगना है।

**जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है, अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।**

# कैसे शुरू करें बच्चों की बेड टाइम ट्रेनिंग





आज की लाइफ स्टाइल पहले की लाइफ स्टाइल से बहुत अलग है। मोबाइल, टीवी, इंटरनेट ने हमारी जिंदगी में जितनी चीजें आसान बना दी है, उतना ही हम व्यस्त भी हो गए हैं। अगर आपके बच्चे का प्री-स्कूल जाने का समय आ गया है और उसका अभी भी रात में सोने का कोई निर्धारित समय नहीं है तो यह आपके लिए एक समस्या का कारण हो सकता है।

जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है। अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।

नींद पूरी न होने से बच्चे के मस्तिष्क का पूरा विकास नहीं हो पाता। क्या आप अपने बच्चे के स्कूल की शुरुआत ऐसे करना चाहेंगे? इसलिए शुरू से उसे बेड टाइम ट्रेनिंग की आदत डालनी चाहिए।

यह ठीक उसी तरह है जिस तरह हमारी मां हमें सोने से पहले अपनी लोरियां सुनाती थीं। आइए जानें कुछ ऐसी बातें जिससे हम अपने बच्चे को ट्रेंड कर सकते हैं बेड टाइम ट्रेनिंग के लिए-

1. बेड टाइम ट्रेनिंग आप 4 से 5 माह के बच्चे के साथ कर सकते हैं। शुरुआत में आपको थोड़ी समस्या जरूर होगी लेकिन बाद में यह बहुत मददगार साबित होगी। बच्चे को सुलाने से पहले आप उनकी हल्की-हल्की मालिश कीजिए। गुनगुने पानी से उनका मुंह-हाथ धोएं (स्पंज करना)।
2. उनके कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। एक समय पर कमरे की लाइट्स बंद कर दें। ऐसा करके आप उन्हें सिग्नल दे रहे हैं और बेड टाइम के लिए तैयार कर रहे हैं।
3. बच्चों को कोई गाना, सॉफ्ट म्यूजिक सुनाएं। लाइट बंद करने से पहले आप बच्चों को पिक्चर बुक्स भी दिखा सकती हैं। ऐसा करने से बच्चों को बुक्स पढ़ने की आदत पड़ती है।
4. सोने से पहले भगवान का कोई सा मंत्र भी सुना सकती हैं। कुछ बच्चों को अपना मनपसंद खिलौना लेकर सोना भी अच्छा लगता है। बच्चों को सोने से पहले सॉफ्ट म्यूजिक सुनना बहुत अच्छा लगता है और उसे सुनने से उनके दिमाग का विकास भी होता है इसीलिए तो बरसों से चलता आ रहा लोरी का एक अपना ही महत्व है।
5. छोटे बच्चे (6 माह से 1 साल के बीच) रात में दूध के लिए जरूर उठते हैं। धीरे-धीरे उसका भी एक समय बनाते जाएं जिससे बच्चा और आप दोनों अच्छे से अपनी नींद पूरी कर सकें।
6. जैसे-जैसे बच्चा धीरे-धीरे बड़ा होता है, आप उसे बेड में जाने से पहले मुंह-हाथ धुलाकर ब्रश करना सिखाएं। कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। सोने से पहले उन्हें दूध जरूर दें। उन्हें उनका मनपसंद खिलौना दें।
7. उन्हें किताब से कहानी सुनाएं। शुरुआत में तो बच्चे को टाइम देना आवश्यक है, लेकिन धीरे-धीरे बच्चे को जब इस टाइम टेबल की आदत हो जाएगी तो आपके और बच्चे दोनों के लिए ही बहुत लाभदायक होगा।
8. शाम को उसे कोई हॉबी क्लास या बगीचे में घूमने के लिए ले जाएं जिससे बच्चा अपना समय टीवी और लैपटॉप में न देकर खेले-कूदे और थक जाए। ऐसा करने से उसे नींद अच्छी आएगी और जल्दी आएगी।

कोशिश करें कि धीरे-धीरे उसे अपने आप टाइम से बेड पर जाने की आदत हो जाए ताकि आप भी अपने आपको कुछ समय दे सकें।

# ऐसे करें अपने बच्चे को प्री-स्कूल भेजने की तैयारी

**अपने बच्चे को प्री-स्कूल या आंगनवाड़ी भेजना बहुत बड़ा कदम है और यह टेंशन भी पैदा करता है। यहां गाइड आपको बताएंगे कि आप क्या उमीद रखें, जब आप अपने बच्चे को पहली बार स्कूल लेकर जाएं।**

1. अपने बच्चे से प्री-स्कूल या आंगनवाड़ी के बारे में बात करें, उन्हें समझाने की कोशिश करें कि आप उसे अपने से दूर नहीं भेज रही है। उनसे उनके व्यहवार के बारे में बात करें और मूल बातें सिखाएं।
2. स्कूल के पहले दिन के लिए क्या-क्या आवश्यक है, इस बारे में पता करें- जैसे पढ़ने का समय, नाश्ते का समय आदि ताकि आप उन्हें समझा सकें कि स्कूल से वे क्या उम्मीद रखें।
3. स्कूल की जरूरत की चीजें खरीदने में मजा लाए जैसे आपके बच्चे के पसंदीदा कार्टून की पेंसिल खरिदें, अपने बजट का ध्यान रखें।
4. एक रात पहले उनसे पूछे कि स्कूल को लेकर उनके मन में क्या सवाल है?
5. उन्हें स्कूल छोडने जाएं और जब स्कूल खत्म हो तब स्कूल के बाहर उनका इंतजार करें।
6. अपने बच्चे की टीचर से हर रोज बातचीत करते रहे, उनसे समय-समय पर मिलकर बच्चे के बारे में जानकारी लें। इससे आपके बच्चे को स्कूल में नई सफलता मिलने लगेंगी। पता करें कि आप ऐसा क्या कर सकती है, जिससे आपके बच्चे और उसकी टीचर को मदद मिले।
7. अपने बच्चे से रोज पूछे कि उसने स्कूल में क्या किया? आपके बच्चे को पता होना चाहिए की स्कूल कितना जरूरी है।



**लगभग 96 प्रतिशत महिलाएं दिन में एक बार किसी-न-किसी बात पर अपराध बोध महसूस करती हैं। वो कौन-सी बातें हैं, जिनके लिए हम खुद को दोषी ठहराती हैं और क्या है इस अपराध बोध से निकलने का तरीका।**

# पछताना छोड़ें खुश रहना सीखें

क्या दिन में कम-से-कम एक बार आप इस बात का अफसोस जताती हैं कि मेरा वजन जरूर बढ़ गया है या फिर आज फिर से घर की सफाई को अधूरा छोड़कर मैं ऑफिस आ गई। अगर इन सब सवालों का जवाब हां में है, तो घबराएं नहीं। अधिकांश महिलाओं का यह स्वभाव होता है। पर परेशानी की बात यह है कि हर चीज के लिए खुद को दोषी ठहराने की हमारी आदत धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित होती जाती है। हर बिगड़े हुए काम के लिए खुद को लगातार दोषी ठहराने की आपकी यह आदत आपको अवसाद के घेरे में भी ले सकती है। बेहतर तो यह होगा कि इन अवसादों से उबरने का तरीका आप सीख लें।

## बच्चों के साथ वक्त नहीं बिता पाती

अधिकांश काम-काजी मां का यह मानना होता है कि वे ऑफिस की अपनी जिम्मेदारियों और बच्चों की जिम्मेदारी के बीच सही संतुलन नहीं बना पाई हैं। पर सवाल यह है कि ऑफिस में रहकर बच्चों को वक्त न दे पाने का अफसोस जताने से न तो बच्चों के साथ आप वक्त बिता पा रही हैं और न ही ऑफिस की जिम्मेदारियों को पूरा करने में आप अपना 100 प्रतिशत दे पाएंगी। इस समस्या का एकमात्र हल यह है कि आप जो भी काम वर्तमान में कर रही हैं, उसे अपना 100 प्रतिशत दें। अगर ऑफिस में हैं तो वहां की जिम्मेदारियां पूरी तन्मयता से पूरी करें और अगर घर पर हैं तो बच्चों को पूरा वक्त दें।

## वजन कम ही नहीं कर पा रही

70 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं कभी-न-कभी डाइटिंग करती हैं, बावजूद इसके कि उन्हें वजन कम करने की जरूरत हो या नहीं। अगर आप वाकई स्लिम और खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो इस दिशा में आपको गंभीर प्रयास करना होगा। नियमित एक्सरसाइज करें या फिर जिम जाने के लिए वक्त निकालें। साथ ही इस बात को स्वीकारें कि वजन कम करना या फिर बढ़ाना आप पर पूरी तरह से निर्भर करता है, इसलिए खुद को दोष देने की जगह इस दिशा में प्रयास करें।

## शॉपिंग में कुछ ज्यादा ही पैसे खर्च कर दिए

हर महिला को शॉपिंग करने में मजा आता है, पर कई लोग ढेर सारे शॉपिंग बैग के साथ घर लौटने के बाद अपराध बोध से ग्रस्त हो जाते हैं। पर आपको यह समझना होगा कि जब परिवार के अन्य सदस्यों पर खर्च करने से आपको किसी तरह का अपराध बोध नहीं होता, तो फिर खुद पर खर्च करने के बाद पछतावा क्यों? दूसरी बात यह भी है कि अगर आप शॉपिंग के दौरान खरीदे गए सामानों पर गौर करेंगी, तो पाएंगी कि आप सिर्फ उन्हीं चीजों पर खर्च कर रही हैं, जिसकी आपको वाकई जरूरत है।

## कभी टाइम पर नहीं पहुंच पाती

कभी-कभार, स्थिति ऐसी पैदा हो जाती है कि लाख कोशिशों के बावजूद हम वक्त पर नहीं पहुंच पाते हैं। कभी-कभी हमारी इमेज ही लेट-लतीफ वाली बन जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि हम अपराधबोध से ग्रस्त हो जाती हैं। ऑटो या बस में बैठकर और जाम में घंटों फंसे रहकर इस बात का अफसोस करने से कोई फायदा नहीं है कि आप लेट पहुंचने वाली हैं। कभी-कभार अपनी गलती के बिना भी आप किसी मीटिंग में देर से पहुंच सकती हैं। ऐसी घटनाओं के लिए खुद को दोष देना बंद करें।

## खुद के लिए वक्त नहीं मिलता

सुपर वुमेन बनने की चाहत या मजबूरी के चलते महिलाओं को अक्सर खुद के लिए ही वक्त नहीं मिलता। फिर धीरे-धीरे शुरू होता है इस बात का अफसोस कि अपनी मनपसंद किताब पढ़े सालों बीत गए या फिर पार्लर जाने के लिए वक्त ही नहीं मिलता। पर आपको इस बात को समझना होगा कि कभी-कभार कुछ ना करना भी जरूरी है ताकि आप शारीरिक और मानसिक रूप से ऊर्जावान बन सकें।



# रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड में किन चुनौतियों से जूझे जिमी शेरगिल?

अभिनेता जिमी शेरगिल अपनी आगामी वेब सीरीज के लिए सुर्खियों में हैं। उनकी आगामी सीरीज रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड पुलवामा में हुए आतंकी घटना के परिणाम और उसके बाद भारतीय वायुसेना की जवाबी कारवाई पर आधारित है। इंटरव्यू में जिमी शेरगिल ने इस सीरीज को अदा करते वक्त आई चुनौतियों का जिक्र किया। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी किस तरह निभाई।

## किरदार की चुनौती पर बोले जिमी

26 फरवरी 2019 को बालाकोट में भारतीय वायुसेना ने घुसकर आतंकियों का खात्मा किया था। यह पुलवामा में हुए आतंकी घटना के बाद भारत की जवाबी कारवाई थी। संतोष सिंह द्वारा निर्देशित यह सीरीज बालाकोट में भारतीय वायुसेना द्वारा किए गए जवाबी कारवाई के इर्द-गिर्द है। इस दौरान हुए घटनाक्रमों को यह सीरीज दर्शकों तक पहुंचाएगी। एएनआई को दिए एक इंटरव्यू के मुताबिक, जिमी शेरगिल ने कहा कि इस सीरीज के जरिए वायुसेना के जवानों के साहसिक कार्यों को जनता के सामने लाया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारे जवान हमारी सुरक्षा के लिए काफी कुछ करते हैं। इनका चेहरा या इनका नाम कुछ भी बाहर नहीं आता। ऐसे में इस पर सीरीज बनाकर लोगों तक पहुंचा पाना एक बड़ी चुनौती है।

## सीरीज में नजर आएंगे ये सितारे

इस सीरीज में जिमी के साथ कई और अन्य जाने-माने कलाकार काम कर रहे हैं। लारा दत्ता, आशुतोष राणा और आशीष विद्यार्थी समेत अन्य कलाकार इसमें अभिनय करते नजर आएंगे। मशहूर अभिनेत्री लारा दत्ता एक बार फिर से ओटीटी पर धमाल मचाने आ रही हैं। उन्होंने सीरीज के बारे में जानकारी देते हुए कहा, ये सीरीज सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसने कई मायनों में भारत के लिए इतिहास बदल दिया।

## जियो सिनेमा पर होगी रिलीज

यह सीरीज 25 अप्रैल को जियो सिनेमा पर रिलीज की जाएगी। इसमें भारतीय वायुसेना का साहस और पराक्रम देखने को मिलेगा। इसका निर्माण स्फीयरऑरिजिन्स मल्टीविजन प्राइवेट लिमिटेड के संजय वाधवा और कोमल संजय डब्ल्यू ने किया है।



# मानसिक सेहत पर जागरुकता फैलाना मुश्किल

**सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री के साथ-साथ एक स्टाइल आइकन भी हैं। अपने फैशन सेंस की वजह से वो अक्सर चर्चाओं में बनी रहती हैं। अभिनय और फैशन के अलावा सामंथा शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य पर भी काफी ध्यान देती हैं। वह अक्सर इन विषयों पर बात करते नजर आती हैं। अब उन्होंने इन विषयों पर जागरुकता फैलाने के दौरान आने वाली समस्याओं पर बात की है।**

सामंथा को पसंद करने वालों की सूची काफी लंबी है। द फैमिली मैन के बाद उन्होंने साउथ के अलावा हिंदी बेल्ट में भी अपनी पकड़ मजबूत की है। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभी 34 मिलियन से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं। सामंथा समय-समय पर सामाजिक जागरुकता पर बात करती रहती हैं। एक ताजा पॉडकास्ट पर उन्होंने अपने फैंस का ध्यान एंटरटेनमेंट से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की ओर ले जाने में होने वाली परेशानियों बात की है। अभिनेत्री ने कहा, मेरे पास जो फैन बेस है, वो ज्यादातर मनोरंजन, फैशन और मेक-अप में दिलचस्पी रखते हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों की सोच को बदलने और एक अच्छा परिवर्तन लाने के लिए धैर्य रखने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर लोगों का ध्यान आकर्षित कराने के लिए वह पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। लोगों में सकरात्मक परिवर्तन लाने के लिए वह हर मुमकिन कोशिश करेंगी। इस दौरान उन्होंने लोगों से काम के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य को लेकर भी जागरुक रहने को कहा।

## जलवायु परिवर्तन पर भी की थी बात

सामंथा लगातार सामाजिक जागरुकता पर बात करती रहती हैं। बीते दिनों ही उन्होंने जलवायु परिवर्तन को लेकर अपने फैंस को भी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया था। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर किए एक पोस्ट के जरिए उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर फैंस को निर्णायक कदम उठाने के लिए जागरुक किया था। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था, हर छोटी से छोटी कोशिश भी मायने रखती है, हर छोटा निर्णायक कदम महत्वपूर्ण है। मैं खुद से और आप सभी से ऐसे छोटे-छोटे कदम उठाने का आग्रह करती हूं।



# बॉलीवुड में अपनी बेइज्जती झेल चुकी हैं परिणीति

परिणीति चोपड़ा चोपड़ा अपनी हालिया रिलीज फिल्म अमर सिंह चमकीला को लेकर खूब चर्चा में चल रही हैं। अमर सिंह चमकीला के बाद से परिणीति का स्टारडम सातवें आसमान पर पहुंच गया है और एक बार लोगों के बीच उनकी चर्चा भी तेज हो गई है। अभिनेत्री ने अपने संघर्ष के दौर को याद करते हुए कहा कि मैं मीडिल क्लास फैमिली से आती हूं और ज्यादा उम्मीदें नहीं रखती हूं। परी ने आगे बताया कि उन्हें एक को-स्टार ने भी खूब जलील किया था और कहा था कि अगर पैसे नहीं थे तो इस प्रोफेशन में नहीं आना चाहिए था। परी ने यह भी बताया कि लोगों ने कपड़ों से लेकर उनकी बॉडी तक को लेकर भी काफी जज किया था। अभिनेत्री ने बताया कि बॉलीवुड में आना उनके लिए बहुत आसान नहीं रहा है।



# माता-पिता की वजह से मृणाल ने ठुकरा दी थीं कई फिल्में

मृणाल ठाकुर हर किरदार बखूबी अदा करती हैं। अपनी इसी खूबी के चलते वह दर्शकों पर असर छोड़ती हैं। जर्सी से लेकर सीता रामम और हाय पापा तक, कई फिल्मों के जरिए उन्होंने खुद को साबित किया है। हालांकि, मृणाल की जिंदगी में एक ऐसा भी समय था, जब उन्हें कई सारी फिल्में सिर्फ इसलिए रिजेक्ट करनी पड़ीं, क्योंकि उनके अभिभावकों ने इनकार किया था। अभिनेत्री ने इसकी वजह भी बताई है।

## कई फिल्मों के लिए कर दिया इनकार

मृणाल ठाकुर के करियर में ऐसा समय था, जब उन्हें कुछ फिल्में रिजेक्ट करनी पड़ीं। इसकी वजह थी इंटीमेट सीन। दरअसल, मृणाल ठाकुर के पास जिन फिल्मों के ऑफर आ रहे थे, उनमें इंटीमेट सीन की दरकार थी। वहीं, उनके माता-पिता इस चीज को लेकर सहज नहीं थे। हालांकि, आगे चलकर एक वक्त ऐसा आया कि अभिनेत्री ने अपने माता-पिता को यह समझाया कि वह इस तरह स्क्रिप्ट्स को रिजेक्ट नहीं करती रह सकतीं।

## माता-पिता के साथ बैठकर की चर्चा

मृणाल का कहना है, मैं वास्तव में वैसे सीन करने में सहज नहीं थी, जो इंटीमेट थे। उन्होंने आगे कहा कि उनके अभिभावकों ने भी इसकी इजाजत नहीं दी। लेकिन, फिर एक ऐसा समय आया कि उन्हें अपने माता-पिता से इस बारे में बात करनी पड़ी। मृणाल ने कहा, मैं डरी हुई थी। मैं सिर्फ फिल्मों को न कह रही थी। लेकिन, कब तक न कहती रहती? एक ऐसा वक्त आया, मुझे अपने माता-पिता के साथ बैठकर चर्चा करनी पड़ी। उन्हें बताया, पापा, कभी-कभी ये चीजें होती हैं, इसलिए मैं फिल्म मिस नहीं कर सकती। ये मरा चयन नहीं है। मृणाल ने कहा कि उन्होंने अपने पेरेंट्स को यह भी यकीन दिलाया कि वह खुद भी ऐसे सीन करने में सहज नहीं हैं।

## मैं फिल्में छोड़ती रही


मृणाल ने आगे कहा, जितना मैं एक फिल्म करने के लिए उत्साहित थी, मुझे वह छोड़नी पड़ रही थी, क्योंकि उसमें किसिंग सीन शामिल थे। लेकिन, एक कलाकार के रूप में आपको तैयार रहने की जरूरत है, क्योंकि कभी-कभी यह सीन और स्क्रिप्ट की मांग होती है। यदि आप सहज नहीं हैं, तो आप बता सकते हैं। आप इसके बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन मैं इस वजह से फिल्में छोड़ती रही। मृणाल को आखिरी बार फैमिली स्टार में देखा गया था।



# 'हनुमान' के निर्देशक प्रशांत के साथ बनी रणवीर की जोड़ी

फिल्म 'हनुमान' की सफलता के बाद एक इंटरव्यू के हिसाब से निर्देशक प्रशांत वर्मा इस फिल्म की सीक्वल से पहले प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स की दो और फिल्मों की तैयारियां करीब करीब पूरी कर चुके हैं। बताते हैं कि इस बीच उनकी फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह से हुई बातचीत के बाद इस यूनिवर्स से इतर एक और फिल्म की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसके चलते फिल्म 'हनुमान' की सीक्वल 'जय हनुमान' की शूटिंग में विलंब होने जा रहा है और अब इस फिल्म की शूटिंग अब अगले साल शुरू नहीं होगी। इसी साल की शुरुआत में 'अमर उजाला' से बात करते हुए प्रशांत वर्मा ने कहा, फिल्म 'जय हनुमान' से पहले प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स (पीवीसीयू) की दो फिल्में और रिलीज होंगी। एक तो 'अधीरा' होगी ही, दूसरी फिल्म जिसके बारे में मैं सबसे पहले 'अमर उजाला' को बता रहा हूं, वह फिल्म होगी 'महाकाली'। ये शक्ति का समाज से सामंजस्य बिठाती फिल्म है और इसका निर्देशन मैं एक महिला निर्देशक से करा रहा हूं।'

अब तक माना यही जा रहा था कि फिल्म 'जय हनुमान' की शूटिंग साल 2025 में शुरू हो जाएगी लेकिन बताते हैं कि फिल्म 'पुष्पा' और 'पुष्पा 2' बनाने वाली कंपनी मैत्री मूवीज ने इस बीच निर्देशक प्रशांत वर्मा को अपने लिए एक मेगा बजट फिल्म बनाने के लिए राजी कर लिया है। इस फिल्म का बजट करीब 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है और इस फिल्म के हीरो होंगे एक हिट की तलाश में भटक रहे अभिनेता रणवीर सिंह। रणवीर सिंह ने रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। उनके पास फिलहाल फरहान अख्तर की फिल्म 'डॉन 3' और सोनी पिक्चर्स की इंटरनेशनल फिल्म 'शक्तिमान' हैं, लेकिन दोनों की शूटिंग कब शुरू होगी, अभी तक तय नहीं है। प्रशांत वर्मा इन दिनों अपने नए कार्यालय के निर्माण में व्यस्त बताए जाते हैं। ये ऑफिस उन्होंने हैदराबाद में अपने पुराने ऑफिस के पास ही लिया है और इन दिनों इसको सजाने संवारने का काम तेजी से चल रहा है। करीब 25 लोगों की टीम इन दिनों 'अधीरा' और 'महाकाली' की तैयारियों को अंतिम रूप देने में दिन रात जुटी हुई है और फिल्म 'जय हनुमान' में हनुमान की भूमिका के लिए साउथ सिनेमा के एक बड़े सितारे को लेने की बात भी करीब करीब तय हो चुकी है।




# सिनेमाघरों में आते ही पस्त हुई रुसलान
## मैदान-बड़े मियां छोटे मियां का क्या है हाल

**सिनेमाघरों में आए दिन कोई न कोई फिल्म रिलीज होती है। इनमें से कई फिल्मों दर्शकों का दिल जीतने में सफल साबित होती हैं। वहीं, कई फिल्मों के हाथ बस असफलता लगती है। इन दिनों भी बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्में लगी हुई हैं, जिनका अब बोरिया बिस्तर समेटने के दिन आ गए हैं।**

इस शुक्रवार सिनेमाघरों में रिलीज हुई आयुष शर्मा अभिनीत फिल्म रुसलान सिनेमाघरों में आते ही पस्त हो गई है। वहीं, कई दिनों से सिनेमाघरों में लगी बड़े मियां छोटे मियां और मैदान दर्शकों को अब भी पसंद आ रही हैं। हालांकि, अब इन फिल्मों की कमाई में भी गिरावट देखने को मिल रही है।

बॉलीवुड अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। करण एल भूटानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। हालांकि, ये फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने में फेल साबित हुई है। इस फिल्म में आयुष एक बार फिर खुद को साबित करने में असफल दिखाई दिए हैं। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस के टिकट विंडो पर पहले दिन महज 55 लाख रुपये की ओपनिंग ली। वहीं, दूसरे दिन यानी कि शनिवार को फिल्म ने 85 लाख रुपये की कमाई की है। इसके साथ ही दो दिन में फिल्म ने 1.40 करोड़ की कमाई की है।

## बड़े मियां छोटे मियां

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां दर्शकों का अब भी मनोरंजन कर रही है। हालांकि गुजरते दिनों के साथ फिल्म




की कमाई में गिरावट देखी जा रही है। बड़े मियां छोटे मियां की कमाई अब लाखों में सिमट गई है। शुक्रवार यानी कि 16वें दिन 45 लाख रुपये की कमाई की थी। वहीं, 17वें दिन फिल्म ने 65 लाख रुपये की कमाई की है। इसी के साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन 59.55 करोड़ रुपये हो गया है।

## मैदान

अजय देवगन स्टारर मैदान भी दर्शकों को पसंद आ रही है। ये फिल्म भी मजबूती के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपने पैर जमाए हुए है। हालांकि फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन वक्त के साथ फीका होता दिख रहा है। मगर इस वीकेंड पर मैदान की कमाई में उछाल देखने की मिली है। 16वें दिन फिल्म मैदान ने 75 लाख रुपये की कमाई की थी। वहीं, बीते दिन शनिवार यानी कि 17वें दिन फिल्म ने 1.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसी के साथ ही मैदान का टोटल कलेक्शन 40.85 करोड़ रुपये हो गया है।

